ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 24 फरवरी 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2081 | 25 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**न्यूजीलैंड दबदबा कायम रखने व बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर





## चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, कोहली का 51वां शतक

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए।

भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन -शेष पृष्ठ दो पर

- इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर
- वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय भी बने कोहली

### पाकिस्तान की हार के दो कारण

**धीमी बैटिंग-** पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।

**स्पिनर्स की कमी-** पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वाड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को

## केंद्र एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में बदलाव को तैयार

### कानून मंत्री मेघवाल बोले हर मुद्दे की अच्छी तरह करेंगे जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी, जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो। केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी। दरअसल बिल की धारा 35ए वकील या वकीलों के संगठन को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोकती है। इसका उल्लंघन वकालत के पेशे का मिसकंडक्ट माना जाएगा और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि मौजूदा व्यवस्था: हड़ताल करने पर रोक नहीं, प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। वहीं प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की वजह से किसी का नुकसान होता है, तो बिल की धारा 45बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। अभी तक अपने मुवक्किल को धोखा देना ही प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। इसकी शिकायत बीसीआई से होती है। नए बिल में कानूनी व्यवसाई (धारा 2) की परिभाषा व्यापक बनेगी। इसमें कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ ही कॉर्पोरेट वकीलों, इन-हाउस परामर्शदाताओं, वैधानिक निकायों और विदेशी कानूनी फर्मों में कानूनी काम में लगे लोगों को भी कानूनी व्यवसाई माना -शेष पृष्ठ दो पर

**विरोध में थे बीसीआई समेत अधिकतर राज्यों के वकील**

**सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो**



### फैसले का बार काउंसिल ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार द्वारा एडवोकेट एमेंडमेंट विधेयक पर पुनर्विचार करने के निर्णय का स्वागत किया है, जबकि सरकार के निर्णय के बाद दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ले ली गई है। बता दें कि बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2025 के विरोध में सोमवार को हड़ताल का ऐलान किया था। बता दें कि केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग की ओर से 13 फरवरी को सार्वजनिक परामर्श और आम लोगों के लिए सुझाव के लिए मसौदा विधेयक पेश किया था, लेकिन मसौदा के सार्वजनिक होने के बाद इसका देश भर में विरोध शुरू हो गया था। इस बावत केंद्रीय कानून मंत्री को बार काउंसिल की ओर से पत्र भी दिया गया था।

**दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ली**

## भारत में अमेरिकी फंड से चल रहे सात प्रोजेक्ट: वित्त मंत्रालय का खुलासा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए हैं।

जहां ट्रम्प भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने के बयानों को दोहरा रहे हैं, वहीं भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) से अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, लेकिन इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिल रहा है। विदेशी सहायता पर नजर रखने वाले वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ताजा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये खुलासा हुआ है। इस बीच वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2008 के बाद से भारत को यूएसएड से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपये का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।



- ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए, वोटर टर्नआउट शामिल नहीं

### श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों नेकहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

## आप यह न समझें मेरे पास विकल्प नहीं: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर पार्टी के खिलाफ बगावती तेवर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद थरूर ने हाल ही में केरल की वामपंथी विजयन सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की तारीफ की थी। उन्होंने केरल में पार्टी नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठाए थे। इसके बाद पार्टी की केरल इकाई के मुखपत्र ने उन्हें नसीहत देते हुए लेख छापा था। थरूर ने इन विवादों पर एक मलयालम पॉडकास्ट में कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और न ही अपने विचार संकीर्ण रखे। उन्होंने विवादों पर मीडिया से बातचीत में रविवार को कहा कि नो कमेंट्स। भारत-पाकिस्तान के मैच का आनंद लीजिए।



- कांग्रेस के खिलाफ शशि थरूर ने अपनाए बगावती तेवर
- कहा मैं कांग्रेस के साथ, लेकिन कांग्रेस को जरूरत नहीं, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं

### टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल के उत्पादन पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विवादास्पद टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल से संबंधित औषधियों के उत्पादन पर तत्काल रोक लगा दी है। मंत्रालय ने रविवार देर शाम यहां बताया कि टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के संबंध में तुरंत कार्रवाई की गई है। इनका उत्पादन रोक दिया गया है। संबंधित दवा संयोजनों के लिए गतिविधि और उत्पादन रोकने का आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय ने भारतीय दवा निर्माता मेसर्स एवियो फार्मास्यूटिकल्स, मुंबई द्वारा पश्चिम अफ्रीका के कुछ देशों को टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के निर्यात रोकने का प्रस्ताव किया है।

### भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छू रहा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने देश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौवें रॉकेट लांच का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है। श्री मोदी ने अपने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले महीने देश इसरो के सौवें रॉकेट लॉन्च का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि स्पेस विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है।

### पांच साल से जेल में बंद रेप के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से जेल में बंद 24 साल के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि लड़की के साथ जो हुआ उसे इसकी पूरी समझ थी। वह अपनी मर्जी से आरोपी के पास गई थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि मामला भले ही पॉक्सो एक्ट के तहत था और पीड़िता नाबालिग थी, लेकिन लड़की अपने माता-पिता को बताए बिना घर छोड़कर आरोपी के साथ चार दिनों तक रही। मामले के फैक्ट्स को देखने से समझ आ रहा था कि उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि वो क्या कर रही है, उसने अपनी मर्जी से आरोपी के साथ चार दिन बिताए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच को पुलिस रिपोर्ट और लड़की के बाद में दिए गए बयानों में अंतर दिखा, जिसमें मेडिकल जांच के दौरान भी बदलाव था।

### अहमदाबाद में 8 व 9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा।

## विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके महाकुंभ में डुबकी

**महाकुंभनगर।** उप्र के सीएम योगी ने महाकुंभ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट करने के बाद कहा कि अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी।



- सीएम योगी ने महाकुंभ में साधु-संतों से की मुलाकात

## शत-प्रतिशत पूरा होगा महिलाओं से किया गया वादा: सीएम रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से रविवार को यहां कहा कि दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किए हैं, वे पूरे होंगे।

'आप' की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा।

- कहा 'आप' सरकार ने हमारे लिए खजाना खाली छोड़ा

### आतिशी दिल्ली विधानसभा में होंगी नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** 'आप' ने रविवार को ऐलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी रविवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज 'आप' के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से सुश्री आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना।

## मन की बात में पीएम ने उत्तराखंड की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य और विराट आयोजन पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से अपने 'मन की बात' कही।

उत्तराखंड की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने ये उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदान में भी उसका प्रदर्शन शानदार साबित हुआ। उनके कार्यक्रम का काफी हिस्सा उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा।



- प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभरने का किया जिक्र

**मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-**

मेरे प्यारे देशवासियों, आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीट ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड अब देश में स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड 7वें स्थान पर रहा। यही तो पावर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल -शेष पृष्ठ दो पर

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। देवभूमि से विशेष लगाव रखने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हृदय तल से आभार! इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

**- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**



حج عمره و زیارات

बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)

IATA | CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY

हज, उमराह, ज़ियारत

25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन

फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-

मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर | मदीना होटल: 800 मीटर पी0सी0 अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर

डाइरेक्ट फ्लाइट

होटल में रहना, खाना व ज़ियारत

मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।

हाजी आलम - 9756508234

एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।

मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577

दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157

E-mail:bismillah786@gmail.com

www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

## हमास को करीब 620 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करने की थी उम्मीद

यरूशलम, वार्ता

इज़रायल ने रविवार को फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी। इजरायल ने रविवार को सुबह यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी है, जिन्हें संघर्ष विराम समझौते के तहत रिहा किया जाना था, जब तक कि और बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

हमास द्वारा दिन में छह बंधकों को रिहा करने के बाद इज़रायल को लगभग 620 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करने की उम्मीद थी। ये छह बंधक तीन-चरणीय समझौते के पहले चरण में रिहा किए जाने वाले जीवित बंधकों का अंतिम समूह थे। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि निर्धारित फिलिस्तीनी बंदियों की रिहाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती, बिना अपमानजनक समारोहों के। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय हमास के बार-बार उल्लंघनों के बाद लिया गया है, जिसमें हमारे बंधकों का अपमान करने वाले अपमानजनक (बंधक रिहाई) समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए बंधकों का निंदनीय उपयोग शामिल है। हमास और इज़रायल दोनों पर बंदियों का प्रचार के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया गया है, जिसमें हमास ने मंच पर बंधकों की परेड कराई और इजरायल ने फिलिस्तीनी कैदियों द्वारा पहने गए कंगन और टी-शर्ट पर अपमानजनक शिलालेख चिपकाए और उन्हें अपमानजनक मुद्रा में फोटो खिंचवाया। इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं, जिनमें से आधे से अधिक की मौत हो चुकी है। वहीं इजरायल ने सीरिया-लेबनान सीमा चौकियों पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह पर हथियार तस्करी के लिए इन मार्गों का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

इजरायली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह ने 'अवैध रूप से हथियारों के स्थानांतरण' के लिए क्रॉसिंग का उपयोग किया। इन्हें 'इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन' कहा गया, जो 27 नवम्बर 2024 से प्रभावी है। आईडीएफ ने इजरायल ने हिजबुल्लाह को 'आतंकवादी संगठन' करार देकर उसकी सैन्य क्षमताओं को पुनर्निर्मित करने से रो. कने का संकल्प लिया है। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इजरायली हमलों ने सीरिया के बीहड़ कलामौन क्षेत्र में ठिकानों को निशाना बनाया। निगरानी संस्था ने इन स्थलों को सीरिया से लेबनान में हिज़्बुल्लाह के हथियारों के हस्तांतरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। अब तक कोई हताहत या नुकसान की सूचना नहीं मिली, न ही कोई आधिकारिक बयान आया।



इजरायली सेना ने लेबनान और सीरिया सीमा चौकियों पर किया हमला

इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं

### हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह दोबारा दफन होगा

**बेरूत।** हिजबुल्लाह के चीफ रहे हसन नसरल्लाह को करीब 5 महीने बाद फिर से दफनाया जा रहा है। इजराइल ने नसरल्लाह को 27 सितम्बर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में मार गिराया था। मौत के 7 दिन बाद उसे किसी सीक्रेट जगह पर दफन कर दिया गया था। अब उसे दक्षिणी बेरूत के एयरपोर्ट रोड के पास दफनाया जाएगा। बेरूत के कैमिली चामौन स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में नसरल्लाह को अंतिम विदाई दी जा रही है। इस स्टेडियम की क्षमता 50 हजार लोगों की है। नसरल्लाह की अंतिम विदाई में 65 देशों से लगभग 800 हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसमें कई शिया आर्गेनाइजेशन के साथ-साथ ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगैर गालिबाफ भी शामिल होंगे। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्से से हजारों हिजबुल्लाह समर्थक पहुंचे हैं।

### रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम



**मास्को।** रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रात एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। ये हमला 13 जगहों पर हुआ। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव, चेर्निहिव, मायकोलाइव और ओडेसा समेत कम से कम 13 इलाकों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं। बीबीसी के मुताबिक इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक ये साफ नहीं है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूस पर हमला किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने 20 ड्रोनों से हमला किया। लेकिन उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन की डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि उन्होंने 138 ड्रोन्स को मार गिराया है। जबकि 119 डिकाय ड्रोन थे। डिकाय ड्रोन हथियारों से लैश नहीं होते हैं। इनका इस्तेमाल दुश्मन का ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है।

# सीएम योगी के नाम एक और कीर्तिमान दर्ज

महाकुंभनगर।

महाकुंभ का इतिहास बहुत प्राचीन है, लेकिन आजाद भारत का पहला कुंभ 1954 में 14 जनवरी से तीन मार्च तक लगा था। इस दौरान प्रयागराज में कई बार अर्ध कुंभ और कुंभ का आयोजन किया गया, लेकिन अर्धकुंभ और कुंभ के आयोजन की तैयारियों का जमीनी स्तर पर समीक्षा करने के लिए अब तक 21 मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री बन गए है, जिन्होंने मेला की समीक्षा के लिए अब तक 18 बार प्रयागराज का भ्रमण कर चुके है।

आजादी के बाद प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत थे। वह दो से तीन बार प्रयागराज आकर पैदल एवं नाव से जायजा लेकर गये थे। इसके अलावा 20 मुख्यमंत्रियों में कुंभ और अर्ध कुंभ मेले को लेकर इतना गंभीर कोई अन्य मुख्यमंत्री नहीं रहा है जिसने जमीनी स्तर पर बार-बार पहुंचकर मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को किसी प्रकार की समस्या न हो जानकारी लेते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कां जनवरी से लेकर अब तक 12 बार मेले का दौरा किया। ऐसा करने वाले वह पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। इससे पहले अक्टूबर में महाकुंभ का लोगों जारी होने के बाद 23 फरवरी रविवार तक उनका 18वां दौरा है। योगी कई बार मेले की समीक्षा की जानकारी अधिकारियों से लेने प्रयागराज का दौरा करते रहे हैं, लेकिन विशेष गणमान्य राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, भूटान नरेश की अगवानी करने के लिए भी संगम नगरी पहुंचकर अनेकों बार आस्था की डुबकी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन चुके हैं।



महाकुंभ का सबसे अधिक 18 बार दौरा करने वाले बने पहले मुख्यमंत्री

### संबित पात्रा व कैलाश ने किया स्नान

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यत्मिक एवं संस्कृत समागम महाकुंभ में लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने रविवार को त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और महाकुंभ 2025 की भव्यता की सराहना की। उनके साथ प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भी स्नान कर आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखकर हुए अभिभूत हुए। संबित पात्रा ने कहा कि यहां आना और पवित्र डुबकी लगाना सौभाग्य की बात है। मैंने पुरी से प्रयागराज की यात्रा की और यहां आकर महसूस हुआ कि जन्मों के पुण्य से ही महाकुंभ संगम स्नान का अवसर मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष 'सेंसर' की तरह काम न करें: महबूबा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि 'सेंसर' की तरह काम करना। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की ओर से कुछ विधायकों द्वारा आगामी बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले कार्यों के संबंध में विधानसभा में प्रस्तुत किए गए नोटिसों को प्रचारित करने के खिलाफ व्यक्त की गई नाराजगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थीं। सुश्री महबूबा ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राथर साहब विधायी कार्यवाही की पवित्रता को लेकर चिंतित हो सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष का मुख्य कार्य सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, सेंसर का नहीं। उन्होंने कहा कि विधायी गतिविधियों में पारदर्शिता और सार्वजनिक जागरूकता को संसदीय प्रथाओं का उल्लंघन नहीं माना जाना चाहिए। इसके विपरीत, जनता को नोटिस, प्रश्नों और प्रस्तावों के बारे में सूचित करने से जवाबदेही बढ़ती है।

### भाईचारे की मज़बूती को काम करेगा मजलिसे मशावरत: नूरुल्लाह

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मशावरत (एआईएम एमएम), दिल्ली चैप्टर (पंजीकृत) ने देश में बढ़ते सामा. जिक तनाव और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिशों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने की दिशा में व्यापक अभियान चलाएगा। एआईएमएमएम की बैठक के बाद संगठन के अध्यक्ष सैयद नूरुल्लाह ने आज कहा कि देश इस समय एक गंभीर दौर से गुज़र रहा है, जहां विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के बीच सुनियोजित तरीके से तनाव फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। यह प्रवृत्ति समाज और देश दोनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व भारतीय समाज की गंगा-जमुनी तहज़ीब को नुकसान पहुंचाने की साज़िश में लगे हैं, जिसे हर हाल में नाकाम किया जाना चाहिए। सैयद नूरुल्लाह ने अमनपसंद भारतीयों से अपील की कि वे समाज में एकता और शांति बनाए रखने के लिए आगे आएं और विघटनकारी तत्वों की साजिशों को विफल करें।

### मणिपुर पुलिस ने बरामद किए हथियार चार गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में चार लोगों को गिरफ्तार करके हथियार बरामद किए हैं और तेंग्नौपाल, बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में चार एकड़ में लगी पोस्त की खेती को नष्ट कर दिया है। एक अधिक. ारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इंफाल-पूर्वी जिले के फुनाल मा. रंग गांव से हथगोले, नौ मिमी पिस्तौल और अन्य सामग्री जब्त की गई। तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में एक अन्य ऑपरेशन में, विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और पोम्पी गोले जब्त किए गए।

# असम सीएम का मुस्लिम मुखालिफ चेहरा फिर उजागर: रजवी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेल. वी ने आसाम विधानसभा की कार्यवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि आसाम की भाजपा सरकार ने एक बार फिर मुस्लिम मुखालफत का इजहार करते हुए विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे के दिन नमाज अदा करने के लिए 2 घंटे के वक्फा (शून्यकाल) के लिए 90 साल की परम्परा को खत्म कर दिया गया है। अगर चुने हुए विधायक ही अपने धार्मिक अधिकारों की अदायगी नहीं कर सकते हैं, तो असम राज्य के आम मुसलमानों के बारे में क्या कहा जा सकता है, ये बात हर शख्स सोच सकता है।

मौलाना ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा हमेशा मुसलमानों के खिलाफ जहरीले बयान देते हैं, कभी वो एनआरसी के नाम पर आसाम और बंगाल के मुसलमानों को डराते हैं, तो कभी सीएए के नाम पर पूरे भारत के मुसलमानों को डराने की को. शिश करते हैं। मौलाना ने आगे कहा कि विधानसभा में जुमे के दिन 2 घंटे की छूट 1937 से चली आ रही है, ये छूट कोई नई परम्परा नहीं है, जो कि 90 सालों से चली आ रही है।



विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे की नमाज के लिए 90 साल की परम्परा खत्म कर दी गई

# चीन से आने वाले सामान पर शुल्क लगाए मेक्सिको: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने मेक्सिको से चीन से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क लगाने को कहा है, ताकि मेक्सिको से आने वाले सामानों पर अमेरिकी शुल्क लागू होने से बचा जा सके। ब्लूमबर्ग ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानक. ारी दी।

सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि अमेरिका व मेक्सिको के प्रतिनिधि मंडलों ने गुरुवार को वाशिंगटन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में अमे. रिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक भी शामिल थे। उन्होंने चीन पर मेक्सिको के शुल्क के बारे में बात की। मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने किया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मेक्सिको ने चीन के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। बैठक व्यापार और शुल्क मुद्दों का अध्ययन जारी रखने के लिए दोनों देशों के एक कार्य समूह बनाने के समझौते के साथ समाप्त हुई। ट्रम्प ने पहले कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए थे। मेक्सिको से आने वाले सामानों पर भी शुल्क 25 प्रतिशत होगा, लेकिन सोमवार को ट्रम्प ने देश के अधिका. रियों के साथ बातचीत करने के लिए एक महीने के लिए शुल्क को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से

लखनऊ, वार्ता

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की तैयारी माध्यमिक शिक्षा विभाग ने की है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

परीक्षार्थियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ मनोचिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श भी दिया जाएगा ताकि छात्र परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके तहत हर परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गयी है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव का प्रभाव अक्सर गंभीर समस्याओं का रूप ले लेता है। ऐसे में परीक्षार्थियों के लिए मनोचिकित्सा परामर्श सेवा की भी व्यवस्था की है।

### परीक्षार्थियों के डाटा अपलोडिंग में गलतियों की भरमार

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के आवे. दन फॉर्म भरते समय ऑनलाइन डाटा फीडिंग में निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने बड़ी लापरवाही की है। इससे रविवार को भी राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में कई निजी स्कूल प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि बच्चों के नाम और विषय में हुई त्रुटि को सुधरवाने के लिए पहुंचे हैं। कई स्कूल प्रबंधकों ने इसके लिए माफी भी मांगी है। बता दें इससे पहले जब ऑफलाइन प्रक्रिया होती थी, तो सभी त्रुटियों को बोर्ड के माथे मढ़ दिया जाता था, लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन फार्म भरे जाते हैं।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# वैश्विक बाजारों का सेंसेक्स निफ्टी पर रहेगा असर



मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 628.15 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.35 अंक यानी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ बढ़ोतरी के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी गई है। यह तनाव भारतीय बाजारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही पिछले सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली देखी गई है, जिससे बाजार में दबाव बना है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो आगे भी सेंसेक्स और निफ्टी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। एफआईआई फरवरी 2025 में अबतक कुल 36976.70 करोड़ रुपये बाजार से निकाल चुके हैं। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव भी घरेलू बाजारों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7. 7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दाल व मीठे में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दाल और मीठे में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 124 रिंगिट उबलकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा।

इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चैंपियंस ट्रॉफी....**

बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। को. हली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बाल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

**केंद्र एडवोकेट...**

जाएगा। अभी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस करने वालों को ही कानूनी व्यवसाई माना जाता है। एक्ट 1961 की धारा 4 में संशोधन का प्रस्ताव है। इससे केंद्र को बीसीआई में निर्वाचित सदस्यों के साथ 3 सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे केंद्र कानून के प्रावधानों को लागू करने में बीसीआई को निर्देश दे सकेगी। मौजूदा स्थिति में बीसीआई के सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। बिल में एक नई धारा 33ए जोड़ी गई है। इसके मुताबिक अदालतों, ट्रिब्यूनल और अन्य प्राधिकरणों में वकालत करने वाले सभी वकीलों को उस बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा, जहां पर वे वकालत की प्रैक्टिस करते हैं। शहर बदलने पर वकील को 30 दिन के अंदर बार एसोसिएशन को बताना होगा। कोई वकील एक से ज्यादा बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं हो सकेगा। वकील को केवल एक ही बार एसोसिएशन में मतदान करने की अनुमति होगी। इसे वकील उनकी आजादी और वोट के अधिकार में केंद्र का दखल मान रहे हैं। अभी वकील एक साथ कई बार एसोसिएशन का सदस्य हो सकते हैं। सभी के चुनाव में वोट कर सकते हैं।

**मन की बात...**

और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स ने ये भी दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता। आज देश-भर में इन खेलों के कुछ यादगार प्रदर्शनों की खूब चर्चा है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सर्विस की टीम को मेरी बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूं।

# गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के शौकीन पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा से गुलमर्ग में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

कई स्कीयर हेली-स्कीइंग को प्राथमिकता देते हैं, भले ही उनके पसंदीदा स्थान सुलभ हों, लेकिन उच्च ऊंचाई वाले शुरुआती लबदुओं तक परिवहन की कमी के कारण उन्हें अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह नई सेवा उस समस्या का समाधान करेगी और उनके अनुभव को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज से न केवल हेली-स्कीइंग शुरू हो गई है, बल्कि जो पर्यटक दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आ रहे हैं, वे गुलमर्ग में अफरवत और सनशाइन चोटी सहित ऊंची चोटियों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इस बार हेलीकॉप्टर सेवा केवल सर्दियों के दौरान नहीं बल्कि पूरे साल पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलमर्ग अब न केवल गोंडोला केबल कार की सवारी, बल्कि साल भर पर्यटकों के लिए हेली-स्कीइंग और हेलीकॉप्टर सफारी सेवा के लिए भी जाना जायेगा और इससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम अभी विंटर गेम्स की तिथि की घोषणा करने की स्थिति में नहीं हैं। छब्बीस फरवरी के आसपास और तीन दिनों तक हिमपात होने का अनुमान है और उसके बाद स्की फेडरेशन के विशेषज्ञ ढलानों की जांच करेंगे और अगर उन्हें लगता है कि विंटर गेम्स आयोजित करने के लिए पर्याप्त बर्फ है, तो हम तारीखों की घोषणा करेंगे। मैं चाहता हूं कि अगर इस अवधि के दौरान पर्याप्त हिमपात होता है, तो खेल मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित किए जा सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## सीएम धामी का त्यूनी में 'मुख्य सेवक संवाद–आपके द्वार' कार्यक्रम

# प्रदेश में तीर्थाटन और रोजगार को दिया जा रहा बढ़ावा: सीएम

**हनोल के मास्टर प्लान को आवश्यकता अनुसार दिया जाएगा विस्तार**
**जो वचन देवतुल्य जनता से किया वो सारे वचन पूरे किए हैं: धामी**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** त्यूनी जौनसार–बावर में आयोजित मुख्य सेवक संवाद–आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिलाओं को किट वितरित की।

मुख्यमंत्री ने महासू महाराज की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें, टोंस की तट पर स्थित आध्यात्मिक चेतना विशिष्ट परंपराओं की भूमि में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा 2022 विधानसभा परिणाम से पहले उन्होंने महासू महाराज के दर्शन किए थे। ऐसे धाम में कोई भी देवों की इच्छा के बिना नहीं आ सकता है। उन्होंने कहा वो स्वयं महासू महाराज के अनन्य भक्त हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने जौनसार बाबर में विभिन्न विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया है। इस क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य आरंभ किए गए हैं। महासू महाराज मंदिर परिसर के पुनर्निर्माण के लिए 120 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**महासू महाराज मंदिर परिसर के पुनर्निर्माण के लिए 120 करोड़: सीएम**

मास्टर प्लान के बाद यहां तीर्थाटन और रोजगार बढ़ेंगे। राज्य सरकार विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान, विधायक पुरोला दुर्गेश्वर लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, जिला पंचायत सदस्य मठोर सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल, पूर्व एस. टी आयोग अध्यक्ष मूरत राम शर्मा, सचिव रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, प्रधान राजा राम शर्मा, प्रताप सिंह रावत, एसडीएम कालसी गौरी प्रभात आदि मौजूद रहे।

### हनोल मास्टर प्लान से आएगी समृद्धि: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा हनोल के मास्टर प्लान पर जिस प्रकार की आवश्यकता है, उसे विस्तार दिया जाएगा। अभी इस मास्टर प्लान की शुरुआत है। हनोल मास्टर प्लान से इस क्षेत्र में बहुत बड़ी समृद्धि आने वाली है। प्रधानमंत्री की भी प्राथमिकता में यह पूरा क्षेत्र है। भविष्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस क्षेत्र में आएंगे जिससे यहां रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा केदारखंड, मानसखण्ड में श्रद्धालुओं की निरंतर संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार विकास नगर में यमुना धाम और हरिपुर नगर बना रही है।

### महासू मंदिर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को महासू मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। उन्होंने जौनसार बावर की संस्कृति पर आधारित विभिन्न लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वयं भी हारूल तांदी लोकनृत्य किया। उन्होंने मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी बांटा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विरासत के साथ विकास को आगे बढ़ा रही है। एक ओर जहां मंदिर परिसर का भव्य निर्माण कार्य कर हम विकास करेंगे वहीं इससे हमारी देवभूमि की विरासत भी संरक्षित होगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हम अपनी लोक संस्कृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# वन मंत्री ने किया आस्था पथ का शिलान्यास




शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेन्द्रनगर प्रखंड तहत क्यार्की व नीर ग्राम पंचायतों के सघन भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं की मौके पर सुनवाई कर उनके तत्काल व प्रभावी निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

**ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, तत्काल कराया निराकरण**

भ्रमण के दौरान क्षेत्र में विकास कार्यो की स्थलीय जानकारी, नागरिक सुविधाओं के लाभ व सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादन के सम्बन्ध में ग्रामीणों को मौके पर सुना। इस दौरान मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण जनता की समस्याओं को सकारात्मक तौर पर निस्तारण का निर्देश दिया। भ्रमण कै दौरान ग्राम पंचायतों में विधायक निधि से कराये जा सकने वाले लगभग 30.00 लाख रुपए तक की लागत के विकासशील कार्यों की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा तपोवन क्षेत्र में रूपये 1219.93 लाख की लागत से लक्ष्मणझूला से गऊघाट व आस्था पथ के शिलान्यास किया। सिंचाई विभाग का नरेन्द्रनगर खंड इस कार्य को पूरा करेगा। इस अवसर पर जनप्रति. निधिगण, विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# उत्तराखंड सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की देश भर में धूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हैदराबाद में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कार्यक्रम में उत्तराखंड की धामी सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं की धूम रही। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को समर्पित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**■ टेलीमेडिसिन क्रांति पर डॉ. आर. राजेश कुमार को मिला प्रतिष्ठित सम्मान**

स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से सुदूर गांव के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह प्रयास टेलीमेडिसिन से ही संभव हो पाएं हैं। हैदराबाद में तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला 'टेक्नोलॉजी सभा' का आयोजन किया था। इस कार्यशाला में देश भर के स्वास्थ्य सचिव, नगर निकायों के अधिकारी तथा कॉरपोरेट जगत के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक एवं राजकीय क्षेत्र में डिजिटाइजेशन, टेक्नोलॉजी के प्रयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग पर मंथन किया गया ताकि इस तकनीक का लाभ आम जनता को मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान सरकार के दृष्टिकोण को साझा करते हुए स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार कहा कि उत्तराखंड डिजिटल सेवाओं और एआई का लाभ स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही सामाजिक और सरकारी क्षेत्रों में भी सतत विकास और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए कर रहा है। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से राज्य के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के सरकार के मिशन को सफलता मिली है।

# 130 करोड़ के गबन मे आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नेहरू कॉलोनी थाने पर सुनील कुमार मलिक, अपर परियोजना प्रबन्धक उत्तरप्रदेश राजकीय निर्माण निगम इकाई–1 द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया कि वर्ष 2018–19 से पूर्व के प्रकरणों में वित्तीय अनियमितता–गबन से संबंधित प्रकरणों में विभागीय जांच के उपरांत पाई गई करोड़ों रुपए के गबन–अनियमितता पाई गई जिसके बाद पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को खिलाफ संगीत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए हैं स

अपर परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य के निर्माण निगम इकाई एक के सुनील कुमार मलिक ने बताया कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखण्ड में 15 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण एस.पी.ए. योजनान्तर्गत ग्राहक द्वारा 15 संस्थानों हेतु एकमुश्त रू 1517.50 लाख धन अवमुक्त किया गया, जिसमें भूमि उपलब्ध न होने के कारण 06 अनारम्भ संस्थानों क्रमशत बसुकेदार चिरबटिया, बडावे, थल, गंगोलीहॉट तथा कठपुडियाछीना हेतु निर्गत धनराशि रू 600.16 लाख को आई. यू.टी. के माध्यम से अन्य विभागों के कार्यों पर व्यय कर दिया गया है, जिसका समायोजन वर्तमान तक नहीं हो पाया है। जिस पर थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण (1)–शिव आसरे शर्मी पुत्र विश्वनाथ राय तत्कालीन परियोजना प्रबन्धक (अतिरिक्त महाप्रबन्धक के पद से सेवानिवृत) ग्राम व पोस्ट ठोकमा जनपद आजमगढ (उ0प्र0) पत्राचार पता 71/386 राजपुर रोड देहरादून (2)–प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र सत्यदेव शर्मा तत्कालीन परियोजना प्रबन्धक (अतिरिक्त महाप्रबन्धक के पद से सेवानिवृत) स्थाई पता रोड न0 4 म0न0 19 जयदेव पार्क पूर्वी पंजाबी बाग नई दिल्ली, (3)–वीरेन्द्र कुमार रवि पुत्र सुखलाल सहायक लेखाधिकारी स्तर 2 (बर्खास्त एव सेवानिवृत) स्थाई पता सरकडा खेडी पोस्ट भोजपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उ0प्र0 के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी में, धारा 420/409 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

वहीं उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि डिजास्टर रिलीफ सेन्टर्स के निर्माण कार्य हेतु भूमि प्राप्त हुए बिना ग्राहक से प्राप्त धनराशि रु 428.00 लाख गबन व वित्तीय अनियमिताएं पर अभियुक्तगण (1)– प्रदीप कुमार शर्मा (2)– वीरेन्द्र कुमार रवि के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनीधारा 420/409 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उत्तराखण्ड राज्य के पर्यटन विभाग के निर्माण कार्य बिना सेन्टेज के कराए जाने पर 159.85 लाख का गबन वित्तीय अनियमिताएं पर अभियुक्तगण (1)–शिव आसरे शर्मी, (2)–प्रदीप कुमार शर्मा, (3)–राम प्रकाश गुप्त I के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी में धारा 420/409 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। चौथा मुकदमा दर्ज कराते हुए सुनील कुमार मलिक ने बताया कि अभियुक्तगण द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन न करते हुए अनुचित लाभ पहुँचाने की नीयत से रूपया 10971.65 लाख धनराशी का गबन व वित्तीय अनियमिताएं करने पर अभियुक्तगणों (1) शिव आसरे शर्मा, (2)–प्रदीप कुमार शर्मा,(3)– राम प्रकाश गुप्ता, (4) वीरेंद्र कुमार रवि के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी में , धारा 420/409 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अलावा नेहरू कॉलोनी थाने पर दर्ज कराई के मुकदमे में सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तगण द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन न करते हुए दून मेडिकल कालेज देहरादून के ओ.पी.डी. ब्लाक मे कार्य अनुचित लाभ पहुँचाने की नीयत से रूपया 993.00 लाख धनराशी गबन, वित्तीय अनियमिताएं करने पर अभियुक्त सतीश कुमार उपाध्याय के खिलाफ धारा 420/409 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन न करते हुए के निर्माण मे कार्य अनुचित लाभ पहुँचाने की नियत से रूव 562.785 लाख धनराशी गबन कर वित्तीय अनियमिताएं करने पर अभियुक्त प्रदीप कुमार शर्मा के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी में धारा 420/409 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी ने बताया कि दर्ज कराए गए मुकदमों से संबंध सभी प्रकरण वर्ष 2018–19 से पूर्व के हैं, सभी प्रकरणों में विस्तृत विभागीय जांच पूरी होने पर कुल लगभग 130 करोड़ की वित्तीय अनियमिताएं/गबन किया गया है उन्होंने बताया की विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश पाएंगे उसके बाद ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम से सराहना देवभूमि के लिए गौरव की बात: रेखा आर्या

मुख्य संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 119वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने रविवार को राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर चर्चा की। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आयोजन और यहां के खिलाड़ियों की प्रधानमंत्री द्वारा तारीफ करने को देवभूमि के लिए गौरव का क्षण बताया है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और कई नेशनल रिकॉर्ड ब्रेक करके भविष्य के लिए देश की उम्मीदें जगा दी हैं।प्रधानमंत्री जी ने इन खेलों में उत्तराखंड की टीम के सातवें नंबर पर रहने की तारीफ करते हुए कहा कि उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी। रविवार को प्रयागराज में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मुखारविंद से सफल आयोजन की प्रशंसा में निकले शब्द हमारे लिए सबसे बड़ा पारितोषिक है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जिस तरह राष्ट्रीय खेलों में रिकॉर्ड तोड़ने वाले खिलाड़ियों और अपने प्रदर्शन से दर्शकों को चमत्कृत कर देने वाले खिलाड़ियों के नाम उद्धत करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया, वह दिखाता है कि प्रधानमंत्री जी खेल और खिलाड़ियों को लेकर कितने संवे. दनशील हैं।



**■ मन की बात के 119 वें एपिसोड में मोदी ने राष्ट्रीय खेलों पर की चर्चा, प्रधानमंत्री ने की आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना**

प्रधानमंत्री जी ने उत्तराखंड को `जतवदह `चवतजपदह वितबम कहकर संबोधित किया। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि देवभूमि की पहचान अब खेल भूमि के रूप में बन चुकी है।

खास बात यह रही की मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने लगभग 3:30 मिनट का समय सिर्फ राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को दिया, खेल मंत्री ने कहा कि इससे आयोजन को लेकर की गई हमारी दिन रात की मेहनत सार्थक हो गई।

### खेल मंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

रेखा आर्या ने रविवार को प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी घाट संगम पर महाकुंभ स्नान किया। उन्होंने गंगा तट पर राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद सभी देवों का आभार जताया। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि ऐसा दिव्य और भव्य महाकुंभ आयोजित कर सनातन संस्कृति का कीर्तिध्वज विश्व भर में लहराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बधाई की पात्र है। रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महाकुंभ के लिए जिस तरह की व्यवस्था की गई है वह अपने आप में उदाहरण बन गई है। उन्होंने कहा कि आगे जब धर्मनगरी हरिद्वार में महाकुंभ का आयोजन होगा, तब हमें भी प्रयागराज की व्यवस्थाओं से काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

# नया संशोधित भू-कानून जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला: कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** हाल ही में बजट सत्र के दौरान पास किये गये नए संशोधित भू–कानून को प्रदेश कांग्रेस ने जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला कानून बताते हुए एनडी तिवारी सरकार वाले भू–कानून को जस का तस लागू करवाने की मांग की है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नए संशोधित भू–कानून में सरकार ने दो महत्वपूर्ण जिले हरिद्वार और उधम सिंह नगर व राज्य के एक सौ बारह नगर निकाय क्षेत्रों में को बाहर रखा है, जिससे साफ हो गया कि भाजपा सरकार राज्य के मूल निवासियों की भावनाओं और उनकी सांस्कृतिक धरोहर उनके जल जंगल व जमीन के संरक्षण के प्रति बिल्कुल भी संवे. दनशील नहीं है। धस्माना ने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली निर्वाचित कांग्रेस सरकार जो कि एनडी तिवारी के नेतृत्व में बनी थी उसने राज्य के पर्वतीय स्वरूप व राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और जल जंगल जमीन को धन पशुओं से बचाने के लिए राज्य को बेहतरीन भू–कानून दिया था, मगर उस कानून को 2017 के बाद भाजपा सरकार गठन के बाद त्रिवेंद्र, तीरथ व धामी सरकारो ने संशोधनों के माध्यम से निष्प्रभावी कर दिया और 2019 से आज तक राज्य की बहुमूल्य जमीनें राज्य से बाहर के लोगों ने धनबल के बल पर खरीद लीं जिसके कारण आज राज्य भर में जनता में भरी आक्रोश व्याप्त है। राज्य का युवा वर्ग महिलाएं और अब तो आम जन राज्य के लिए एक सख्त भू कानून की मांग को लेकर आंदोलनरत है।




धस्माना ने कहा कि धामी सरकार ने जनता के आक्रोश को शांत करने के लिए सख्त भू कानून का शिगूफा छोड़ा और अब बजट सत्र में एक संशोधित भू–कानून विधानसभा में ला कर पारित करवा लिया जो एक लंगड़े लूले कानून के रूप में बेमतलब पास करवा दिया गया जो कि राज्य के दो अति महत्वपूर्ण जिलों हरिद्वार और उधम सिंह नगर व राज्य के नगर निकाय क्षेत्रों में प्रभावी ही नहीं होगा। धस्माना ने कहा कि धामी सरकार की मंशा अगर राज्य को एक सशक्त भू कानून देने की होती तो वे वर्ष 2017 से लेकर 2025 तक तिवारी सरकार के भू–कानून में किए गए सभी संशोधनों को रद्द कर पूरे राज्य के लिए एक भू कानून बनाती और 2018 से 2025 तक पुराने कानून का उल्लंघन कर बाहरी लोगों द्वारा खरीदी हुई सारी भूमियों की जांच करवा कर उस भूमि को राज्य सरकार में निहित करवाती।

धस्माना ने अभद्रता प्रकरण में कहा कि जानबूझकर प्रदेश में पहाड़ी बनाम मैदानी का विभाजन किया जा रहा है और इसके लिए पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी व उनकी सरकार जिम्मेदार है। धस्माना ने कहा कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विधानसभा में गाली प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी अब तक खामोश है और उसने ना ही मंत्री से इस प्रकरण पर कोई सफाई मांगी है और ना ही उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही की है। धस्माना ने कहा कि इससे ज्यादा अफसोसनाक विधानसभा अध्यक्ष का व्यवहार है जिन्होंने ना तो गाली दे रहे मंत्री को रोका और ना ही उनसे माफी मांगने को कहा बल्कि उल्टा कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला को इस मुद्दे पर बोलने नहीं दिया और उनको बुरे तरीके से डांटने का कार्य किया।

**■ दो जिले व एक सौ बारह नगर निकाय क्षेत्र भू–कानून से बाहर अग्रवाल के विवादित बयान पर भाजपा अभी भी खामोश**

# सेलाकुई क्षेत्र में हुई ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

**■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर पुलिस ने जोड़ी घटना से जुड़ी हर कड़ी घटना के बाद घायल युवक को हरिपुर रोशन फार्मा के पास दिया था छोड़ घायल युवक की उपचार के दौरान चिकित्सालय में हो गई थी मौत जांच के बाद घटना में शामिल अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया : एसएसपी अजय सिंह**

शाह टाइम संवाददाता

**देहरादून / सेलाकुई** स विगत 14 फरवरी को थाना सेलाकुई में विनोद पाल, निवासी हरिपुर सेलाकुई द्वारा सूचना दी गई थी कि उनके पुत्र मोहित पाल पर बदमाशों द्वारा क जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया थास सूचना के बाद संबंधित पुलिस ने धारा 109 बीएनएस अज्ञात हमलावरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया था । इस दौरान घायल मोहित पाल की उपचार के दौरान विगत 19 फरवरी को मृत्यु हो गई, मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस की वृद्धि की गई।

युवा की पीट–पीटकर की गई हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने थानाध्यक्ष सेलाकुई को घटना से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच करने के निर्देश देते हुए थानाध्यक्ष को पुलिस टीम का गठन किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परि. जनों व आस–पास के लोगो से पूछताछ करते हुए जानकारियां एकत्रित की गई, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक का विजय उर्फ नीतू नाम के व्यक्ति से अक्सर विवाद रहता था, जिस पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्धता प्रतीत होने पर विजय उर्फ नीतू को 52 बीघा मैदान हरिपुर सेलाकुई से हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा बताया गया है की रात्रि में आपसी बहस के दौरान मृतक मोहित के सर पर डंडे से वार करने तथा उसे मारने की नीयत से छत से धक्का देकर नीचे फेकने की बात स्वीकार की गई। जिस पर अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त किया गया घटना डंडा बरामद किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त ब्लाइंड कैसे को खोलने के लिए उनके द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने कड़ाई से मेहनत कीस

नशा करने के दौरान हुई थी दोनों में बहस

देहरादून स मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए हत्या आरोपी विजय उर्फ नीतू ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह गाड़ी चलने का कार्य करता है, और विगत 14 फरवरी को मृतक मोहित पाल से रात्रि अपनी गाड़ी लेकर अपने घर की तरफ आया तथा वह भी अपने घर के पास बैठकर नशा कर रहा था। अभियुक ने मोहित को अपने पास बुलाया तथा वह दोनों बैठकर नशा करने लगे, तभी उनकी आपस में बहस हो गई और दोनों आपस में एक दूसरे के साथ धक्का मुक्की करने लगे और अभियुक्त द्वारा मोहित पाल के सर पर डंडे से वार कर दिया, जिस पर मोहित भाग कर पास के ही मकान की छत पर चला गया, जहां से अभियुक्त ने उसे मारने की नीयत से उसे धक्का देकर नीचे फेक दिया और मौके से फरार हो गया।

# जोशी बोले, पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर आज से मैं भी नहीं खाऊंगा आयली खाना

मुख्य संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 119वां संस्करण रविवार को देहरादून में मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 07 के बूथ संख्या 57 में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ सुना।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखण्ड राज्य के प्रति जो लगाव है वो केवल सपनों में व्यक्त नहीं होता हैए उनकी भावनाओं में भी हम उस चीज को देखते हैं। उत्तराखण्ड में हुए राष्ट्रीय खेल के परिपेक्ष में उन्होंने जिस प्रकार से विषय रखा और पूरे देश भर के अन्दर 7वें स्थान पर उत्तराखण्ड राज्य अपना स्थान बनाता है, यह सम्पूर्ण प्रदेश के साथ–साथ पूरे देश के लिए गौरव की बात है। मैं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों को अनेक प्रकार की विभिन्न जानक. ारी मिलती है कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम मोदी के मन के बात कार्यक्रम से प्रेरणा के साथ–साथ नये विषयों पर रोचक जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हाल में सम्पन्न हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के बारे में बताया, वास्तव में नेशनल खेलों में उत्तराखण्ड ने एक नया आयाम स्थापित किया है। 24 गोल्ड के साथ 100 से अधिक पदकों के साथ हमारा छोटा सा स्टेट 7वें स्थान पर है और आने वाले समय में ये प्रदेश खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। इसी प्रकार स्पेस में हमारे इसरो के वैज्ञानिक कितना आगे बढ़ गए हैं, आर्टिफिशियन इन्टेलिजेंस के बारे में जानकारी मिली। आज पीएम मोदी की मन की बात में मैं एक संकल्प ले रहा हूं, हालांकि मैं खाने में बहुत परहेज करता हूं, बावजूद आज के बाद ऑईली भोजन बिल्कुल नहीं खाऊंगा और उसके परिणाम भी नजर आएंगे। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को जरूर सुनने का आव्हान भी किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मोहित जायसवाल, पूनम नौटियाल, सुरेन्द्र राणा, निरंजन डोभाल, कमल थापा, गौरव, बूथ अध्यक्ष अमित कुमार, रविंदर, उमा शर्मा, भावना सभरवाल आदि उपस्थित रहे।

**■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट एवं कैबिनेट मंत्री जोशी ने सुना प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम**

# वित्त मंत्री के अमर्यादित बयान पर श्रीनगर में उबाल

**राज्य आंदोलनकारियों और छात्र संगठनों ने पुतले के साथ नगर क्षेत्र में निकली रैली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विधानसभा में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा पहाड़ के लोगों के प्रति कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग के विरोध में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र संगठनों, राज्य आंदोलनकारियों और उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप प्रदर्शनकारियों ने पीपलचौरी श्रीनगर से प्रेमचंद अग्रवाल के प्रतीकात्मक पुतले के साथ नारेबाजी करते हुए यात्रा निकाली। जुलूस वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गणेश बाजार होते हुए गोला पार्क तक निकाला गया। जिसके बाद गणेश बाजार में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जहां वक्ताओं ने सरकार और वित्त मंत्री पर तीखे आरोप लगाए।

राज्य आंदोलनकारी प्रेम दत्त नौटियाल, देवेंद्र फर्स्वाण ने कहा कि उत्तराखंड राज्य जिन पहाड़ी लोगों के संघर्षों के कारण बना, आज उन्हीं लोगों को वित्त मंत्री अमर्यादित भाषा में अपमानित कर रहे हैं।

साथ ही, सरकार विधायकों और मंत्रियों के वेतन-भत्ते बढ़ाने में लगी है, लेकिन पहाड़ के बुनियादी मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है। प्रेम दत्त नौटियाल ने कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल और उनके परिवार ने राज्य आंदोलन में कोई योगदान नहीं दिया, फिर भी वे उत्तराखंड विरोधी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। मूल निवास भू-कानून समन्वय समिति के अरुण नेगी ने सरकार द्वारा लाए गए यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून का विरोध करते हुए कहा कि राज्य में भू-कानून पर चर्चा नहीं की जा रही है, जबकि लिव-इन रिलेशन को लेकर कानून बना दिया गया है, जो उत्तराखंड के मूल हितों के खिलाफ है।

विरोध प्रदर्शन के बाद नुक्कड़ सभा का आयोजन करने के साथ प्रदर्शनकारियों ने गोला पार्क में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का प्रतीकात्मक पुतला लटका कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि वित्त मंत्री अपने बयान पर माफी नहीं मांगते, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर बाबुलकर, राज्य आंदोलनकारी राजेंद्र रावत, डा. मुकेश सेमवाल, सुखदेव पंत, सरस्वती देवी, छात्र प्रतिनिधि मोनिका चौहान, कुलदीप रमोला, अनिल तिवारी, विमला कोटीयाल समेत कई लोग शामिल रहे।

## प्रेमचंद अग्रवाल के बयान से पूर्व सैनिकों में आक्रोश

**श्रीनगर।** सैनिक सेवा कल्याण समिति श्रीकोट गंगनाली की रविवार को श्रीकोट में मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भंडारी ने संगठन के मासिक आय व्यय की संगठन सदस्यों के सम्मुख रखा। इस मौके पर प्रदेश के शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बयान पर पूर्व सैनिकों ने तीव्र आक्रोश व्यक्त किया।संगठन के अध्यक्ष दर्शन सिंह भंडारी ने कहा कि मंत्री के इस बयान से पहाड़ के लोगों की भावनाएं भी आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ के लोगों के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त करने के योग्य नहीं हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल को मंत्री पद से हटाया जाए। दर्शन सिंह भंडारी ने विधानसभा अध्यक्ष की कार्यशैली पर भी तीव्र नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल को अपनी विधायकी से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। भविष्य में कोई ऐसी बयानबाजी करेगा तो पूर्व सैनिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर संगठन के पूर्व अध्यक्ष हयात सिंह झिंक्वाण, विकास मलासी, विनोद तड़ियाल, बृजमोहन सेमवाल, गिरीश चमोली, हर्षवर्धन नेगी, गिरीश गैरोला, राकेश कंडारी ने भी बैठक में विचार व्यक्त किए।

# एनएसएस शिविर का रंगारंग समापन

**नौघर महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम संपन्न सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता, जागरूकता और सामुदायिक चेतना पर हुआ फोकस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय महाविद्यालय नौघर लंबगांव में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया। समापन समारोह में स्वयंसेवी छात्राओं मानसी, शीतल और शिवानी ने गढ़वाली, हिंदी और भोजपुरी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अनुजा रावत ने शिविर के उद्देश्य, लक्ष्यों और सात दिनों की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर स्वच्छता, सफाई, जन-जागरण, स्थानीय मुद्दों, सामुदायिक सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर केंद्रित रहा। इस दौरान विभिन्न प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया गया, जिससे स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को लाभ मिला। उन्होंने कहा कि शिविर ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत लंबगांव के अध्यक्ष रोशन रागंड ने युवाओं की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हुए अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। कहा कि युवाओं को समाज में बढ़ती नकारात्मक प्रवृत्तियों से बचकर सकारात्मक सोच का प्रसार करना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. के. पांडेय ने स्वयंसेवियों को सामुदायिक चेतना और सामाजिक दायित्वों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष लेखपाल राणा, डॉ. शेफाली नेगी, डॉ. अनुष्का रावत, प्रियंका डिमरी, शीतल, पल्लवी कंडियाल, शिवानी, बलबीर चौहान, प्रदीप रावत, मकान सिंह, लोकेश पंवार समेत कई शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# शीतकालीन गद्दीस्थलों में उमड़ रही इन दिनों भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों मे अग्रणी व पर्वतराज हिमालय की गोद में बसे भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने व पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से धाम रवाना होने की तिथि आगामी 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व पर पंचाग गणना के अनुसार शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में घोषित की जायेगी। मन्दिर समिति द्वारा तिथि घोषित होने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

वहीं भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर सहित केदारघाटी के सभी तीर्थ स्थलों में शीतकालीन यात्रा धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगी है। जानकारी देते हुए केदारनाथ मन्दिर प्रभारी यदुवीर पुष्वाण ने बताया कि भगवान केदारनाथ के कपाट खुलने व पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से धाम रवाना होने की तिथि आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में रावल भीमाशंकर लिंग, मन्दिर समिति के उच्चाधिकारियों, विद्वान आचार्यो व हक-हकूकधारियों की मौजदूगी में पंचाग गणना के अनुसार घोषित की जायेगी। उन्होंने बताया कि मन्दिर समिति के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तिथि घोषित करने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। महाशिव रात्रि पर्व पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी देश के विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं द्वारा भण्डारे का आयोजन किया जायेगा तथा महाशिवरात्रि पर्व पर ही केदारनाथ धाम, विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी, द्वितीय केदार मदमहेश्वर धाम व ओंकारेश्वर मन्दिर में आगामी यात्रा काल के 6 माह पूजा के लिये प्रधान पुजारियों की तैनाती की जायेगी। ओंकारेश्वर मन्दिर प्रभारी रमेश नेगी ने बताया कि भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर, सिद्धपीठ कालीमठ, विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी, शिव- पार्वती विवाह स्थल त्रियुगीनारायण तथा तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में धीरे-धीरे शीतकालीन यात्रा परवान चढ़ने लगी है। बताया कि शीतकालीन यात्रा के परवान चढ़ने से मन्दिर समिति की आय में वृद्धि होने के साथ स्थानीय तीर्थाटन व्यवसाय को भी बढ़ावा मिल रहा है। मन्दिर समिति वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण ने बताया कि भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर मे प्रति दिन सैकड़ों तीर्थ यात्री पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं तथा महाशिवरात्रि की तिथि निकट आते ही श्रद्धालुओं की आवाजाही मे वृद्धि होने लगी है।

# श्रीनगर में पारम्परिक बैठकी होली का रंगारंग आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सांस्कृतिक नगरी श्रीनगर में बैठकी होली का आगाज हो गया है। प्रसिद्ध नाट्य संस्था शैलनट ने कटकेश्वर महादेव (घसिया महादेव) मंदिर से पारंपरिक बैठकी होली में होल्यारों ने खूब रंग जमाये। रविवार को श्रीनगर के पौराणिक शिव मन्दिर कटकेश्वर महादेव (घसिया महादेव) में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बैठकी होली का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगकर्मी वीरेंद्र रतूड़ी ने गणेश वंदना श्जय गणपति वंदन गणनायक..... से की।

इसके बाद ऐगे फागुन मैना खेला होली... मोहन गिरधारी. शिवजी की जटा से छोड़ी.., हरि फुलू से मधुरा छाई रही... शुकी आयो शहर में व्यापारी..., नहीं आये बलम कहां अटकेश, रंगला यो फूल के देब सोभालो.. आदि गीतों से रंगों के उत्सव में उल्लास भर दिया। प्रसिद्ध शायर जयकृष्ण पैन्यूली ने अपने चिर परिचित अंदाज में देर शाम आयोजन में चार चांद लगा दिये। कार्यक्रम के अंत में होल्यार मदनलाल डंगवाल और शिव लाल को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक एवं कटकेश्वर महादेव मंदिर के महंत महेश गिरी, अभिषेक बहुगुणा, विनीत गिरि, आशीष नेगी, विमल बहुगुणा, नीरज नैथानी, हेमचंद्र ममगाई, शंकर कैंथोला, पीयूष उनियाल, कैलाश पुंडीर, सुभाष पांडेय, हरीश पुरी, प्रदीप अंथ्वाल, गिरीश पैन्यूली, जेके पैन्यूली, डा. केके गुप्ता, मनीष ममगाई, उमेश गोस्वामी, अरविंद नेगी, पूजा ठक्कर, राकेश मोहन कंडारी, देवेन्द्र रावत,कविता खत्री, मदनलाल डंगवाल, शिवलाल, पंकज नैथानी, गंगा असनोड़ा, सुधीर डंगवाल, प्रिया ठक्कर सहित आदि मौजूद थे।

# सीएम धामी और सीएस आज करेंगे हर्षिल का दौरा

**पीएम मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का लेंगे जायजा**

**उत्तरकाशी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हर्षिल क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार 24 फरवरी को पूर्वाह्न 10.30 बजे हर्षिल पहुॅचेंगे और प्रधानमंत्री के शीतकालीन यात्रा से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद दोपहर 12 बजे देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राप्त सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य सचिव श्रमती राधा रतूड़ी सहित अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा भी सोमवार को हर्षिल क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा।

# नशा मुक्त जनमोर्चा ने शराब बंदी के लिए पीएम मोदी को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तराखंड से शराबबंदी नहीं होती, तो देंगे अपने प्राणों की आहुति : पंवार**

उत्तरकाशी : देवभूमि उत्तराखंड नशा मुक्ति जनमोर्चा ने शराब बंदी को लेकर तहसीलदार के माध्यम से पीएम मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया।

रविवार को उत्तरकाशी स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम में राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखंड नशा मुक्त जनमोर्चा पत्रकारों से रू-ब-रू हुए। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने मीडिया को बताया कि लंबे अरसे के संघर्ष के बाद हमें पृथक उत्तराखंड राज्य मिला है। यहां राज्य देवभूमि है यहां चारधाम मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राज नेताओं इस देव भूमि को शराब भूमि बना कर रख दिया है। नशा आज राज्य के लिए अभिशाप बनता नजर आ रहा है।उन्होंने कहा कि आज पहाड़ के युवा भी नशें से बर्बाद हो रहें हैं। आज यह अभियान शुरू किया है और टिहरी एवं उत्तरकाशी के 30 से अधिक गांवों में शराबबंदी हो गयी है। उन्होंने कि उत्तराखंड से शराबबंदी नहीं होती वह अपने प्राणों की आहुति देकर इसे शराब मुक्त बनाने का काम करेंगे।

इसके लिए उन्होंने भटवाड़ी तहसील सुरेश सेमवाल के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शराब मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य टिहरी रेखा असवाल, प्रदीप चंदा रमोला प्रताप नगर ब्लॉक प्रमुख प्रशासक, कुंवार सिंह पंवार, भाजपा नेता मुरारी लाल भट्ट, विजय मखलोगा आदि मौजूद रहे है।

# थलन गांव में एक आवासीय भवन में आधी रात को लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** भटवाड़ी ब्लॉक के ग्राम थलन मंगलपुर में अग्निकांड से आधा दर्जन परिवार बुरी तरह से प्रभावित हो गये है।

घटना शनिवार देर रात्रि लगभग 11:55 बजे तहसील भटवाड़ी अन्तर्गत ग्राम थलन मंगलपुर में एडवोकेट विमल नौटियाल पुत्र तारा दत्त नौटियाल, शंभू प्रसाद,नत्थी प्रसाद नौटियाल, वीरेंद्र प्रसाद नौटियाल पुत्र भगवती प्रसाद नौटियाल, गोपाल नौटियाल, के मकान मे आग लगी हैं। सूचना मिलते फायर सर्विस, पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर स्थानीय लोगों की सहायता से आग समय लगभग रात्रि 02:00 बजे बुझा दी गयी थी। उक्त अग्निकाण्ड से प्रभावित परिवारों का भवन एवं खाद्यान्न आदि नुकशान हुआ हैं अन्य कोई जन-पशु हानि नही हुई हैं। सभी सुरक्षित हैं।

# गुलदार के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। विकासखण्ड जखोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवल में एक बार फिर से गुलदार का आतंक बढ़ गया है। ग्राम पंचायत देवल के लमवाड़ तोक में शनिवार सांय लगभग पांच बजे गुलदार ने खेतों की ओर जा रही एक महीला पर जानलेवा हमला कर दिया। इस बीच गुलदार और महिला की आपस में काफी देर तक भिड़त भी हुई। महिला ने घायल स्थिति में गुलदार पर दरांती से भी वार किये। बाद में जब आस-पास के लोगों ने गुलदार को देखा तो शोर मचाने पर गुलदार भाग गया।

परिजन महिला को जिला चिकित्सालय लाये, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला को बेस चिकित्सालय श्रीनगर रेफर किया गया। गुलदार ने क्षेत्र में इंसानों पर हमला करने की चौथी घंटना को अंजाम दिया है, लेकिन वन विभाग अभी तक गुलदार पकड़ने की दिशा में कोई भी कार्यवाही नहीं कर पाया है। दरअसल, शनिवार सांय पांच बजे ग्राम पंचायत देवल के लमवाड़ गांव की 47 वर्षीय गीता देवी पत्नी अनिल सिंह घर के निकट ही खेतों में घास लेने के लिये गई थी। इस दौरान घात लगाये गुलदार ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। गुलदार ने महिला के सिर, गर्दन, छाती और पीठ पर कई वार किये, लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुये गुलदार पर भी दरांती से वार कर दिया। इस बीच गांव के लोगों ने गुलदार को देखा और शोर मचाया, जिसके बाद गुलदार महिला को गंभीर स्थिति में घायल करके भाग गया। परिजन महिला को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग लाये, जहां महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेस चिकित्सालय श्रीनगर रेफर किया गया। गुलदार के हमने के कारण महिला के शरीर से काफी खून भी बह गया।



**क्षेत्र में गुलदार की इंसानों पर हमले की चौथी घटना ग्रामीणों ने की गुलदार को आदमखोर घोषित करने की मांग**

ग्राम पंचायत देवल के अंतर्गत और आस-पास के निकटवर्ती क्षेत्रों में गुलदार ने चौथी बार इंसानों पर हमला किया है। बावजूद इसके वन विभाग अभी तक इस गुलदार को पकड़ने में कामयाब नहीं हो पाया है। निवर्तमान ग्राम प्रधान देवल शंभू प्रसाद उनियाल ने कहा कि पिछले कई महीनों से गांव में गुलदार का आतंक है। क्षेत्र में एक नहीं, बल्कि कई गुलदार घूम रहे हैं। अब गुलदार जानवरों के अलावा इंसानों पर भी जानलेवा हमला कर रहे हैं। पिछले कई महीनों से ग्रामीणों का सांय के समय बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है। उन्होंने वन विभाग से इंसानों पर हमला करने वाले गुलदार को आदमखोर घोषित करते हुये मारने की मांग की है। वहीं दक्षिणी जखोली रेंज के रेंज अधिकारी हरीश थपलियाल ने कहा कि घटना स्थल के आस-पास पिंजरा लगाया जा रहा है। विभाग का प्रयास है कि शीघ्र ही गुलदार को पकड़ा जाय।

# एंजेल्स एकेडमी का 32 वां वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी ।** विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानकर निखारने का दायित्व शिक्षण संस्थान व अभिभावकों का है। यह बात निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक दीपक बिजल्वाण ने एंजेल्स एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। जनता जितनी ज्यादा साक्षर होगी, देश व समाज उतना ही विकास करेगा।उन्होंने जिला पंचायत निधि से विद्यालय को आर्थिक सहायता देने की बात कही। रविवार को नगर पालिका चिन्यालीसौड़ स्थित एंजेल्स एकेडमी में 32 वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण , नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली ,खंड शिक्षा अधिकारी एस नेगी ,सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी, उद्योगपति रणवीर महंत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कांधे म धरेली राधा, पांडव ,पंजाबी, राजस्थानी, कुमाऊनी ,पहाड़ी, गानों पर लोग झूमने लगी। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली ने बच्चो से अपील की कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें जिससे भविष्य सुधरने के साथ आगे जाकर आपका और आपके माता-पिता परिजनों का नाम रोशन हो।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी,रणवीर महंत, चौन सिंह महर, वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश रमोला चौन सिंह,सविता पंवार,लीला रावत, महर,नरेंद्र रावत पुलम सिंह भंडारी,छात्र सिंह कैंतुरा विनोद जोशी, पालिका सभासद सिद्धार्थ नौटियाल,आदि उपस्थित रहे।

# प्रेमचंद अग्रवाल के बयान पर लोगो का नहीं थम रहा है गुस्सा कई जगह विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के असंसदीय व्यवहार और विधानसभा में पहाड़वासियों के लिए की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल ने जगह-जगह उनका और भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान नई टिहरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शवयात्रा निकालकर साईं चौक पर चिता बनाकर पुतले को अग्नि के हवाले कर विरोध दर्ज किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री की यह आदत बन गई है कि वे बार-बार अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने पहाड़वासियों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर पूरे पहाड़ी समाज का अपमान किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हर उत्तराखंडी का सम्मान करती है, लेकिन यदि सरकार विधानसभा के भीतर पहाड़ियों को अपशब्द कहेगी, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। पीसीसी सदस्य मुशर्रफ अली और देवेंद्र नौडियाल ने चेतावनी दी कि यदि प्रेमचंद अग्रवाल टिहरी का दौरा करते हैं, तो उनका पुरजोर विरोध किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार ने कहा कि विधानसभा में पहाड़ के लोगों को अपशब्द कहे जा रहे थे, और भाजपा के 25 विधायक चुपचाप यह सब सुनते रहे। अब जनता को तय करना होगा कि वे अपने विधायकों से जवाब मांगेंगे या नहीं।



इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा रावत, ममता उनियाल, अनीता साह, प्रदेश कांग्रेस सचिव सैयद मुशर्रफ अली, पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौडियाल, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिंह बेलवाल, एडवोकेट सोहन सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष किशोर सिंह मंदरवाल, गब्बर सिंह रावत, मनीष पंत, जुनैद खान, जमीर अहमद समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



**रुद्रप्रयाग।** संसदीय मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विधानसभा में दिए गए विवादास्पद बयान और उनके किसी भी पहाड़ी विधायक का तनिक भी विरोध ना करने से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने गुप्तकाशी में अग्रवाल का पुतला दहन किया। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री के पुतले की शव यात्रा निकालकर उसे बीच बाजार में दहन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने प्रेमचंद अग्रवाल मुर्दाबाद के नारे भी लगाए ।जिला पंचायत सदस्य गणेश तिवारी ने कहा कि जिन पहाड़ियों ने प्रेमचंद अग्रवाल को कई बार विधानसभा तक पहुंचाया, आज उन्हीं लोगों को बार-बार गाली देकर तिरस्कार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में नगर निगम के चुनाव में भी प्रेमचंद अग्रवाल ने गुंडई करके अपने प्रत्याशी को जिताया था। विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पहाड़ियों को गाली देना अक्षम्य है। साथ ही संपूर्ण विधानसभा में लगभग 40 के करीब विधायक पहाड़ी है। ऐसे में उन लोगों का मौन उत्तराखंड वासियों को नही खल रहा है। उन्होने कहा कि प्रेमचंद्र अग्रवाल पर कालिख पोतने वाले को वो इक्कीस हजार का नगद इनाम देंगे। कहा कि भाजपा के लोग अपनी जीत के घमंड में आम जनता को भाव नहीं दे रहे हैं। उन्हें लगता है कि आगामी चुनावी वह आसानी से जीत जाएंगे। धन, बल गुंडा-गर्दी करके अब जनता को बरगलाना बेहद मुश्किल है । निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रेम सिंह नेगी ने कहा कि जहां एक और केदारनाथ धाम की यात्रा खुलने में कुछ ही माह बचे हैं, ऐसे में अभी तक सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच का मोटर मार्ग नहीं बन पाया है। इसके साथ ही यात्रा कालीन व्यवस्थाएं अभी भी यथावत बनी है, लेकिन भाजपा को केवल अपना उल्लू सीधा करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पवित्र मंदिर विधानसभा में पहाड़ियों को अशोभनीय शब्द बोलना माफी के काबिल नहीं है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। इस दौरान मनजीत सिंह, प्रदीप असवाल, विशाल बिष्ट, विष्णु दत्त जोशी सहित अन्य लोगो मौजूद थे

## कांग्रेस, टैक्सी यूनियन और व्यापारियों ने जताया विरोध



**नई टिहरी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतापनगर, टैक्सी यूनियन लंबगांव और लंबगांव बाजार के व्यापारियों ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने लंबगांव शहीद स्मारक में एकत्र होकर मंत्री पर पहाड़ी समुदाय के लोगों के अपमान और उत्तराखंडवासियों के प्रति आपत्तिजनक बयानबाजी करने का आरोप लगाया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की गई।

कांग्रेस के पीसीसी सदस्य सब्बल सिंह राणा ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि कैबिनेट मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष संदीप रावत ने चेतावनी दी कि यदि प्रेमचंद अग्रवाल ने जल्द ही अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया तो पूरे उत्तराखंड के गांवों और कस्बों में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। पुतला दहन करने वालों में निवर्तमान सभासद सौरभ रावत, सतीश रांगड़, रमेश बगियाल, लोकेंद्र रावत, रमेश थलवाल, जयेंद्र रांगड़, ज्योति रांगड़ समेत कई लोग शामिल रहे।

# नकदी व मोबाइल लूट की वारदात में शामिल दो लुटेरे दबोचे

## अभियुक्तों के कब्जे से घटना में लूटा गया मोबाइल फोन व नकदी हुई बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** स्कूटी सवार दो लुटेरों की और से एक व्यक्ति से नगदी और दो मोबाइल लूट लिये जाने की सूचना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनंन-फानन में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने घटना में शामिल दो लुटेरों को रविवार को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई नगदी और मोबाइल फोन बरामद कर लिए।



राजीव कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी- ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना प्रेमनगर ने थाना डालनवाला पर तहरीर दी कि परेड ग्राउंड के बाहर रात्रि में दो अज्ञात लड़कों ने उनके साथ मारपीट कर उनका मोबाइल फोन व 1100 रूपये नगद लूटकर सफेद रंग की स्कूटी से भाग गये, मोबाइल फोन और नगदी लूट ले जाने की सूचना के बाद हरकत में स्थानीय पुलिस ने तत्काल धारा-115(2)/309(4) भान्यासं पंजीकृत किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल और नगदी लूट ले जाने की खबर के बाद उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना का खुलासा करने के निर्देशो दिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों का निरीक्षण कर लूट में शामिल दोनों लुटेरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।

लूट की वारदात में शामिल दोनों लुटेरों को रविवार को घटना के 5 घण्टे के अन्दर ही रेंजर्स ग्राउंड के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रौनक पुत्र रणजीत मल्होत्रा तथा परमजीत सिंह उर्फ पम्मी पुत्र गुलचन्द बताएं। पुलिस ने दोनों लुटेरों के पास से लूटे गये मोबाइल फोन व नगदी बरामद करने के साथ-साथ लूट की वारदात में शामिल की गई सफेद रंग की स्कूटी सख्यां: यूके-07-डीजे-2187 भी बरामद कर ली।

# इनामी नशा तस्करों के खिलाफ राजपुर पुलिस ने की कार्रवाई

- फरार अभियुक्त की संपत्ति कुर्की की उदघोषणा करने उसके घर मुजफ्फरनगर पहुंची पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के ड्रग फ्री देवभूमि के विजन को साकार करने के लिए एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर दून पुलिस द्वारा नशे के व्यापार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब पुलिस नशा तस्करों की संपत्ति को जप्त करने के लिए न्यायालय से उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाने हेतु कार्य कर रही हैस नशा तस्करों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई के दौरान रविवार को राजपुर पुलिस ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में संबंधित पुलिस से संपर्क कर एनडीपीसी एक्ट में फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ उनकी संपत्ति को कर करने के लिए ढोल नगाड़े बजवाकर नोटिस चिपकाएस

थाना अध्यक्ष राजपुर परमेश्वरी दत्त भट्ट ने जानकारी देते हुए बताएं कि थाना राजपुर में धारा 8/20/ एनटीपीसी एक्ट बबलू आदि में विगत वर्ष 24 नवंबर को अभियुक्त बबलू निवासी सपेरा बस्ती को 61 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था, उक्त अभियोग में वांछित अन्य अभियुक्त जावेद लगातार फरार चल रहा है, जिसके विरुद्ध पूर्व में न्यायालय से गैर जमानती वारेंट प्राप्त कर गिरफ्तारी के प्रयास किए गए परंतु अभियुक्त के लगातार फरार रहने पर पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध 84 बीएस की कार्यवाही हेतु न्यायालय से आद.ेश प्राप्त करते हुऐ शनिवार 22 फरवरी को अभियुक्त जावेद पुत्र मुबारक निवासी तेवर जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के आवास पर नोटिस तामीली कि कार्यवाही की गयी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त 84 के नोटिस को दो गवाहों के समक्ष अभियुक्त के उपरोक्त मकान पर मुनादी कराई गई तथा अभियुक्त के मकान के मुख्य गेट सहित मोहल्ले के मुख्य-मुख्य स्थानों व चौराहों पर धारा 82 सीआरपीसी की उद्घोषणा चस्पा की गई। दौराने मुनादी अभियुक्त जावेद को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने तथा ऐसा न करने पर न्यायालय के आदेशानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करने संबंधी उद्घोषणा की गई।

# भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री को याद किया गया



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** आइडिया कम्युनिकेशंस की और से मौलाना आजाद की पुण्यतिथि पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौलाना आजाद एक प्रतिभाशाली कैरियरवादी थे।

इस परिचर्चा की अध्यक्षता डॉ. सैयद फारूक ने की, जबकि परिचयात्मक भाषण आईडीईएसी के निदेशक आसिफ आजमी ने दिया। चर्चा में अन्य प्रतिभागियों में प्रोफेसर मुहम्मद फारूक, सोहेल अंजुम, मजहर महमूद, शकील अहमद और इमरान खान शामिल थे। बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. खालिद अनवर ने मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर आयोजित परिचर्चा और कविता सत्र में कहा कि मौलाना आजाद के विचारों और विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

परिचर्चा को संबोधित करते हुए डॉ. सैयद फारूक ने कहा कि आज नई पीढ़ी मौलाना आजाद के व्यक्तित्व से अनभिज्ञ है।

मौलाना के शिक्षा मंत्री बनने के पीछे की घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मौलाना केवल कारीगर ही नहीं, बल्कि अत्यंत प्रतिभाशाली व्यक्ति भी तैयार करना चाहते थे। आसिफ आजमी ने मौलाना की उदारता और सहिष्णुता का उल्लेख करते हुए उन्हें आधुनिक युग में सफलता और उपलब्धि के लिए योग्य अनुयायी बताया। सोहेल अंजुम ने मौलाना आजाद का विस्तृत विवरण देते हुए उन्हें ज्ञान और कौशल, कलम और कार्य में अद्वितीय बताया।

# मैराथन में दौड़े हजारों दूनवासी



- आरजी हॉस्पिटल्स ने आयोजित की देहरादून की सबसे बड़ी मैराथन, कैबिनेट मंत्री जोशी और मिलिंद सोमन ने किया मैराथन का शुभारंभ

मुख्य संवाददाता

**देहरादून।** देहरादून के सबसे बड़े मैराथन का आयोजन आरजी हॉस्पिटल्स ने किया, जिसमें 28,000 से अधिक ऑनलाइन पंजीकरण और 16,800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता मिलिंद सोमण, मुख्य अतिथि के रूप में और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मैराथन में पुरुष और महिला प्रतिभागियों के लिए 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर दौड़ के विभिन्न वर्गों में कुल 1,50,000 के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। आरजी हॉस्पिटल्स ने एक मुफ्त सामुदायिक मैराथन का आयोजन भी किया, जिसमें विभिन्न देशों के लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन को और भी रोमांचक बनाने के लिए कई प्रभावशाली इंफ्लुएंसर्स और एक पेशेवर जुम्बा टीम ने सहभागियों और दर्शकों को उत्साहित किया।

### ये रहे मैराथन के विजेता

**5 हजार मीटर महिला वर्ग**
विजेता: कोपल सिंघल
प्रथम उपविजेता: साक्षी बलोनी
द्वितीय उपविजेता: आरती केसवाल

**5 हजार मीटर पुरुष वर्ग**
विजेता: गौरव
प्रथम उपविजेता: अंकित कुमार
द्वितीय उपविजेता: नितिन भंडारी

**10 हजार मीटर महिला वर्ग**
विजेता: सोनिया
प्रथम उपविजेता: प्रीति
द्वितीयउपविजेता: अंजलि

**10 हजार मीटर पुरुष वर्ग**
विजेता: ऋतिक
प्रथम उपविजेता: रजत
द्वितीय उपविजेता: पवन कुमार

# निरंकारी भक्तों ने तमसा नदी टपकेश्वर मंदिर में चलाया सफाई अभियान



**देहरादून।** बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए निरंकारी भक्तों प्रेमियों ने उत्साह के साथ टपकेश्वर महादेव परिसर व तमसा नदी की सफाई करके कई कुंतल कचरा एकत्रित कर नगर निगम के हवाले किया। टपकेश्वर महादेव मंदिर के दिगंबर भरत गिरी महाराज व गोरखाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम थापा व अनिल मोटे ने भी निरंकारी मिशन की प्रशंसा की। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह व स्थानीय संयोजक नरेश विरमानी ने सभी का आभार प्रकट कर निरंकारी मिशन की अन्य गतिविधियों से अवगत कराया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व सत्कार योग्य निरंकारी राजापिता रमित के आशीवादों से देशभर मे 27 राज्यों के 900 से अधिक शहरों में एक साथ आयोजित किया गया। हरभजन सिंह ने कहा कि मसूरी जोन के पांच जिलें देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी व उत्तरकाशी के 28 स्थानों पर प्रोजेक्ट अमृत के तहत सफाई अभियान चलाया गया।

# जमीन खरीदने पर प्रतिबंध का दावा, सफेद झूठ: पंवार

- एक प्रदेश दो भू कानून ?
- हरिद्वार और उधम सिंह नगर में 20 विधानसभा सीटें हैं जहा यह कानून लागू नहीं होगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने भू कानून को लेकर कई सवाल खड़े किये हैं। उन्होने कहा कि एक देश एक कानून की बात करने वाली सरकार ने एक प्रदेश दो भू कानून बना दिये है।

उन्होने कहा कि पिछले दो दिन से उत्तराखंड में सख्त भू कानून का ऐसा झूठ फैलाया जा रहा है जिसे उत्तराखंड की जनता को समझना बेहद जरूरी है। जिसे सख्त भू कानून कहा जा रहा है इसकी हकीकत यह है कि जिस हरिद्वार और उधम सिंह नगर में 20 विधानसभा सीटें हैं यह कानून वहां लागू नहीं होगा मतलब एक प्रदेश मे दो कानून ? उत्तराखंड के 11 नगर निगम और तकरीबन 90 नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में यह भू कानून लागू नहीं होगा मतलब वहां बाहर का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कैंटोनमेंट बोर्ड में यह भू कानून लागू नहीं होगा।

उत्तराखंड के 11 जिलों में बाहर के लोगों पर जमीन खरीदने का प्रतिबंध लगा दिया है, वह बहुत बड़ा झूठा है। प्रताप नगर के लमगांव से लेकर घनसाली, चमियाला, पुरोला बद्रीनाथ, केदारनाथ, मुनस्यारी , उत्तरकाशी व बड़कोट से लेकर देहरादून, ऋषिकेश, कोटद्वार , डोईवाला और खटीमा पिथौरागढ़ नगर निगम अल्मोड़ा नगर निगम तक नगरीय क्षेत्र में यह भू कानून लागू नहीं होगा । पहाड़ के 11 जिलों में 30 साल की लीज पर जमीन ली जा सकती है। यह कैसा भू कानून है, जो उत्तराखंड के अधिकांश भू-भाग पर लागू ही नहीं होता।

# विपक्ष के विधायकों को धमकाया जा रहा: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे होने के बावजूद स्पीकर खंडूरी सदन की कार्यवाही के दौरान सत्ता पक्ष के साथ नरम रहीं और विपक्ष के विधायकों को धमकाती रही और उन्हें बोलने तक नहीं दिया गयौ जो कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन एवं विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश थी। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है और विपक्ष के विधायकों को सत्तारुड दल से सवाल पूछने का अधिकार है, मगर विधानसभा अध्यक्षा ने अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल के अमर्यादित व्यवहार की निंदा की और कहा कि इससे देवभूमि की संस्कृति कलंकित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद्र अग्रवाल सार्वजनिक रूप से माफी मांगे । उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन पर संसदीय कार्यमंत्री की बर्खास्तगी की मांग की जायेगी।

# वीआईपी प्रेस क्लब ने मनाई 6वीं वर्षगांठ

## पत्रकारों व समाज सेवियों को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दून के स्थानीय टाऊन हॉल नगर निगम में वीआईपी प्रेस क्लब की 6वीं वर्षगांठ व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के सेकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मीडिया की स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं पत्रकारो के अधिकारो को लेकर विचार साझा किये गये।



रविवार को समारोह में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ समाजसवियों, वरिष्ठ चिकित्सकों और पत्रकारों आदि को सम्मानित किया गया। पत्रकारो को यह सम्मान उनके द्वारा निष्पक्ष पत्रकारिता, जनहित से जुड़े मुद्दो की निडर रिपोर्टिंग और समाज को जागरूक करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया। वीआईपी प्रेस क्लब (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गुलबहार राव ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता सिर्फ एक पेशा नहीं है, बल्कि समाजसेवा का एक महत्तवपूर्ण माध्यम है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तम्भ है, जो आमजनमानस की समस्याओं को उठाने के साथ-साथ सरकार की नीतियों तक को जनता तक पहुंचाते है पत्रकारों के अधिकारो की रक्षा करना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में डॉ. कर्ण सिंह सैनी, डॉ. मोईनुद्दीन इदरीसी, हाजी खालिद, डॉ. अनिल प्रकाश, महन्त अनुपमानन्द गिरी जी महाराज, विधायक उमेश कुमार, राजीव महर्षि, आजाद अली, डॉ. यासमीन राव, सम्पादक राइट बुलेटिन राव इमरान, डॉ. इफतखार त्यागी, अरशद राणा, अनिल वर्मा, वी.डी. शर्मा एस.एन.उपाध्याय, रजत शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्द अमन पाटी एम. ए. बर्नी, प्रदेश अध्यक्ष-जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ कम्यूनिकेशन्स, उत्तराखण्ड गोपाल सिंघल, राजकुमार छाबडा आदि शामिल रहे।

# पूर्व सैनिक संगठन ने अपनी रेजिमेंट का 201वां स्थापना दिवस मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** तृतीय मेकानाईज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट के पूर्व सैनिक संगठन ने अपनी रेजिमेंट का 201वाँ स्थापना दिवस रविवार को बसेरा फार्म हाउस बड़ोवाला देहरादून में हर्षोल्लास से मनाया।

बटालियन के पूर्व सैनिक संगठन के वरिष्ठ सलाहकार कर्नल पीबी थापा(सेनि), अध्यक्ष राजेश गुरूंग, सचिव देवेंद्र गुरूंग ने दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्ष राजेश गुरूंग ने सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। अध्यक्ष ने बताया कि तृतीय बटालियन, मेकानाईज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट का गठन 19 फरवरी 1824 को कैप्टन पेट्रिक डजन के नेतृत्व में सिलहट (हाल में बांगलादेश) में 16 सिलहट लोकल बटालियन के नाम से किया गया था, 1907 में बटालियन का नाम प्रथम बटालियन 8वीं गोर्खा राईफल्स रखा गया।

सन् 1981 में आठवीं गोर्खा राईफल्स से अलग होकर मेकानाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट का हिस्सा बनी और स्थापना की तिथि के अनुसार वरिष्ठता में वर्तमान नाम तृतीय मेकानाइज्ड इन्फेंट्री रेजिमेंट मिला। देवेंद्र ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह का आयोजन करते हैं। 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को सम्मानित करना, पुरानी यादों को ताजा करना, पेंशन संबंधित समस्याओं का निदान, स्वास्थ्य व युवाओं की सेना में भर्ती संबधित योजनाओं का आदान-प्रदान करना भी है।

कैप्टन देवेंद्र गुरूंग ने कहा कि हमें गर्व है कि परमवीर चक्र विजेता मेजर (स्व.) धन सिंह थापा व जकार्ता एशियाड में मुक्केबाजी में प्रथम स्वर्ण पदक विजेता अर्जुन अवार्ड से अलंकृत व उत्तराखण्ड सरकार की और से लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कैप्टन पदम बहादुर मल्ल भी इसी बटालियन से हैं।

# लकड़ी व फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**देहरादून।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। नूर्नबर्गमेस के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है।

# धस्माना ने किया स्पाइडर्स डिजिटल सर्विसेज का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दस पड़े लिखे आईटी इंजीनियर युवाओं ने सरकारी नौकरी का मोह छोड़ कर अपने स्टार्ट अप कंपनी की स्थापना कर सैकड़ों युवाओं को रोजगार देने का संकल्प ले कर स्पाइडर्स डिजिटल सर्विसेज नाम से कारोबार शुरू किया है।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने घंटाघर स्थित हेमवती नंदन बहुत कॉम्प्लेक्स में कंपनी के कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना के बाद रिबन व केक काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर टीम लीडर गौरव ने धस्माना को अपनी कंपनी के बारे में परिचय करवाते हुए बताया कि उनके सहपाठियों व मित्रों ने मिल कर वर्ष 2021 से डिजिटल प्लैटफॉर्म्स को विकसित करने, स्कूल, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर विकसित करने, वेबसाइट्स डिजाइन करने का काम शुरू किया व अब बाकायदा अपनी कंपनी स्पाइडर्स डिजिटल सर्विसेज बना कर उत्तराखंड व देश में इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम करना शुरू किया है। इस अवसर पर गौरव, डॉ. सुनील अग्रवाल, पूर्व विधायक राजकुमार , कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा,आशीष नेगी, दिव्यांशी, काव्यांश पाण्डेय, राजू बंगवाल व भानु भी उपस्थित रहे।

# जीआईसी में दिया गया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

## रक्तदाता शिरोमणि अनिल वर्मा शिक्षा विभाग उत्तराखंड सम्मान पत्र से विभूषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजकीय इण्टर कॉलेज, नालापानी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर में यूथ रेडक्रास कमेटी के मास्टर ट्रेनर अनिल वर्मा मास्टर ट्रेनर ने छात्र- छात्राओं को आपदा प्रबंधन, अग्निशमन व प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया। साथ ही नशामुक्ति ,एड्स कंट्रोल, एनीमिया, रक्तदान, थैलीसीमिया, डेंगू कंट्रोल व सड़क सुरक्षा आदि विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।




- भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, आपदा व सर्च एंड रेस्क्यू में घायलों-रोगियों को मलबे से निकालने के गुर सिखाए

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जे पी तिवारी, एनएसएस अधिकारी एल एस बुटोला तथा राज्य शिक्षा अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् सदस्य एसएस नेगी ने यूथ रेडक्रास के रक्तदारा शिरोमणि अनिल वर्मा को छात्र - छात्राओं को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने और रिकॉर्ड 155 बार रक्तदान करके समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिये पुष्प गुच्छ भेंटकर, शाल ओढकर व शिक्षा विभाग उत्तराखंड सम्मान पत्र प्रदान करके विभूषित किया।

यूथ रेडक्रास के मास्टर ट्रेनर आपदा प्रबंधन अनिल वर्मा ने बताया कि छात्र- छात्राओं को उनके द्वारा आपदा प्रशिक्षण के अंतर्गत भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ आदि आपदा के उपरांत सर्च एंड रेस्क्यू में घायलों अथवा रोगियों को मलबे से सुरक्षित निकालकर उपचार के लिये ले जाने के इमरजेंसी मेथड्स ऑफ रेस्क्यू , फ्री हैंड एवं रोप रेस्क्यू , अग्निशमन के तहत् आग बुझाने के लिए रासायनिक अग्निशामक यांत्रिक उपकरणों का प्रयोग करने तथा प्राथमिक चिकित्सा के तहत् हार्ट अटैक के दौरान मृतप्राय मरीज को पुनर्जीवित करने के सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन) आदि का विधिवत् सघन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के के बाद एनएसएस के मण्डलीय समन्वयक गढ़वाल मंडल पुष्कर सिंह नेगी, जिला नोडल अधिकारी सुशील सैनी, एससीईआरटी कम्प्यूटर शिक्षा प्रशिक्षक अशोक कठैत, वरिष्ठ प्रवक्ता विपुल मिश्र तथा राजेन्द्र सिंह परमार ने अपने सम्बोधन में रेडक्रास द्वारा प्रदान किये गये प्रशिक्षण को बहुत उपयोगी बताते हुए आपदाओं के प्रति अति संवेदनशील उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक के लिए बेहद जरूरी बताया।

# शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**डोईवाला।** बाबा मोहित दरबार रेशम माजरी में चार दिनों तक चलने वाली शिव महापुराण कथा का रविवार को शुभारंभ हो गया है, जो 26 फरवरी को पूर्ण आहुति के साथ कथा को विराम दिया जाएगा। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा ने भोलेनाथ भगवान का विधिवत पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया। बाबा मोहित वर्मा ने शिवपुराण कथा का शुभारंभ कथा व्यास प्रदीप गोस्वामी महाराज माथे पर तिलक करके करवाया। इस मौके पर कथा व्यास प्रदीप गोस्वामी महाराज कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओ को रसपान कराते हुए कहा कि शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली है। दरबार बाबा मोहित रेशम माजरी के अध्यक्ष मोहित वर्मा, चतर सिंह, आदित्य जौहर, कमल अरोड़ा, कमल राजप.ूत, सौरभ जोशी, साहिल पंडित, किशन नेगी, अभय वर्मा, नीरज चौधरी, चिंटू, सुनील, वीरेंद्र चौधरी, मनजीत सिंह, एड्वोकेट अजय कुमार व राजू वर्मा आदि मौजूद थे।

# यूकेडी ने संस्कृति बचाओ पदयात्रा निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** केंद्रीय कार्यालय उत्तराखंड क्रांति दल में संस्कृति बचाओ पदयात्रा के संयोजक राजेंद्र सिंह बिष्ट व उनके सहयोगियों का स्वागत सम्मान समारोह किया गया । रविवार को दल के संस्थापक स्वर्गीय विपिन चंद्र त्रिपाठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक शक्तिशैल ने की।



- नारसन से लेकर नीति मल्हारी तक प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखंड का मूल निवासी: जयप्रकाश

उन्होंने कहा कि दल को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं का विशेष योगदान होता है।

केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि नारसन से लेकर नीति मल्हारी तक प्रत्येक व्यक्ति उत्तराखंड का मूल निवासी है। उत्तराखंड क्रांति दल ने 42 शहादते देकर इस राज्य का निर्माण किया जिससे कि यहां के मूल निवासियों यहां के जल ,जंगल, जमीनों को सुरक्षित रखा जा सके, मगर राष्ट्रीय दलों ने बारी-बारी यहां के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर सरकार को चेतावनी दी कि यदि हम राज्य बनाने के लिए आंदोलन कर सकते हैं तो फिर राज्य बचाने के लिए भी हम एक और बड़ा आंदोलन करने के लिए लाम बंद होने जा रहे हैं।

केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवान ने कहा की पदयात्रा के दौरान स्थानीय निवासियों से जनसंपर्क करते हुए स्पष्ट तौर पर सामने आया की पहाड़ी समाज अब जाग चुका है। यात्रा के संयोजक राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि हम भविष्य में उत्तराखंड में मूल निवास और रोजगार के लिए जबरदस्त आंदोलन करने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

इस मौके पर केंद्रीय मीडिया प्रभारी अनिल थपलियाल, राजेश्वरी रावत, शकुंतला रावत, विमला बहुगुणा , संतोष भट्ट ,बबीता, आशुतोष नेगी ,आशीष नेगी, और बीपी भट्ट, आरसी उनियाल, संजीव भट्ट ,देवचंद उत्तराखंडी ,भोला चमोली, प्रवीण रमोला, मनीष रावत, रामपाल जी, टीकम राठौर ,प्रीति भूषण ,मोहन सिंह रावत ,बीपी खंडूरी, राजेश ध्यान ,राकेश चौहान ,योगेश, राजनितिन रावत ,अनूप बिष्ट, श्याम सिंह रमोला ,अरविंद बिष्ट, गजेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# बरेली से स्मैक लेकर आए नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

## साथी के साथ मिलकर कांवड़ मेले में स्मैक बेचने का था प्लान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने बरेली से स्मैक की खेप लेकर आए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बरेली से स्मैक लाकर हरिद्वार में चल रहे कांवड़ मेले में बेचने के लिए अपने साथी को पहुंचाने आया था। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 100.76 ग्राम स्मैक, डिटिजल तराजू व मोबाइल फोन बरामद हुआ है। नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किए गए आरोपी सुभान हुसैन पुत्र अबदार हुसैन निवासी ग्राम मजनूपुर थाना भमौरा जिला बरेली यूपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में प्रकाश में आए उसके साथी की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

छठवीं पास आरोपी मैकेनिक का काम करता है। बरेली से स्मैक लाकर हरिद्वार में अपने साथी को देने के लिए लेकर आया था। दोनों स्मैक को शारदीय कांवड़ मेले में बेच कर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में थे। पुलिस टीम में एसआई आनन्द मेहरा, कांस्टेबल जसवीर व सत्यपाल शामिल रहे।



रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 90 लोगों रक्तदान व दो सो से अधिक मरीरों ने कराई जांच

# रक्तदान से ही रक्त की कमी को किया जा सकता है दूर : मदन कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वी केयर डायग्नोस्टिक कमलेश मेमोरियल अस्पताल हनुमान गढ़ी कनखल में स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कमलेश अग्रवाल की स्मृति में आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन नगर विधायक मदन कौशिक ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 90 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जबकि विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में दो सौ से अधिक मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गयी।

शिविर के आयोजन के लिए वी केयर डायग्नोस्टिक कमलेश मेमोरियल अस्पताल के संचालक विवेक अग्रवाल की सराहना करते हुए विधायक मदन कौशिक ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करने के लिए अपनी जिम्मेदारी स्वयं समझनी चाहिए। रक्तदान से ही रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है। एक ही छत के नीचे चिकित्सकों द्वारा रोगियों को परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है। इस तरह के शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी होते हैं। विवेक अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें न्यूरो डा.गौरव सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.वसुंधरा, जर्नल सर्जन डा. राजकुमार, त्वचा रोग विशेषज्ञ डा.नेहा एवं फिजीशियन राजीव कुमार ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। पार्षद परमिन्दर गिल व अतुल गर्ग ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर समय-समय पर लगाए जाने चाहिए। रक्तदान को लेकर लोगों में भ्रांतियां बनी रहती हैं। रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का संचार होता है। जिससे कई रोग दूर होते हैं और स्वास्थ्य बेहतर होता है। इस अवसर पर पार्षद सुनील अग्रवाल गुड्डू, भूपेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, सचिन अग्रवाल, मुकुल पराशर, रामकुमार अग्रवाल, राजेंद्र गुरूंग, गगन गुप्ता, सुशील कोठियाल, शुभम शर्मा, मनोज सिंघल, मनोज सिंघल, हरवेंद्र, विक्की, हीरा बिष्ट, सोनी राजपूत, भावना शर्मा, योगेश कुमार, कीर्ति आदि शिविर के आयोजन में सहयोग किया।



# दीवारों पर ना बनाएं जाएं ईष्ट देवों के चित्र : कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि डाम कोठी से शंकराचार्य चौक मार्ग के समीप बनी दीवार पर भगवान एवं इष्ट देवों के चित्र बनाए गए हैं, जो कि गलत है। कुछ दिन बाद ही लोग दीवारों को खराब कर देते हैं। दीवारों पर पान गुटका थूकते हैं। चित्र दीवार के काफी नीचे बनाए गए हैं। जिससे दीवार पर बने देवी देवताओं के चित्रों का अपमान होने की संभावनाएं बनी रहती है। पंडित अधीर कौशिक ने मांग की कि उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता को चित्रों के माध्यम से दर्शना चाहिए। गंगा स्वच्छता निर्मलता साफ सफाई से संबंधी बातें लिखी जानी चाहिए। भगवान एवं इष्ट देवों के चित्र दीवारों पर ना बनाए जाएं। संबंधित विभाग के अधिकारी इस और ध्यान दें। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि धर्मनगरी की मान मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी की भी भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। भगवान एवं इष्ट देवों को चित्र ऐसे स्थान पर ना बनाए जाए। जहां लोग गंदगी ना करें। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उत्तराखंड के मनमोहन दृश्य, प्राकृतिक सुंदरत,ा पक्षियों के चित्र दीवारों पर बनाया जाना उचित है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दीवारों पर भगवान एवं इष्ट देवों के चित्र नहीं बनने चाहिए। वरना हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# भू कानून लागू करने पर साधुवाद के पात्र हैं सीएम धामी : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने उत्तराखंड में नया भू कानून लागू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने सख्त भू-कानून लागू किए जाने का स्वागत करते हुए प्रदेश की धामी सरकार को साधुवाद और आशीर्वाद देते हुए कहा कि भू-कानून से पहाड़ों की पलायन की समस्या दूर होगी। पहाड़ों में जमीन बेची जा रही थी। जमीन की गलत तरीके से खरीद फरोख्त पर रोक लगने से पहाड़ों पर कृषि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भू कानून लागू होने से उत्तराखंड की संस्कृति का सरंक्षण होगा। राज्य के मूल स्वरूप की रक्षा होगी। राज्य भूमाफियाओं के चंगुल में जाने से बचेगा। पर्वतीय जनपदों में डेमाग्राफी चेंज पर भी रोक लगेगी। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने हरिद्वार और उधम सिंह नगर को भू कानून से बाहर रखे जाने का भी स्वागत किया और कहा कि हरिद्वार और उधम सिंह नगर को भू-कानून से बाहर रखे जाने से दोनों जनपदों में औद्योगिकीकरण बढ़ेगा।

# गांजे समेत तस्कर दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नशीले पदार्थो की तस्करी व बिक्री रोकने लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिडकुल पुलिस ने गांजे समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए थाना पुलिस टीम ने राजा बिस्कुट कंपनी के पीछे से मनोज सिंह पुत्र जल सिंह निवासी पाल मेडिकल वाली गली रावली महदूद को दबोच लिया। उसके कब्जे से 1 किलो 330 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसओ मनोहर सिंह भंडारी, एएसआई सुभाष रावत, कांस्टेबल दीपक दानू, अनिल कंडारी शामिल रहे।

# मोती बाजार में दुकान में लगी आग

## फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बीती रात नगर कोतवाली अंतर्गत मोती बाजार में एक दुकान में आग लग गयी। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान फायर कर्मियों ने पांच लोगों को सकुशल बचा लिया। लेकिन दुकान में रखा लाखों रूपए का सामान जल कर राख हो गया। बीती रात करीब साढे दस मोती बाजार ठंडे कुंए के पास एक दुकान में आग लग गयी। आग तेजी से दुकान के ऊपर बने घर तक पहुंच गयी। घर में करीब पांच लोग मौजूद थे। आग दुकान के निकट सिखौला भवन धर्मशाला तक फैलने लगी। धर्मशाला में 40-50 कांवड़ यात्री ठहरे हुए थे। लोगों के सूचना देने पर मायापुर फायर स्टेशन से तत्काल फायर यूनिट मौके पर पहुंची। आग की विकरालता को देखते हुए रूड़की व सिडकुल से भी फायर यूनिट को मौके पर बुलाया गया। फायर कर्मियों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। घटना स्थल का रास्ता संकरी गली से होने के कारण फायर टेंडर को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। लेकिन तमाम बाधाओं को पार पाकर मौके पर पहुंची टीम ने बहुत बड़ी दुर्घटना होने से टाल दी।




# पतंजलि विवि में किया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में रविवार को वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय' के अंतर्गत 23 से 27 फरवरी तक चलने वाले 'नॉक-आउट' खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर पतंजलि विवि के कुलसचिव आलोक कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आत्मानुशासन, सहयोग और खेल भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेलों को अनुशासन, समर्पण और सौहार्द के साथ खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की राष्ट्र के विकास में युवाओं की अहम भूमिका है। युवाओं का सर्वांगीण विकास खेलों के अभाव में संभव नहीं है। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक आर्षदेव ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों से आक्रामकता के साथ-साथ जीत के लिए खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेल केवल भागीदारी तक सीमित नहीं हैं। बल्कि लक्ष्य को प्राप्त करने की मानसिकता भी उतनी ही आवश्यक है। खिलाड़ी खेल भावना को बनाए रखते हुए अपने श्रेष्ठतम प्रदर्शन के लिए प्रयास करें। प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन जैसे खेलों को शामिल किया गया है। पहले दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। इस नॉकआउट प्रतियोगिता के विजेता आगामी 28 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय' के फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। इस दौरान विभिन्न खेलों के निर्णायक मुकाबले खेले जाएंगे और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक डा. भागीरथी ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में टीम वर्क, सहनशीलता और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस मौके पर पतंजलि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा.ए.के. सिंह , डीन छात्र-कल्याण डा.बिपिन दूबे सहित सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# योग के वास्तविक स्वरूप को जन-जन तक ले जाने की आवश्यकता : प्रो. सुसुब्रमण्यम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार में इंडियन एसोसिएशन ऑफ योगा और योग विज्ञान विभाग उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में प्रमुख रूप से डा. पीसी मालसे व डॉ. अमरजीत यादव के विशिष्ट व्याख्यान हुए। द्वितीय सत्र में कुमारी नीलू, दिशा देवी, चेतना पांडे, चंद्रकांत, भूपेंद्र, भानु प्रिया, ए लॉर्ड मारिया, विनीता यादव, अनुष्का सैनी आदि ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर सरस्वती काला और डा. सोमलता झा की, द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र में स्वामिनी शंकरी, साक्षी शर्मा, एस वेलविझी, आदर्श श्रीवास, ज्योति गुप्ता, भाविशा, गोविंद सिंह, सागर आदि ने अपने शोध पत्र का वाचन किया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर सुरेश वर्णवाल, डा. नरेंद्र सिंह, डा.उधम सिंह ने की।

समापन सत्र में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रघुनाथ कीर्ति परिषद केंद्रीय विश्वविद्यालय देव प्रयाग परिसर के निदेशक प्रो. पी. वी. बी. सुब्रमण्यम सुब्रमण्यम ने कहा कि योग के वास्तविक स्वरूप को जन-जन तक ले जाने की आवश्यकता है इसमें सभी योग संस्थाओं को एक मिलकर काम करना होगा। साथ ही कहा कि भारतीय जीवन शैली योगमय है इसी कारण पाश्चात्य जगत की तुलना में भारतीय लोगों में मानसिक तनाव कम है।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संस्कृत शिक्षा सचिव दीपक गैरोला में कह कि हम संस्कृत के छात्रों को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहें हैं। साथ ही कहा कि संस्कृत का एक भी छात्र बेरोजगार नहीं रहना चाहिए इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। इसमें विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल सक्रिय भूमिका में सहयोग का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और आईआईटी रुड़की के वैज्ञानिक मिलकर एआई संस्कृत पर काम कर रहे हैं और जल्दी इस पर दोनों संस्थानों को इस प्रोजेक्ट में सफलता हासिल होगी। साथी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में बढ़ते मोटापे को नियंत्रित करने की सलाह दी है विश्वविद्यालय योग विज्ञान विभाग को योग में यम, नियम पर मोटापा घटाने के लिए एक पैकेज बनाने निर्देश दिया। इसके बाद अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश शास्त्री ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है इसी कड़ी में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और स्वामी विवेकानंद योग संस्थान बेंगलुरु ने एक एमओयू साइन किया है जिसमें कि दोनों विश्वविद्यालयों के रिसर्च स्कॉलर और अन्य छात्र- छात्राएं , शिक्षक एक दूसरे के विश्वविद्यालयों का शैक्षिक भ्रमण कर सकेंगे। साथ ही योग से जुड़े नए अनुसंधानों पर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मंच का संचालन डा. विनय शेट्टी ने किया

इस अवसर पर डा. उमेश शुक्ल, डा. शिवचरण नौडियाल, डा. अनूप बहुखंडी, प्रतिभा सिंह, डा. ललित शर्मा डा. महेश भट्ट, डा. अनुपम कोठारी, डा. अंजना, डा. मोहित सैनी, मीमांसा सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, दिशांत शर्मा, आशीष पंवार, सौरभ शर्मा, पीयूष मलिक आदि उपस्थित रहे।



बालाजी इंस्टीट्यूट एंड हास्पिटल का लोकार्पण एवं चिकित्सक सम्मान समारोह आयोजित

# अस्पताल में मरीजों को मिलेगा सस्ता इलाज: डा. केपीएस चौहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इएमए के सौजन्य से रविवार को अलीपुर स्थित बालाजी इंस्टीट्यूट एंड हास्पिटल का लोकार्पण एवं चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ इंटरनेशनल काउंसिल आफ स्पेजरिक मेडिसिन तथा अमेरिकन न्यूट्रीशनल मेडिकल एसोसिएशन यूएसए के चेयरमैन डा.देवाशीष कुंडु, केंद्रीय चिकित्सा परिषद आफ इएच मेडिसिन दिल्ली के रजिस्ट्रार डा. एमआई खान तथा इएमए इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बीआई एंड हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. केपीएस चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा. देवाशीष कुंडु, डा.एमआई खान ने बालाजी इंस्टीट्यूट एंड हास्पिटल का लोकार्पण भी किया। डा.चौहान ने बताया कि बालाजी इंस्टीट्यूट एवं हास्पिटल मे साध्य, असाध्य एवं सभी जटिल, रसोली, ट्यूमर, पथरी एवं क्रिटिकल बीमारियों का सस्ता इलाज बिना सर्जरी से एडवांस स्पेजरिक मेडिसिन से किया जायेगा। डा.चौहान ने यह भी बताया कि अस्पताल में नैदानिक परीक्षण नि:शुल्क किये जायेंगे। डा.देवाशीष कुंडु ने कहा कि रेटिना स्केन ( आइरिस एनालाइसिस) जांच तकनीक तथा स्पेजरिक मेडिसिन रोग को ठीक करने के साथ ही शरीर को न्यूट्रीशन भी प्रदान करती है, से इलाज केवल इसी हास्पिटल में किया जायेगा। डा.एमआई खान ने कहा कि इएमए द्वारा बालाजी इंस्टीट्यूट एवं हास्पिटल खोले जाने से बहादराबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के साथ साथ यहां की जनता को एडवांस स्पेजरिक मेडिसिन से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लाभ लेने की सुविधा मिलेगी। डा. खान ने यह भी कहा कि उत्तराखंड राज्य में यह पहला अस्पताल स्थापित किया गया है। जहां एडवांस स्पेजरिक नेचुरल औषधियों से कम खर्च में मरीजों का इलाज किया जायेगा। डा.कुंडु ने डा.चौहान को दो पुस्तके भी भेंट की। समारोह में डा.एमटी अंसारी एवं डा.एसपी डोभाल को अवार्ड आफ एक्सीलेंस, डा.देबाशीष कुंडु, डा.एमआई खान को अवार्ड आफ ऑनर, डा.सुनील अग्रवाल, डा.एनएस टाकुली, डा. अमरपाल अग्रवाल, डा.सुरेंद्र गुज्जर, डा.महेश कोरी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा अवार्ड आफ एप्रिसिएशन एवं बेस्ट प्रेक्टिशनर अवार्ड प्रदान किए गए।




# उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन एवं नवोदय सहयोग ट्रस्ट ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा नवोदय सहयोग ट्रस्ट के सहयोग से एचएमजी जिला अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन के ट्रस्टियों और नवोदय सहयोग ट्रस्ट के सदस्यों ने रक्तदान शिविर के आयोज में सहयोग दिया। शिविर में हरिद्वार में रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़े माधुर वसन का विशेष योगदान रहा। उनकी प्रेरणा से कई रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक टीम के डा.रविंद्र चौहान, महावीर चौहान, नरेंद्र चौहान, सुश्री रैना नैयर, बेबी सैनी, दिनेश लखेड़ा, वार्णिक चौधरी, सतीश चंद, रजनी अग्रवाल, अकलीम अंसारी, बेबी, सिमरन, मुकेश कुमार, मनोज चमोली ने शिविर में रक्तदान प्रक्रिया को सुचारू और सुरक्षित रूप से संचालित किया। आयोजन समिति की और से ब्लड बैंक टीम और रक्तदाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन के ट्रस्टी एवं अध्यक्ष डा.मुकुल बेंजवाल ने बताया कि उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन करने की योजना बना रहा है। साथ ही रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने और भविष्य में आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग के लिए एक समर्पित रक्तदाता डेटाबेस तैयार करने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस दौरान उत्कर्ष स्पोर्ट्स फेडरेशन के ट्रस्टी एवं अध्यक्ष डा.मुकुल बेंजवाल, सचिव राहुल बत्रा, उपाध्यक्ष प्रियांगी नैथानी, कोषाध्यक्ष ऋतिक त्रिपाठी, संरक्षक हीरा बल्लभ जोशी, कार्यकारी सदस्य एवं नवोदय सहयोग ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल अरोड़ा मौजूद रहे।



# महासू महाराज मंदिर हनोल में मुख्यमंत्री धामी ने की पूजा अर्चना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हनोल स्थित विश्व प्रसिद्ध महासू महाराज एवं बाशिक महाराज महेंद्रथ में पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली तरक्की एवं प्रगति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर का भ्रमण किया एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामवासियों से महासू महाराज मंदिर परिसर के पुनर्निर्माण के संबध में भी सुझाव लिए। उन्होंने कहा स्थानीय जनता की भावनाओं के अनुरूप ही मंदिर का पुनर्विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने महासू मंदिर परिसर में महासू महाराज, पवासी महाराज, बशीक महाराज के मंदिर मास्टर प्लान ले आउट का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा



हमने महासू महाराज के परिसर को भव्य और दिव्य बनाना है। जिससे आने वाले समय में देश भर से यहां श्रद्धालु आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा महासू देवता का मंदिर हमारी आस्था का बड़ा केंद्र है। महासू महाराज की महिमा को जन जन तक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है।

## हनोल में रात्रि विश्राम करेंगे मुख्यमंत्री

प्रसिद्ध महासू महाराज के दर्शन करने पहुंचे मुख्यमंत्री हनोल में ही रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान हनोल क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी जन समस्याएं सुनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा हनोल क्षेत्र सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है। यहां आकर मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा यह स्थान हमारी देवभूमि का प्रमुख एवं पवित्र स्थान है। इसका विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार हनोल क्षेत्र में होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करेगी। जिससे यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा हमने जौनसार बावर की संस्कृति का भी व्यापक प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने कहा आने वाले समय में राज्य सरकार महासू महाराज मंदिर के साथ ही हनोल क्षेत्र में अन्य मंदिरों का भी चरणबद्ध तरीके से विकास करेगी।

## निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का तृतीय चरण

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** संत निरंकारी सत्संग भवन विकासनगर द्वारा 'अमृत प्रोजेक्ट' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तीसरे चरण का शुभारम्भ यमुना तट के हरी घाट एवं श्मशान घाट हरिपुर बाढ़ वाला पर किया गया। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना समस्त भारतवर्ष के 27 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट अमृत के दौरान सुरक्षा के हर वैधानिक मापदण्ड का उचित रूप से पालन किया गया। जिसमें संत निरंकारी सत्संग भवन विकास नगर के सेवादल एवं निरंकारी स्वयंसेवक ने किया। कार्यक्रम के उपरांत ब्रांच विकासनगर के मुखी नरेंद्र कुमार राठौर ने सफाई कार्यक्रम में आए सभी निरंकारी सेवादारों का एवं नगर पालिका और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# राज्य आंदोलनकारियों ने मंत्री को दी मर्यादा में रहने की नसीहत

## लगातार पहाड़ विरोधी मानसिकता रखते आ रहे हैं वित्त मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** पहाड़ विरोधी बयान देने पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारीयों ने सेलाकुई में वित्त मंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी

- वित्त मंत्री का आचरण पहाड़ विरोधी बर्दाश्त नहीं करेंगे उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी

अमित पवार ने कहा कि यह कोई पहला हमला नहीं है, पहाड़ी अस्मिता पर इससे पहले भी प्रेमचंद अग्रवाल कई बार पहाड़ी अस्मिता पर हमला कर चुके हैं यहां तक की है अभी कई बार पहाड़ी समुदाय के साथ मारपीट भी कर चुके हैं, जबकि उनकी अपनी विधानसभा सीट पूर्ण



रूप से पहाड़ पर आधारित है और उनका वोट बैंक भी पहाड़ी मूल का है, इसके बावजूद भी प्रेमचंद अग्रवाल हमेशा पहाड़ विरोधी बयान देते रहते हैं। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश तिवारी ने कहा कि यदि प्रेमचंद अग्रवाल संपूर्ण पहाड़ी समाज से माफी नहीं मांगते हैं तो उनका संपूर्ण राज्य में विरोध किया जाएगा और साथ ही साथ भाजपा की सरकार को भी ऐसे मंत्री को उत्तराखंड सरकार से बर्खास्त कर देना चाहिए। गुस्साये उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारीयो ने प्रेमचंद अग्रवाल के पुतले को आग के हवाले कर अपना रोष दर्ज कराया। विरोध करने वालों में चमन सिंह मानोगे, अमित सिंह नेगी, द्वारिका सेमवाल, सुमित मेहरा, चरण सिंह कोटियाल, हरीश बिष्ट, संजीव उपाध्याय, अशोक नेगी, जसवीर राणा, हेमंत बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण और स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : नरेंद्र सिंह नेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला!** स्वच्छ जल-स्वच्छ मन "अमृत परियोजना" के तहत संत निरंकारी मिशन डोईवाला और नगर पालिका परिषद के सहयोग से जल को स्वच्छ रखने एवं जल का संरक्षण करने हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन कर सोंग नदी किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया! स्वच्छता अभियान में पहुंचे पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु देशभर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया! जल संरक्षण और स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है! जल के बिना सभी का जीवन असंभव है! शाखा मुखी गोपाल गुरुंग ने कहा कि संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देश में तीसरे चरण का "अमृत परियोजना" का आयोजन हुआ है, नदियों, झीलों, तालाबों और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल, स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके! स्वच्छता

- सोंग नदी मे संत निरंकारी मिशन और नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में चला स्वच्छता अभियान

अभियान में सफल बनाने में नगर पालिका परिषद मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन रावत, सभासद अमित कुमार, प्रकाश कोठारी, नगर पालिका सफाई सुपरवाइजर नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, अनुज कालरा, संदीप कुमार, अशोक, आशीष कठेंत, विकास मिश्रा, राजकुमार, ईशा, भागीरथी, दुर्गेश, सूरज, नरेश, हरि, उषा, निशु के अलावा संत निरंकारी मिशन स्वयंसेवक और नगर पालिका सफाई कर्मचारी मौजूद रहे!

# टाइम्स वर्ल्ड स्कूल में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** टाइम्स वर्ल्ड स्कूल विकासनगर में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, भौगोलिक दर्शन, अर्थ व्यवस्था एवं इतिहास संबंधी विभिन्न मॉडलों एवं अपने उच्च कोटि के प्रस्तुतीकरण से सभी का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने कक्षा वार अलग-अलग प्रांत की वेशभूषा, बोली भाषा व वहां के खान-पान को भी दशार्या तथा स्वयं उसी प्रांत की वेशभूषा में नजर आए। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक जशनदीप सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका विकासनगर धीरज बॉबी नौटियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। जशनदीप ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति की विविधताओं से परिचित कराना एवं बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाना है। वहीं मुख्य अतिथि धीरज बॉबी नौटियाल ने बच्चों के आत्मविश्वास एवं विद्यालय के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में कोऑर्डिनेटर गुरनाज, प्रधानाध्यापिका बनमीत कौर एवं अध्यापिकाओं गगनदीप, मनप्रीत, नेहा, शिवानी, अवलीन आदि का मुख्य योगदान रहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजय किशोर, शिक्षा विद नवनीत बिजलवान, बलजीत सिंह, राजेश पासी, सुभाष मंगाई, संजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को विकासनगर पुलिस ने लखनऊ से दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। थाना विकासनगर क्षेत्र से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने वाले व्यक्ति को कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा किया लखनऊ से गिरफ्तार कर भेजा जेल। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर 2024 को विकासनगर निवासी व्यक्ति द्वारा थाना में तहरीर दी कि मेरी नाबालिग पुत्री उम्र 17 वर्ष जोकि 14 दिसंबर 2024 को पोंटा गई थी किन्तु अभी तक वापस नहीं आयी है। तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना विकासनगर में तत्काल धारा -137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता की तलाश हेतु टीम गठित की गई। संदिग्ध मोबाईल नम्बरों की जानकारी प्राप्त करने हेतु सर्विलांस टीम की सहायता ली गई। सर्विलांस टीम, सीसीटीवी फुटेज व सुरागरसी, पतारसी करते हुये 22 फरवरी 2025 को सायं करीब 6:.30 बजे पीडिता/अपहर्ता को ट्रांसपोर्टनगर,



मैट्रोस्टेशन के पास, थाना सरोजनीनगर जिला लखनऊ से बरामद कर घटना से सम्बन्धित आरोपी रज्जन द्विवेदी पुत्र चन्द्रेश द्विवेदी निवासी ग्राम दायम पूर्वा थाना थानगावं जिला सीतापुर उ0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया कि वे एवं पीडिता दोनों पोंटा में काम करते थे। जंहा पर दोनों की दोस्ती हुई थी। उसके पश्चात आरोपी द्वारा पीडिता को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। जानकारी करने पर यह भी ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त शादी-शुदा है तथा जिसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने मुकदमा में पीड़िता के बयानों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर धारा -65(1) बीएनएस एवं धारा 5/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी गई है। पुलिस टीम में एसआई विकसित पंवार चौकी प्रभारी कुल्हाल कोतवाली विकासनगर (विवेचक), अ0उ0नि0 नौशाद अंसारी कोतवाली विकासनगर, हेड कांस्टेबल नीरज शुक्ला कोतवाली विकासनगर शामिल रहे।

## एनक्राफ्ट इंडिया ने रक्तदान शिविर का आयोजन

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** एनक्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और ग्राफिक एरा अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एनक्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर ने एक नई मिसाल कायम की। एन्क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए 'ग्राफिक एरा अस्पताल' के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद करना और समाज में जागरूकता फैलाना था। इस आयोजन में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त ऋषिकेश, शैलेंद्र सिंह नेगी कार्यक्रम में शिरक्त की। उन्होंने अपने कहा, ह्लरक्तदान सिर्फ जीवनदान नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है ह्ल इस प्रकार के आयोजन हमें एकजुटता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाते हैं। जनरल मैनेजर एसएस नेगी ने इस महान पहल को संभव बनाने के लिए सीईओ, अवनीश सिंह विसेन के नेतृत्व और दूरदृष्टि को श्रेय दिया।

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

## एसजीआरआरयू में जुटे शिक्षाविद, अलग-अलग विषय पर दिए गए व्याख्यान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय (एसजीआरआरयू) के इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सैन्टर (आई.आई.सी.) के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (इंटैलैक्चुअल प्रोपर्टी राईटस) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के सभागार में शनिवार को इंटैलैक्चुअल प्रोपर्टी राईटस आधारित स्टार्ट अप्स के लिए इनोवेटिव आईडियाज शीर्षक पर आधारित यह राष्ट्रीय कार्यशाला उत्तराखण्ड स्टेट कांउसिल फॉर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (यूकोस्ट), उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से आयोजित की गई। शनिवार को कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूकोस्ट के वैज्ञानिक डॉ. हिमांशु गोयल, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. कुमुद सकलानी, कुलसचिव डॉ. लोकेश गम्भीर व निदेशक, इनोवेशन एण्ड इन्कयूबेशन सैन्टर, प्रो. डॉ. द्वारिका प्रसाद मैठाणी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। डॉ. द्वारिका मैठाणी ने स्वागत अभिभाषण दिया व कार्यशाला के विषय व उद्देश्य के विषय में जानकारी दी। इसके उपरांत छात्राओं ने सरस्वती



वंदना गायन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ. हिमांशु गोयल नें 'आई.पी.आर. मुद्दों और प्रबंधन का अवलोकन' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होने जानकारी दी कि पेटेन्ट, कॉपीराईट व टेज्डमार्क बौद्धिक संपदा (इंटैलैक्चुअल प्रोपर्टी) के ही विभिन्न प्रकार है। उन्होंनें इन तीनों प्रकार के बौद्धिक संपदा के बीच की भिन्नता भी समझाई। इसके उपरांत विश्वविद्यालय के बीस फैकल्टी सदस्यों व छात्र-छात्राओं को उनके बेस्ट इनोवेटिव आइडियाज (सर्वश्रेष्ठ नवाचार विचारों) हेतु स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के इनोवेशन एण्ड इन्कयूबेशन केन्द्र के निदेशक प्रो. डॉ. द्वारिका मैठाणी द्वारा किया गया। मंच संचालन छात्रा अंकिता रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. मनीषा मैद्धली, डॉ.पंकज चमोली, डॉ. मीनू चैधरी, डॉ. पूजा जैन, विश्वविद्यालय के सभी डीन व छात्र-छात्राओं का भी विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के 800 से अधिक फैकल्टी सदस्यों व छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।

## व्यापार मंडल चकराता की नई कार्यकारिणी गठित



**चकराता (शाह टाइम्स )।** स्थानीय व्यापारियों के संगठन व्यापार मंडल चकराता की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। अध्यक्ष के रूप में पुनः केशर सिंह चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि दिनेश चांदना उपाध्यक्ष और रवीश अरोड़ा को सचिव चुने गए हैं। गौरतलब है कि 12 फरवरी को व्यापारियों की 11 सदस्यीय कमेटी ने सर्वसम्मति से केशर सिंह चौहान को दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किया था और उन्हें नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार दिया था। इस क्रम में उन्होंने अपनी टीम की घोषणा की, जिसमें अनिल चौहान को कोषाध्यक्ष, राहुल चौहान और अंकित मोहल को सह-सचिव बनाया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान ने कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए काम करता आया है और आगे भी नई कार्यकारिणी पूरी निष्ठा के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही व्यापार मंडल की एक आम बैठक आयोजित की जाएगी।

# द दून ग्लोकल स्कूल में शैक्षिक प्रदर्शनी व वार्षिक इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन

## डॉ. फारूक ने शिक्षा व चरित्र निर्माण के महत्व को किया रेखांकित

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** द दून ग्लोकल स्कूल ने 'आगाज-ए-हुनर' का आयोजन किया, जो नवाचार, रचनात्मकता और चरित्र निर्माण का उत्सव था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस. फारूक (अध्यक्ष, हिमालय वेलनेस कंपनी), डॉ. तंजीम अली (पीसीएस अधिकारी, आईटीडीए, आरईएपी प्रोजेक्ट अधिकारी) और फरमान इकबाल (मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया) का स्कूल के चेयरमैन इमरान खान एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. फारूक ने शिक्षा (तालीम) और



चरित्र निर्माण (तरबियत) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को रचनात्मकता और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय द्वारा व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन में वैज्ञानिक मॉडल, कलात्मक प्रदर्शन और रचनात्मक परियोजनाएं प्रस्तुत की गईं। साथ ही इंटर-स्कूल ड्राइंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनके विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं जादूगर अध्यापक आसिफ द्वारा विज्ञान शो ने कार्यक्रम में उत्साह और आकर्षण जोड़ा, जिससे छात्रों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को बल मिला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

# मदरसा तालीमुल कुरान प्रतीतपुर में नशे की बुराईयों पर कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** मदरसा तालीमुल कुरान आयशा मस्जिद प्रतीतपुर में एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हजरत मौलाना मोहम्मद ताहिर साहब शैखुल हदीस, मदरसा फैजी हिदायत रहीमी रायपुर जिला सहारनपुर ने की। कार्यक्रम में मौलाना मुफ्ती मोहम्मद इमरान साहब कासमी उस्ताद हदीस दारलूम वकफ देवबंद, मोहतमीम अहमदुल उलूम खानपुर गंगोह ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। मौलाना मुफ्ती मुनव्वर साहब उस्ताद दारलूम निजामिया बादशाही बाग मुफ्ती इमरान ने अपने बयान में कहा है की तालीम (शिक्षा) हमारे बच्चे और बच्चियों के लिए बहुत जरूरी है हमारे बच्चों के अंदर अगर शिक्षा ना आएगी तो बुराइयों में घिर जाएंगे। कहा समाज



नशा हमारे समाज को कर रहा बर्बाद : शैखुल हदीस

में फैली नशे जैसी बुराइयां हमारे समाज को तबाह व बर्बाद कर रही हैं जब इंसान नशे की हालत में होता है ना वह अपनी मां को मां समझता है ना बेटी को बेटी समझता है और ना बीवी को बीवी समझता है।

मौलाना मोहम्मद ताहिर ने 9 बच्चों व बच्चियों का कलाम पाक पूरा कराया। कहा हमारे बच्चे कुरान की शिक्षा से मेहरूम ना रहे। उसके बाद हजरत ने दुआ फरमाई और मुल्क की अमनों सलामती के लिये भी दुआएं की गई। प्रोग्राम में शिरकत करने वालो में मौलाना सऊद साहब, मौलाना तसखीर, कारी अयूब, कारी मोहम्मद तारिक, कारी अब्दुल वाजिद, कारी मो. अरशद, मौलाना जावेद, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती मुनव्वर, मौलाना बाबर हाफिज, इमरान कारी बिलाल, गुज्जर बस्ती प्रतीतपुर हाफिज मुनशाद, मोलाना गुलफाम, कारी फरमान, इजहार इस्लामी, नोशाद चेंची, असलम प्रधान, ताहिर, हाजी मुकर्रम टोडरपुर, असरा पठानपुरा, कल्लू प्रधान, बिलाल और बस्ती के सभी लोगों ने शिरकत की।

## रियाज ने लगातार दूसरी बार पास की नेट परीक्षा

**सेलाकुई (शाह टाइम्स)।** अटकफार्म सेलाकुई निवासी रियासत खान 'रियाज' ने मनोविज्ञान विषय में 6 माह के अंदर लगातार दूसरी बार यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। रियाज की प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती विद्या मन्दिर बाबूगढ़ विकासनगर व इंटर की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज सेलाकुई से हुई, तथा उच्च शिक्षा उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी से पूर्ण की। रियाज ने बताया कि उनका लक्ष्य बाल मनोवैज्ञानिक बनना है जिससे वह बच्चों में उत्पन्न पढ़ाई, खेलकूद व जीवन लक्ष्यों के प्रति बढ़ते तनाव की समस्याओं का समाधान कर सकें, रियाज एक शिक्षक और मोटिवेशनल स्पीकर है, तथा लंबे समय से सामाजिक कार्य और खेलों में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रहे हैं। रियाज ने अपनी सफलता का श्रेय राजकीय इंटर कॉलेज सेलाकुई के शिक्षक दिवाकर थपलियाल, विनोद थपलियाल को दिया।

# पुलिस ने नशा निरोधक समिति के सदस्यों के साथ किया जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश को नशा/ड्रग्स फ्री किये जाने की परिकल्पना को साकार किये जाने क्रम मे श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय उत्तराखण्ड के दिशा-निर्देशानुसार वर्तमान मे सम्पूर्ण उत्तराखण्ड प्रदेश मे समाज मे बढ रही नशे की प्रवृत्ति एवं मादक पदार्थ की बिक्री/तस्करी आदि की रोकथाम किये जाने के अनुक्रम मे श्रिष्ठ पुलिस



अधीक्षक महोदय जनपद देहरादून के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक डोईवाला द्वारा कोतवाली डोईवाला पर थाने पर पूर्व से गठित 'नशा निरोधक समिति' के सदस्यो के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक व व0उ0नि0 डोईवाला द्वारा 'नशा निरोधक समिति' के सदस्यो को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो व मादक पदार्थ सम्बन्धी सूचना के आदान-प्रदान हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अपने-अपने क्षेत्र मे स्थानीय लोगो को नशे की प्रवृत्ति एवं मादक पदार्थ की बिक्री/तस्करी आदि की रोकथाम किये जाने हेतु जागरूक/प्रोत्साहित करने हेतु बताया गया। गोष्ठी मे 'नशा मुक्त उत्तराखण्ड' के स्थापन हेतु उपस्थित सभी लोगो को शपथ ग्रहण करायी गयी।

# सदन का वॉक आउट करते विधायक

■काबीना मंत्री के बयान पर बोले पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

■विस अध्यक्ष पर भी बोला हमला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बयान पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने तीखा हमला किया है। गोदियाल ने कहा कि जब कांग्रेस विधायक को सदन से बाहर जाने के लिए कहा गया, तो उस वक्त कांग्रेस के अन्य विधायकों को भी उनके समर्थन में सदन से बाहर जाना चाहिए था। कहा कि कांग्रेस हमेशा भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ खड़ी रहेगी। रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के उस बयान की आलोचना की, जिसमें कहा गया था कि सदन में राजनीति नहीं करनी चाहिए। गोदियाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि चुने हुए प्रतिनिधि अपनी राजनी. ति कहां करेंगे, क्या वह यह काम नहीं कर सकते जब वह खुद विधानसभा में बैठे हैं? उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी स्वयं सदन में बैठकर राजनीति कर रही हैं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को अपने साथी विधायक के समर्थन में सदन से बाहर जाने के मुद्दे पर उन्होंने विधायकों से अभी तक बात नहीं की है। हालांकि उनका मानना है कि विधायकों को वॉकआउट करना चाहिए था। गोदियाल ने इस विवाद को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पार्टी हमेशा मजबूती से खड़ी रहेगी। वहीं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गो. विंद सिंह कुंजवाल ने भाजपा सरकार के खिलाफ कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि प्रेमचंद अग्रवाल का बयान दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विधानसभा में इस तरह की अपमान. जनक घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने इसे घोर उपेक्षा का मामला बताया और सरकार को जिम्मेदार ठहराया। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, मेयर प्रत्याशी कांग्रेस ललित जोशी, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, एनबी गुणवंत, राजेन्द्र बिष्ट रज्जी, पार्षद भागीरथी बिष्ट, पार्षद रवि जोशी, मलय बिष्ट, पार्षद मुकुल बल्यूटिया, पार्षद एडवोकेट धर्मवीर, पार्षद प्रीति आर्य, हेमंत साहू, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल भोजक, विनोद कुमार पिंनु, लाल सिंह पवार, कोमल जायसवाल, दिवेश तिवाड़ी, मनोज बिष्ट, हिमांशु जोशी, लवेन्द्र सिंह चिलवाल आदि मौजूद रहे।

## घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में घायल बेतालघाट के युवक की सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेतालघाट निवासी ललित कुमार (40) पुत्र टीका राम प्राइवेट नौकरी करता था। बताया जा रहा कि बीते 19 फरवरी को वह बाइक से किसी काम से रामनगर जा रहे थे। तभी देर शाम रानीखेत रोड पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में ललित को उपचार के लिए रामनगर अस्पताल लाया गया जहां से उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। बीते शनिवार की रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## 'दुबई किंग' को कोतवाली में बैठाया

**हल्द्वानी।** शहर के कथित दुबई किंग के साथ पुलिस अधिकारियों की रील बनाने का मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस ने पहली कार्रवाई की है। आरोपी जो एक नाई की दुकान चलाता है, को कोतवाली में बुलाकर घंटों तक बैठाया, माफी मंगवाई गई और फिर पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। साथ ही, उसे भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त हिदायत दी है। बता दें कि आरा. ेपी की नाई की दुकान पर पुलिस महकमे के कई अधिकारियों और कर्मचारियों का आना–जाना है। एसपी से लेकर होमगार्ड तक, कई वर्दीधारी अधिकारी इसके प्रतिष्ठान में देखे गए। आरोपी ने इन अधिका. रियों के साथ कई रील बनाई और उन्हें अपने इंस्टाग्राम चैनल पर शेयर करके रौब जमाता था। मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने स्वतंत्र रूप से संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। एसएसपी पीएन मीणा ने मामले की जांच एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र को सौंपी गई। एसपी क्राइम डा.जगद. ीश चंद्र ने 21 फरवरी से ही मामले की जांच शुरू कर दी थी। हालांकि, जांच शुरू होने से पहले ही आरोपी ने सभी वीडियो अपने चौनल से हटा दिए थे। सूत्रों के अनुसार, दुबई किंग पुलिस अधिकारियों की आड़ में अपने धंधे को चमकाने की कोशिश कर रहा था। यही वजह थी कि वह पुलिस अधिकारियों के साथ रील बनाकर उन्हें वायरल करता था। घटना सामने आने के बाद आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम चैनल से सभी रील्स को तुरंत हटा दिया, लेकिन तब तक वीडियो और फोटो अधिकारियों तक पहुंच चुके थे। जांच शुरू होने पर सबसे पहले दुबई किंग को कोतवाली बुलाया गया। उसे कुछ घंटों तक कोतवाली में बैठाकर पूछताछ की गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने किसी गलत नीयत से वीडियो नहीं बनाए थे। उसने अपने कृत्य के लिए माफी मांगी और भविष्य में ऐसा न करने का वादा किया। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी ने लिखित में माफीनामा दिया है। उसे पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया और सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराए। जांच के दौरान कुछ अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब उनकी रील बन गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच महिला दारोगा को सौंपी गई है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक जिसे शाहिद नाम से जाना जाता है, कारपेंटर का काम करता है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शाहिद ने तीन साल पहले नाम बदलकर उसकी 15 वर्षीय बहन को दोस्ती के बहाने झांसे में लिया और उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने हाल ही में अपने भाई को यह बात बताई। इससे पहले आरोपी शाहिद नाबालिग छात्रा को बाइक पर घुमा रहा था, तभी रास्ते में हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने उसे पकड़ लिया और दोनों को हीरानगर चौकी लेकर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# खड़े ट्रक में घुसी बुलेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात नैनीताल–लालकुआं राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप गौला बाईपास पर एक बाइक सवार युवकों का खड़े डंपर से टकराने का हादसा हो गया। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानक. ारी देते हुए पुलिस ने बताया कि गौलापार बाईपास रोड के पास आंवला गेट चौकी के समीप एक डंपर गौला से रेत और बजरी लेकर आ रहा था। इस दौरान डंपर खराब होने के कारण हाईवे के बीचो–बीच खड़ा हो गया। अंधेरा होने के कारण पीछे से आ रही बुलेट बाइक सवार दो युवक खड़े डंपर से जा टकराए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा और पुलिस को सूचना दी। हालांकि 108 सेवा के आने में देरी होने के कारण पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों घायलों को अपने वाहन से सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। घायल युवकों की पहचान लालकुआं कोतवाली क्षेत्रा के हल्दूचौड़ निवासी राजवर्धन और किरण जोशी के रूप में हुई है। इधर बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि दोनों युवकों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार वालों द्वारा तहरीर मिलने पर डंपर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विज्ञान के रोचक पहलुओं से रूबरू हुए बच्चे

■विज्ञान संचेतना कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय वर्कशॉप का दूसरा दिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) भीमताल द्वारा विज्ञान विषय को छात्रा–छात्राओं के लिए रोचक और बोधगम्य बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यक्रम के दूसरे दिन राजकीय जूनियर हाईस्कूल, जेल रोड में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डायट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित तिवारी और कार्यक्रम संयोजक डा. पूरन सिंह बुंगला ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मिसा. इल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को लघु डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से छात्रा–छात्राओं को दिखाया गया। डा. कलाम के जीवन और उनके आविष्कारों से प्रेरित होकर बच्चे रोमांचित नजर आए। इसके बाद संदर्भ दाता डा.विजेता मनराल ने तितलियों का अद्भुत संसार विषय पर गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। चुंबक की दुनिया के बारे में विभिन्न प्रयोगों के जरिए बच्चों को चुंबक की कार्यप्रणाली और इसके उपयोग के बारे में रोचक ढंग से समझाया गया। वहीं, संदर्भ दाता गीता नेगी ने ड्रोन की बनावट, कार्यप्रणाली और उपयोग के बारे में सचित्रा दीवार पत्रिका के माध्यम से जानकारी प्रदान की। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित तिवारी ने छात्रा–छात्राओं को विज्ञान की पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया और साइंस कॉमिक्स के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डा. पूरन सिंह बुंगला ने उत्तराखंड में पाई जाने वाली विभिन्न औषधीय वनस्पतियों के बारे में उनके प्राप्ति स्थान, पहचान और उपयोगिता को मॉडलों के माध्यम से विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डायट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित तिवारी, डा.पूरन सिंह बुंगला, डा.विजेता मनराल, गीता नेगी, राजीव लॉरेंस, गीता आर्या, मनीष, नितेश, इंशा, रोहित, पीयूष, लक्ष्मी, मंजू सहित कई शिक्षक और छात्रा–छात्राएं मौजूद रहे।

## मेडिकल के आधार पर जमानत में रिहा तस्कर फिर गिरफ्तार

हल्द्वानी। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने एक ऐसे नशा तस्कर को गिरफ्तार किया जो कुछ दिन पहले ही मेडिकल के आधार पर जमानत लेकर जेल से रिहा हुआ था। पुलिस ने तस्कर के पास से 37 नशे के इंजेक्शन, एक फोन, आठ सौ रूपये की नगदी बरामद की है। इसके साथ ही टीम ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि बनभूलपुरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए चैकिंग कर रही थी। पुलिस टीम द्वारा आंवला चौकी से आगे गौलापुल क ओर सड़क किनारे बने यात्री शेड के सामने एक बाइक सवार युवक को शक होने पर हिरासत में लिया। युवक की तलाश लेने पर उसके पास से 37 नशे के इंजेक्शन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद दानिश उर्फ पिडारी निवासी उजाला नगर वनभूलपुरा बताया। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि वह नशे के इंजेक्शन शादाब उर्फ रेहान निवासी बहेड़ी, उत्तर प्रदेश से खरीद कर लाया है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर मोहम्मद दानिश उर्फ पिडारी अभी कुछ दिन पहले ही मेडिकल के आधार पर जेल से रिहा होकर छूटा है और मेडिकल के आधार पर जमानत पर बाहर आने के बाद वह फिर से नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने लग गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर के बयान के आधार पर पुलिस ने शादाब उर्फ रेहान के खिलाफ भी धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रोजेक्ट अमृत के तहत सफाई अभियान शुरू

■चित्राशिला घाट, गार्गी नदी और विद्युत शवदाह गृह पर सफाई की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संत निरंकारी मिशन द्वारा चलाए जा रहे 'प्रोजेक्ट अमृत' के तहत रविवार को 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान का शुभारंभ हुआ। यह पहल परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राज. पिता रमित के आशीर्वाद से शुरू की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड राज्य के दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या ने चित्रशिला घाट, गार्गी नदी और विद्युत शवदाह गृह पर सफाई अभियान के रूप में किया। इस मौके पर दिनेश आर्य ने निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य की सराहना की और कहा कि जैसे हम अपने घरों की सफाई करते हैं, ठीक वैसे ही घाटों की सफाई भी आवश्यक है। सफाई अभियान में लगभग 500 वालंटियर समर्पण के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर मिशन ने बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन को समर्पित करते हुए जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह अभियान देशभर में जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सतगुरु माता सुदीक्षा का यह संदेश है कि हम अपनी धरती को और भी सुंदर रूप में छोड़ जाएं, और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में हल्द्वानी ब्रांच के संयोजक आनंद सिंह नेगी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और निरंक. ारी सेवादल का आभार व्यक्त किया।

# गांधी दर्शन से ही ग्रामीण और सतत् विकास सम्भव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को उत्तराखंड सर्वोदय मंडल द्वारा आयोजित गोष्ठी में कस्तूरबा गांधी के योगदान और गांधी दर्शन पर विचार व्यक्त किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण, गांधी–विनोबा दर्शन पर स्थानीय संसाधनों का सामुदायिक प्रबंधन और सामुदायिक विकास था। गोष्ठी में वक्ताओं ने कस्तूरबा गांधी को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बताते हुए उनके नेतृत्व में महिलाओं द्वारा स्वतंत्राता संग्राम में की गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में द्वाराहाट के प्रसिद्ध सामा. जिक कार्यकर्ता और पानी बोओ, पानी उगाओ आंदोलन के जनक मोहन कांडपाल ने गांधी जी की विचारधारा का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी दर्शन से ही स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग कर हम समुदाय के सतत् विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम के संचालक बच्ची सिंह बिष्ट ने रामगढ़ क्षेत्र में जलसंचय के अनुभव साझा करते हुए कहा कि गांधी के ग्राम स्वराज और सामूहिकता की अवधारणा के माध्यम से ही स्थानीय संसाधनों का उचित प्रबंधन संभव है। उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन ने कस्तूरबा गांधी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी की सफलता में कस्तूरबा का अहम स्थान था। उनका अलग व्यक्तित्व और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था। गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार प्रो. उमेश तिवारी विश्वास, तस्लीम अंसारी, विमला बहुगुणा, जावेद सलमानी, नवाब बानो, इशान प्रदीप कुमार कोठारी, एमसी भण्डारी और रियासत अली समेत कई समाजसेवी मौजूद रहे।

# दो साल बाद फेसबुक से मिले पिता

■देखते ही बेटियों की आंखें छलकीं

■मां का अभी नहीं लग पाया सुराग

**हल्द्वानी।** दो साल तक अपने पिता को खोजने के बाद आखिरकार दो बेटियों को उनके पिता से मिलने का सुखद अवसर मिला। फेसबुक के माध्यम से हुई वीडियो कॉल पर जब बेटियों ने अपने पिता को देखा तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। हालांकि अभी भी उनकी मां का कोई सुराग नहीं मिला है। सब्जी मंडी हल्द्वानी निवासी बसंत बल्लभ भट्ट पंतनगर विश्व. विद्यालय में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत थे। वे अपनी पत्नी रेखा और दो बेटियों, अक्षिता और गुंजन के साथ रहते थे। 2 मई 2022 को बसंत अपनी पत्नी के साथ घर से निकले और फिर कभी वापस नहीं लौटे। इस घटना के बाद परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई, लेकिन दंपति का कहीं पता नहीं चल सका। इस दौरान बेटियों की परवरिश का जिम्मा उनके मामा गिरीश ने संभाला रख था। गिरीश ने न केवल बच्चियों का पालन–पोषण किया, बल्कि उनकी पढ़ाई का भी पूरा ध्यान रखा। आज अक्षिता 12वीं कक्षा में और गुंजन छठी कक्षा में पढ़ रही हैं। ढाई साल बाद, फेसबुक ने बेटियों को उनके पिता से मिला दिया। कोटाबाग की एक संस्था के अध्यक्ष और समाजस. ेवी राहुल पंत ने बताया कि 22 फरवरी को उन्हें अलवर, राजस्थान से एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनके आश्रम में पिछले दो साल से एक व्यक्ति रह रहा है, जो खुद को हल्द्वानी का निवासी बताता है। राहुल ने उस व्यक्ति की फोटो मांगी और उसे फेसबुक पर अपलोड कर दिया। फोटो वायरल होने के चार घंटे के भीतर ही परिजनों तक पहुंच गई। वीडियो कॉल पर जब बेटियों ने अपने पिता को देखा तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। पिता भी अपने आप को संभाल नहीं पाए। हालांकि, अभी भी उनकी मां रेखा का कोई सुराग नहीं मिला है। इस पूरे मामले में समाजसेवी राहुल पंत और उनकी संस्था की पहल ने अहम भूमिका निभाई। अब परिजन पिता को वापस लाने की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन मां के बारे में अभी भी कोई जानकारी नहीं है।

# साहित्य में त्रिपाठी का योगदान सराहनीय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ लेखक और प्रसिद्ध इतिहासकार तारा चंद्र त्रिपाठी के साहित्य पर केंद्रित एक विशेष आयोजन बिजी बीज सिंथिया स्कूल हल्द्वानी में संपन्न हुआ।

क्रिएटिव उत्तराखंड और समय साक्ष्य के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह, पूर्व शिक्षक कपिलेश भोज, इतिहासकार प्रयाग दत्त जोशी और कवयित्री कल्पना पंत सहित कई साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने त्रिपाठी जी के साहित्यिक योगदान पर विचार–विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट और प्रदीप उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर 87 वर्षीय त्रिपाठी, जिन्होंने लेखन के छह दशकों का सफ़र पूरा कर लिया है, का नागरिक अभिनंदन किया गया। चर्चा के दौरान शिक्षा, साहित्य, समाज, इतिहास और पुरातत्व जैसे विषयों पर उनके योगदान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया।

राजीव लोचन साह ने त्रिपाठी को अपने शिक्षक के रूप में स्मरण करते हुए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा की। जबकि कपिलेश भोज ने नैनीताल के रचनात्मक माहौल में त्रिपाठी जी की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं कल्पना पंत ने पिता के रूप में उनके जीवन के व्यक्तिगत पहलुओं को साझा किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में हेमंत बिष्ट द्वारा त्रिपाठी जी का विशेष साक्षात्कार लिया गया, जिसमें आध्यात्म, यात्रा, इतिहास और लोक संस्कृति से जुड़े प्रश्नों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में डा. शेखर पाठक, डा. ललित उप्रेती, जगदीश जोशी, प्रभात उप्रेती, हेम पंत, दयाल पांडे, हिमांशु पाठक, मंजू पांडे, डा. सी. एस. नेगी, परविंद्र रौतेला, प्रदीप पांडे, प्रो. अनिल जोशी, मदन बिष्ट, उमेश तिवारी, दीपक जोशी, पलाश विश्वास, दिनेश पंत, अमृता पांडे, हरीश पंत, बसंत पांडे, गणेश जोशी, त्रिभुवन बिष्ट, दामोदर जोशी, डा. ललित रखौलिया, डा. अशोक उप्रेती, जगमोहन रौतेला, डा. मुकेश कोहली समेत कई विद्वान उपस्थित रहे।

**न्यायालय असिस्टेन्ट कलेक्टर प्रथम श्रेणी श्रीनगर गढ़वाल**

रा0वाद संख्या– 02/2024–25 अन्तर्गत धारा 229 बी उत्तर प्रदेश/ उत्तराखण्ड ज0वि0 एवं भू0 व्य0 अधि0 1950

**वादी**–दिगम्बर सिंह धनाई पुत्र स्व0 गोपाल सिंह ग्राम कोठड पट्टी कटुलस्यूं परगना देवलगढ़ तहसील श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**–महिपाल सिंह पुण्डीर व आदि

**प्रतिवादीगण (आवश्यक पक्षकार)** 1. महिपाल सिंह पुण्डीर पुत्र पदमेन्द्र सिंह 2–जितेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्र सिंह 3–अजीत सिंह पुत्र इन्द्र सिंह 4–भवान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह 5–गणेश सिंह पुत्र चन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम कोठड पट्टी कटुलस्यूँ, तहसील श्रीनगर, हाल हैप्पी होम श्रीकोट गंगानाली पट्टी कटुलस्यूँ, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल तथा प्रतिवादीगण (औपचारिक पक्षकार) 6–जलनिगम पौड़ी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जलनिगम पौड़ी गढ़वाल 7–रूकम सिंह पुत्र शरद सिंह 8–सते सिंह पुत्र शरद सिंह 9– कृपाल सिंह पुत्र कुतरू 10–नागेन्द्र प्रसाद पुत्र गोविन्द प्रसाद 11–धर्म सिंह पुत्र गोकुल सिंह 12–जीत सिंह पुत्र गोकुल सिंह 13–भरत सिंह पुत्र गोपाल सिंह 14–अतर सिंह पुत्र कलम सिंह 15–मथुरा प्रसाद पुत्र तारादत्त 16–जीवानंद, शिवानंद पुत्रगण कुलानंद 17–आनंद सिंह पुत्र उमराव सिंह 18–मोहनी देवी पत्नी चन्द्र सिंह 19–लक्षण सिंह पुत्र चनद्र सिंह 20–बिन्दु देवी पत्नी विक्रम सिंह 21–सुधा सेमवाल पत्नी स्व0 श्रीनंद सेमवाल 22–संजय सेमवाल पुत्र स्व0 श्रीनंद सेमवाल 23–उमेश पोशती पुत्र श्याम सुन्दर 24–विजया नंद पुत्र स्व0 कुलानंद 25–परवेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 रूकम सिंह 26–प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 रूकम सिंह 27–उमा देवी पत्नी स्व0 रूकम सिंह 28–त्रिलोक सिंह स्व0 गोविन्द सिंह 29–गुलाब सिंह स्व0 गोविन्द सिंह 30–पूरण सिंह पुत्र स्व0 गोविन्द सिंह 31–जीत सिंह पुत्र स्व0 गोविन्द सिंह 32–फूला देवी पत्नी स्व0 सते सिंह 33–रधवीर सिंह पुत्र स्व0 सते सिंह 34–मंगल सिंह पुत्र स्व0 सते सिंह 35–शेखर बहुगुणा पुत्र स्व0 जीवानंद 36–सरला बहुगुणा पत्नी स्व0 जीवानंद 37–कुलदीप पंवार पुत्र स्व0 सते सिंह 38–पिंकी पुण्डीर पत्नी स्व0 देवेन्द्र सिंह 39–अंकुर पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह 40–आयुष पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह 41–कमलकान्त बडोनी पुत्र जगदीश प्रसाद 42–देवेश्वरी पत्नी स्व0 चिन्तामणी 43. हीरामणि पुत्र स्व0 चिन्तामणि 44. जीवानंद पुत्र स्व0 चिन्तामणि 45. आनंद प्रकाश पुत्र स्व0 चिन्तामणि 46. पारेश्वर प्रसाद पुत्र स्व0 चिन्तामणि 47. पीताम्बर दत्त पुत्र स्व0 चिन्तामणि 48. अतर सिंह असवाल पुत्र स्व0 कलम सिंह 49. बिजयानंद बहुगुणा पुत्र स्व0 कुलानंद निवासीगण ग्राम कोठड एजेन्सी मोहल्ला पट्टी कटुलस्यूँ तहसील श्रीनगर परगना देवलगढ़ जिला पौड़ी गढ़वाल 50. नगर आयुक्त नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल 51. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलैक्टर जिला पौड़ी गढ़वाल। आपको सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा मेरे न्यायालय में घोषणात्मक वाद 229 बी0 उत्तरप्रदेश/ उत्तराखण्ड ज0वि0 एवं भू0 व्य0 अधि0 1950 के तहत ग्राम कोठड पट्टी कटुलस्यूँ परगना देवलगढ़ तहसील श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल के सा0खा0न0 4 वर्तमान खाता न0–26 में स्थित खेत न0–489 म0 रकवा 0.020 है0 (200 वर्ग मी0) तथा खेत स0–546 म0 3.5 मुठ्ठी (0.004375) है0 कुल रकवा 0.024375 है0 पर भूमिधरी अधिकारों की घोषणा के सम्बन्ध में आपके विरूध एक घोषणात्मक वाद ग्राम कोट्ड पट्टी कटुलस्यूँ तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल की सम्पत्ति के सम्बन्ध में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आपकी जवाबदावा हेतु दिनांक–05.03.2025 की तिथि नियत है। अतः इस विज्ञप्ति प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 05.03.2025 को स्वयं या बजरिये अधिवक्ता के उपस्थित होकर अपना जवाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञप्ति आज दिनांक 21.2.2025 को न्यायालय की आज्ञा व मुद्रा से जारी।

**असिस्टेंट कलैक्टर प्रथम श्रेणी**

श्रीनगर गढ़वाल।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल–9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सौर ऊर्जा को रोजगार का माध्यम बनाने पर जोर

■यूकॉस्ट और वैदेही फाउंडेशन की ओर से कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) और वैदेही फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में खनस्यूँ में सतत ऊर्जा और उसके भविष्य पर कार्यशाला एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. गोपाल सिंह गौनिया और ई–बिट्स के निद. ेशक नरेंद्र सिंह ने सौर ऊर्जा, उसके घटकों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यशाला में ई–बिट्स के निदेशक नरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को संबो. धित करते हुए बताया कि यूकॉस्ट लगातार पर्वतीय क्षेत्रों में स्वरोजगार और वैज्ञानिक प्रशिक्षण के लिए प्रयासरत है, ताकि स्थानीय लोग सतत ऊर्जा के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। वैदेही फाउंडेशन के प्रबंधक बी.एस. गौनिया ने कार्यशाला में प्रतिभागियों और यूकॉस्ट के डीजी प्रोफेसर दुर्गेश पंत का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इतने दूरस्थ क्षेत्र में यूकॉस्ट द्वारा आयोजित यह कार्यशाला ग्रामीण अंचलों में प्राकृतिक ऊर्जा से जीवन और रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कमला भंडारी, लीला देवी, कमला देवी, हेमा देवी, अंजू मटियाली, क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि गोस्वामी, ज्येष्ठ प्रमुख प्रदीप मटियाली समेत कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण, उत्पादन और सौर ऊर्जा से रोजगार के विषय में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भविष्य में सौर ऊर्जा को रोजगार का माध्यम बनाने पर जोर दिया।

**श्री साणेश्वर जनता कन्या जूनियर हाईस्कूल तिलवाड़ा, क्षेत्र अगस्त्यमुनि, जिला रुद्रप्रयाग।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री साणेश्वर जनता कन्या जूनियर हाईस्कूल तिलवाड़ा क्षेत्र अगस्त्यमुनि जिला रुद्रप्रयाग में प्रबंध समिति सभा के सदस्य हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। नवीन प्रशासन योजना के आधार पर नवीन प्रबंध समिति गठन हेतु विद्यालय के सेवित क्षेत्र के महानुभाव सदस्यता शुल्क का बैंक ड्राफ्ट प्रबंधक के पद नाम से जो कि उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक तिलवाड़ा (रुद्रप्रयाग) को देय होगा। बैंक ड्राफ्ट विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर लगाकर आवेदन पत्र के साथ विद्यालय में जमा करें।

सदस्यता शुल्क निम्नवत है।

1 – साधारण सदस्य रू. 501/– 3 वर्ष के लिये
2 – आजीवन सदस्य रू. 5100/– 3 वर्ष के लिये
3 – संरक्षक/संस्थापक/विशेष आजीवन सदस्य रू. 11000/–

**प्रबंधक**
श्री साणेश्वर जनता कन्या जूनियर हाईस्कूल
तिलवाड़ा, क्षेत्र अगस्त्यमुनि, जिला रुद्रप्रयाग।

# कीवी दबदबा कायम रखने बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

● न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर वनडे मैचों में लगातार चार जीत दर्ज की है



**रावलपिंडी, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सोमवार को होने वाले ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम जहां टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय कायम करने उतरेगी वहीं बांग्लादेश पिछले मैच में भारत से मिली करारी हार के बाद वापसी करने मैदान में उतरेगा। न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर एकदिवसीय मुकाबलों में दबदबा बनाए रखते हुए लगातार चार जीत दर्ज की हैं और वह अगले मैच को लेकर उत्साहित है। अब देखना होगा कि टूर्नामेंट में भारत से मिली करारी के हार के बाद बांग्लादेश वापसी कर पायेगा या न्यूजीलैंड अपना दबदबा कायम रखता है। बांग्लादेश पिछले मैच के तौहीद हृदोय के जूझारू शतक को ध्यान में रखते हुए निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर एक बार फिर से अपने अभियान को शुरू करना चाहेगा। वहीं न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लैथम की अगुआई में शानदार बल्लेबाजी की है। मैट हेनरी और विल ओ' रूर्के की अगुआई में उनकी गेंदबाजी इकाई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे बांग्लादेश की कमजोर बल्लेबाजी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, जिससे मध्यक्रम की शुरुआत ही हो गई। न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्हें एक और हार से बचने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 215 रन बनाए हैं और इस दौरान तीन बार नाबाद रहे हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण उन्हें खेल बदलने वाला खिलाड़ी बनाती है। वहीं गेंदबाजों की बात की जाये तो मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाक की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश की चिंता बढ़ सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की जीत संभावनाएँ बहुत अधिक हैं, लेकिन बांग्लादेश को उनके पिछले संस्करण में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए उसे नकारा नहीं जा सकता।

न्यूजीलैंड



बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों का फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए थे

## खेल विशेष

### विराट कोहली वनडे में 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए है। विराट कोहली ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में यह रिकार्ड बनाया। उन्होंने मात्र 287 पारियों में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कोहली ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 350 पारियों में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 378 पारियां अपने 14 हजार रन पूरे किए थे। इसके साथ ही विराट एकदिवसीय इतिहास में 14 हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए। वह जून 2017 में 175 पारियों में आठ हजार एकदिवसीय रन पूरे करने के बाद से हर 1000 रन के मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज रहे हैं।

### रोहित शर्मा ने बनाया लगातार नौ बार टॉस हारने का अनचाहा रिकार्ड

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को एकदिवसीय मैच में लगातार नौ बार टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में रोहित शर्मा ने नौवीं बार टॉस गवांया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस हारने की शुरुआत वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल से हुई थी। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स के नाम 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारने का रिकार्ड था। लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है।

### सुशीला ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता।

# क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है: पीएम



● पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक का जिक्र किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है। इसके साथ उन्होंने राष्ट्रीय खेलों उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के मासिक कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक के रोमांच का जिक्र किया और उत्तराखंड में हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रुप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन के मोटापे को लेकर दिए टिप्प का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में शतक का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भाँति जानते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद एथलीट पूजा और कर्नाटका की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। इन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर सबको चैंका दिया। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोरों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 साल के निशानेबाज गेविन एंटनी, यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी 16 साल की अनुष्का यादव, मध्य प्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा ने साबित किया कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीधी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय ने ये भी दिखाया कि कभी हार ना मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज जी आपका बहुत-बहुत आभार।

# बीएसएफ ने 'बॉड्रमेन मैराथन-2025' का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का आयोजन किया। इस मेगा इवेंट में देशभर से पेशेवर और शौकिया धावकों सहित विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों, सेना, पंजाब पुलिस और नागरिकों (पुरुष और महिलाएं) और विदेशी देशों के एथलीटों ने भाग लिया।

इस मैराथन में तीन श्रेणियां थीं: फुल मैराथन (42-195 किमी), हाफ मैराथन (21-097 किमी) और 10 किलोमीटर रन। मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका उद्देश्य बीएसएफ के सैनिकों और नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भागीदारों और दर्शकों के बीच फिटनेस की भावना का प्रचार करना है। बॉर्डरमेन मैराथन-2025 का उद्घाटन श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, बीएसएफ महानिदेशक ने सुबह पांच बजे अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन गेट से किया। यहां पर श्री सतीश एस. खंडारे, आईपीएस, एमहानिद. ेशक बीएसएफ, डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ पंजाब, श्री एसएस चंदेल, डीआईजी बीएसएफ सेक्टर अमृतसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके बाद, महानिदेशक बीएसएफ ने 21 किमी हाफ मैराथन का शुभारंभ सुबह छह बजे वार मेमोरियल, अमृतसर से और 10 किलोमीटर रन का शुभारंभ 6:30 बजे लाहोरीमल गांव, अमृतसर से किया। श्री दलजीत सिंह ने दौड़ के समापन बिंदु, प्रसिद्ध जेडसीपी अटारी, अमृतसर पर धावकों का स्वागत किया और 'बॉर्डरमेन मैराथन - 2025' के विजेताओं और सभी भागीदारों को पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए, महानिदेशक ने दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व जीवन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने और नशे की लत से दूर रहने के दृढ़ संकल्प को बल दिया।



कुलदीप यादव
तीन विकेट

# दुबई में दमदार मुकाबला

■ बल्लेबाजी करने उतरी पाक के लिए इमाम-उल-हक और बाबर की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े

**दुबई, वार्ता।** कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवह्लद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलद. ीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली।

# मांडविया ने एक बार फिर लोगों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक



■ यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनुषख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर लोगों के फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए साइलक्लग क्लबों के सदस्य, ओलंपिक रोवर अर्जुन लाल जाट, विशेष अतिथि उद्योग निकायों, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फिटनेस ब्रांड डेकाथलॉन, योग भारत तथा माई भारत के सदस्यों के साथ 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की अगवुाई की।

यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मांडविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने मोटापे के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की है, उसमें हमें अपने जीवन में रोजाना फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए एक साथ आना चाहिए। साइकिल चलाना सबसे आसान व्यायाम है और इसका पर्यावरण पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है और प्रदूषण का समाधान है। पहल के महत्व के बारे में सीआईआई के स्पोर्ट्सकॉम के कोषाध्यक्ष विदुषपत सिंघानिया ने कहा कि मैं इस पहल को शुरू करने के लिए माननीय खेल मंत्री को बधाई देता हूं। अच्छा स्वास्थ्य सीधे बेहतर उत्पादकता और उच्च जीडीपी से जुड़ा हुआ है। एक उद्योग निकाय के रूप में हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक कॉरपोरेट फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से जुड़ें और इस आंदोलन का समर्थन करें। फिक्की की खेल समिति की सचिव नेहा रस्तोगी माथुर ने कहा कि यह खेल मंत्री की एक बेहतरीन पहल है और हम आज इस अभियान का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं।

साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है, यह आसान, सरल और एक पारिवारिक गतिविधि है जिसे अलग-अलग पीढ़ियों के लोग एक साथ कर सकते हैं। ओलंपियन अर्जुन लाल जाट ने कहा कि प्रतिभागियों का उत्साह बहुत बढ़िया है और एक एथलीट के तौर पर मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग रविवार की सुबह बाहर निकले और फिटनेस के लिए समय समर्पित किया। फिट रहना कोई विकल्प नहीं है, यह सभी के लिए अनिवार्य है और फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के लिए एक शानदार प्रेरणा है।

# भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किए मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

# उत्तराखंड ने जीता अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तराखंड के मान सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 2025 पुरुष वर्ग तथा भागीरथी बिष्ट महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

यहां आयोजित मैराथन में 35 वर्षीय शीर्ष धावक मान सिंह 2:15:24 समय के साथ शीर्ष पर रहे। वहीं प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तराखंड की भागीरथी बिष्ट ने 02:48:59 के समय के साथ महिला वर्ग का शीर्ष सम्मान हासिल किया। ठाकोर भारतजी (02:49:16) समय के साथ दूसरे और अश्विनी (02:50:48) समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पद्मश्री पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अलजक्य रहाणे ने देश के विभिन्न हिस्सों से आये 25 हजार से अधिक दौड़ को हरी झंड़ी दिखाई।

इस अवसर पर गोपी चंद ने कहा कि मैं आयोजकों, प्रायोजकों और निश्चित रूप से प्रत्येक एथलीट को नई दिल्ली मैराथन को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को समय से नेहरू स्टेडियम पहुंचने में मदद करने के लिए सुबह-सुबह विशेष सेवाएं शुरू की थीं। इसके साथ ही इस मैराथन में गाइड रनर इंडिया के स्वयंसेवकों की सहायता से दृष्टिबाधित धावकों की एक टीम ने भी 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया।

# रुड़की जिला बनाने को लोजमो का प्रदर्शन

## कांग्रेस के चार विधायकों ने भी रुड़की को जिला बनाने की मांग का किया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। कांग्रेस के चार विधायकों ने रुड़की जिले के मुद्दे का समर्थन किया साथ ही भरोसा दिलाया कि आने वाले विधानसभा सत्र में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। वक्ताओं ने इस मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान सहित बड़ा आंदोलन किए जाने की भी चेतावनी दी है। लोकतांत्रिक जनमोर्चा रुड़की की ओर से सिविल लाइन स्थित शहीद चंद्रशेखर चौक पर पूर्व राज्य मंत्री मेला राम प्रजापति की अध्यक्षता में धरने का आयोजन किया गया। लोजमो संयोजक सुभाष सैनी ने कहा कि रुड़की जिला बनाए जाने तक लोजमो का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं से जुड़े मुद्दे पर आज हर कोई चाहता है कि रुड़की जिला बने ।৳ धरना प्रदर्शन में पहुंचे विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि रुड़की जिला बनाए जाने के मुद्दे पर हम लोकतांत्रिक जनमोर्चा के साथ हैं । उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आगामी विधानसभा सत्र में रुड़की जिले के इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाएंगे। अपरिहार्य कारणों से धरना प्रदर्शन में नहीं पहुंच पाए विधायक श्रीमती ममता राकेश, विधायक हाजी फुरकान तथा विधायक इंजी रवि बहादुर ने पत्र भेज कर मोर्चा के ष्रुड़की जिला बनाओष मुद्दे का समर्थन किया तथा भरोसा दिलाया कि आगामी विधानसभा सत्र में रुड़की जिले की मांग के मुद्दे को जोर शोर से उठाया जाएगा।

वक्ताओं में पूर्व सांसद राजेंद्र बाड़ी, वरिष्ठ वरिष्ठ भाजपा नेता हर्ष प्रकाश काला, शिक्षाविद् डॉ रकम सिंह, किसान नेता फरमान त्यागी एडवोकेट, कांग्रेस नेता सलीम खान, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, सफाई कर्मचारी नेता सनाती बिरला, कांग्रेस नेता कलीम खान, आर्य समाज नेता हरपाल आर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता उदय सिंह यादव ने कहा कि रुड़की जिले की न्यायोचित मांग को यदि सरकार जल्दी पूरा नहीं करती तो मोर्चा की ओर से इस मुद्दे पर बड़ा हस्ताक्षर अभियान व बड़ा आंदोलन किए जाने की आवश्यकता है। सभी वक्ताओं ने रुड़की जिले के मुद्दे की मांग पर मोर्चा को अपना समर्थन जारी रहने की घोषणा भी की। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेता श्रवण गोस्वामी,सतीश रोहिला एडवोकेट,किसान नेता चौ ऋषिपाल सैनी ,शिक्षक नेता रियाजुद्दीन, व्यापारी नेता अरविंद कश्यप, व्यापारी नेता कमल चावला,सफाई कर्मचारी नेता सत्यपाल वैद्य, रवि चौटाला, ठाकुर राजपाल सिंह, पूर्व सभासद मौ राशिद, पार्षद चारु, ठाकुर दलजीत सिंह, भूषण त्यागी, युवा नेता मोहित त्यागी, शिवम सैनी एडवोकेट, अंशुल सैनी एडवोकेट, प्रतीक त्यागी एडवोकेट, सुरेश माहेश्वरी एडवोकेट, दरोगा इन्द्रसैन,अजय राठौर, उम्मीद गाजी, व्यापारी नेता प्रवीण माटा, व्यापारी नेता हरीश भारद्वाज, लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, सूरज पंवार, मनीष यादव, जाकिर हुसैन, सुधीर चौधरी, प्रमोद धारिया, भूपेंद्र कुमार,रोहिताश सैनी, विपिन ठकराल, अमित अग्रवाल, राकेश सैनी आदि शामिल रहे



❖जिला बनने तक लोकतांत्रिक जन्ममोर्चा लगातार करता रहेगा प्रदर्शन : सुभाष

❖कांग्रेस विधायकों ने अगले सत्र में रुड़की जिले के मुद्दे को उठाने का दिया भरोसा

## ट्रक यूनियन ने किया शिवभक्तों के लिए भंडारे का आयोजन

**लक्सर।** ट्रक यूनियन पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने कहा कि हमारी ट्रक यूनियन पर करीब 35 वर्षों से शिव भक्तों की सेवा की जा रही है और उनके लिए खाने-पीने ठहरने का भी इंतजाम ट्रक यूनियन के द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा हमारी ट्रक यूनियन हमेशा शिव भक्तों की सेवा करती रहेगी ट्रक यूनियन के कोषाध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग ने कहा कि हम सभी ट्रक यूनियन के मालिक इकट्ठा होकर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव भक्तों के लिए खाने का व ठहरने का इंतजाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा शिव भक्तों की सेवा में ही मेवा है हमारी ट्रक यूनियन हमेशा शिव भक्तों की सेवा करती रहेगी महासचिव अनिल चौधरी ने कहा कि ट्रक यूनियन के सभी सम्मानित सदस्य एक होकर शिव भक्तों के लिए भंडारा करते हैं और इस वर्ष भी ट्रक यूनियन के सभी स्वामी शिव भक्तों की सेवा कर रहे हैं। उपाध्यक्ष सुखवंत सिंह मंत्री देवेंद्र चौधरी जसवीर सिंह आदि ट्रक यूनियन के मालिक मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में महिला उद्यमिता, सशक्त भारत पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** राजकीय महाविद्यालय मंगलौर हरिद्वार के अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत "महिला उद्यमिता एवं कौशल विकास सशक्त भारत के आर्थिक विकास का आधार" विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन का शुभारंभ किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित रही। संगोष्ठी के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर दिनेश शर्मा मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की पहले सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० प्रेमलता कुमारी द्वारा की गई. दीप प्रज्वलन और ईश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस संगोष्ठी की संयोजिका राजकीय महाविद्यालय मंगलौर की अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० रचना वत्स और आयोजन सचिव राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० तीर्थ प्रकाश रहें. आज की संगोष्ठी के प्रथम दिवस की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के हिंदी विभाग प्रभारी डॉ० राम भरोसे द्वारा पहले दिन की रिपोर्ट विस्तार से प्रस्तुत की। इसके बाद कानपुर विश्वविद्यालय के विधि विभाग के शोध छात्र अंशु पांडे द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया. इसके बाद कार्यकम के विशेष अतिथि श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर के अर्थशास्त्र विभाग से पधारे डॉ० अशोक मंडोला ने महिला उद्यमिता के विषय में विस्तार से अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि इस पुरुष समाज में स्त्रियों को अपनी लड़ाई लड़ने के लिए संघर्षमय रहना होगा. महिला उद्यमियों के लिए सरकार कई योजनाओं चलाई जा रही हैं. भारतीय महिला उद्यमी विश्व में एक एक मिशाल बन रही हैं। पूर्व छात्र श्रवण ने भी इस विषय पर अपनी बात रखी. अगले विशेष वक्ता डोईवाला पीजी कॉलेज देहरादून से डॉ० राखी पंचोला ने महिला और कौशल विकास के विषय में अपने व्यक्तव्य में कहा कि महिलायें अपनी कौशल को परिमार्जित करके ही उद्यमिता के योग्य बन सकते हैं और हमारा विकास संख्यात्मक नहीं, गुणात्मक होना चाहिए। इसके बाद कार्यकम के विशेष अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० राम अवतार सिंह ने अपने आशीर्वचन में कहा कि महिलाओं को पुरुषों से कंधे से कंधे मिलाकर चलने के लिए उन्हें खुध्द से आगे बढ़कर आगे आना होगा. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने एनईपी के विषय में बताया कि नेप आज उद्यमिता और कौशल को बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन करती है. उन्होंने अपने व्याख्यान में स्वयं सहायता समूह की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भारत की ग्रामीण महिलाओं में हर आठवी महिला किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न और शाल प्रदान कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार में समस्त सदस्य डॉ दीपा, डॉ कलिका, कार्यालय से श्रीमती दीपा जोशी, पुस्तकालय से श्रीमती सर्मिष्ठ, कु० निर्जेश, फैजान, सूर्या, रोहित, सन्नी के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।




## संत निरंकारी मिशन ने की गंगा घाटों की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संत निरंकारी मिशन की संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजापिता रमित के आशीर्वाद से गगनहर के दोनो ओर के घाटो जैसे रविदास घाट, महर्षि कश्यप घाट, लक्ष्मी नारायण घाट, चोपाटी पार्क, सोनाली पार्क, नगर निगम परिसर आदि मे निरंकारी सेवादार महात्माओ के भाई-बहनो ने सफाई अभियान चलाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणा दायक शिक्षाओ को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था इस दिव्य पल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है नदियों झीलों तालाबों को और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महा अभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की इसी प्रेरणा के साथ इस वर्ष तृतीय चरण की ओर अधिक व्यापक प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया। हरिद्वार क्षेत्र के क्षेत्रीय संचालक एसके कन्नोजिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार क्षेत्र के हरिद्वार मे गंगा के सभी घाटों की सफाई, लक्सर में पश्चिम मोहाली बाणगंगा, गुरुकुल नारसन, और रुड़की के नगर निगम, गंग नहर के रविदास घाट, लक्ष्मी नारायण घाट, महर्षि कश्यप घाट, लक्ष्मी रानी पार्क, चौपाटी कर पार्किंग, आदि सभी स्थानों की सफाई की गयी।

जिसमे निरंकारी सेवादारो एवम संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के स्वय सेवको द्वारा लगभग 13 टन कूड़ा कचरा इकठ्ठा किया गया, नगर निगम रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, ललित मोहन अग्रवाल, एवं नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी, ने संत निरंकारी मिशन की इस महान अभियान के लिए भूरी भूरी सराहना की। कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर करते रहेंगे।



## जनपद की 6 सहकारी समितियों में चुनाव स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उच्च न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार ने जिले की छह समितियों में चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करने का आदेश जारी किया है। उच्च न्यायालय ने एक रिट की सुनवाई करते हुए समितियों में निर्वाचन अधिकारी के तौर पर नियुक्त अशासकीय विद्यालय के शिक्षको को उक्त निर्वाचन के लिए अयोग्य तथा उनके द्वारा की गयी कार्यवाही को अवैध माना है।

जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा जारी आदेश के अनुसार सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण उत्तराखण्ड, द्वारा अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एंव अन्य सहकारी संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 24 और 25 फरवरी को होना है, जिसके अनुक्रम में कार्यालय के द्वारा जनपद की समस्त समितियों में निर्वाचन अधिकारी एंव सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गयी। जिसमें पनियाला समिति में नियुक्त निर्वाचन अधिकारी अरविन्द सैनी, प्रवक्ता, के० एल० डीएवी रूडकी को निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त किये जाने से छुब्ध होकर अखलाक अहमद पुत्र रफीक अहमद ग्राम पनियाला चंदापुर जनपद हरिद्वार द्वारा उच्च न्यायालय नैनीताल में वाद दायर किया गया। जिस पर न्यायालय द्वारा 20 फरवरी को आदेश पारित करते हुऐ अशासकीय विद्यालय के नियुक्त शिक्षको को उक्त निर्वाचन के लिए अयोग्य तथा उनके द्वारा की गयी कार्यवाही को अवैध माना है। वहीं उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा पारित उक्त आदेश के अनुपालन में जनपद की बंजारेवाला, तेज्जुपूर,चुडियाला, पनियाला,मेहवड खुर्द एवं लहबोली के निर्वाचन को तत्काल प्रभाव से न्यायालय में विचाराधीन उक्त वाद के अन्तिम आदेशों तक के लिए स्थगित किया गया है।

## नाली को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**रुड़की।** नाली को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस मौके से पांच लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई और शांतिभंग में चालान कर दिया। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित मिलापगर में नाली निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट और हंगामा हो गया। इस बीच पुलिस मौके से पांच लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि रितिक, महबूब, अरशद खान, शादाब खान निवासी मिलापगर ढंडेरा, सूजल शर्मा निवासी न्यू आदर्श नगर, रुड़की और शुभम सैनी निवासी सलेमपुर, रुड़की का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र ताजिम अली का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने ताजिम अली को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं आज के बाद मेरे पुत्र ताजिम अली के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

श्रीमती रसीली पत्नी स्व. शराफत
नि. ग्राम सुलतानपुर आदमपुर कोतवाली व तहसील लक्सर हरिद्वार।

## आवास विकास में हुआ मेयर अनीता अग्रवाल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आवास विकास वासियों ने नवनिर्वाचित मेयर अनीता अग्रवाल का स्वागत किया। क्षेत्र के लोगों ने समस्याएं बताई और रविवार को भी सफाई करवाने की मांग की। इसके साथ ही बुजुर्गों ने मनोरंजन क्लब खोले जाने की मांग मेयर से की। मेयर ने आश्वासन दिया कि रविवार को भी शहर में सफाई कार्य हुआ करेगा इस पर विचार किया जा रहा है। श्री नीलेश्वर महादेव सेवा समिति एवं आवास विकास वासियों की ओर से मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने फूल मालाओं से नवनिर्वाचित मेयर अनीता अग्रवाल एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ललित मोहन अग्रवाल का स्वागत किया। मेयर अनीता अग्रवाल ने भी सभा में सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मूलभूत समस्याओं को दूर करने के साथ शहर में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। ललित मोहन अग्रवाल ने कहा कि शहर की समस्याओं के लिए 24 घंटे जनता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शहर में जो विकास कार्य पहले नहीं हुआ उसको वह पूरा करेंगे साथ ही जहां पर लाईट नहीं है पार्क में असुविधाएं हैं उनको भी पूरा करने का काम करेंगे। वरिष्ठ नागरिक बीएम शर्मा ने मेयर से सीनियर सिटीजन के लिए मनोरंजन क्लब खोले जाने की मांग की। बीएल अग्रवाल ने आवारा कुत्तों के आतंक की समस्याएं बताई और उसके समाधान की मांग की। कार्यक्रम का संचालन पार्षद राकेश गर्ग ने किया। इस अवसर पर आचार्य रजनीश शास्त्री,बृजपाल सिंह, राजपाल सिंह, क्षेत्रपाल, नरेश शर्मा, सुमन जैन,अर्जुन गुप्ता, सुधीर चौधरी, विभोर अग्रवाल, अमित शर्मा,बी एल अग्रवाल,रामेश्वर मिश्रा, गुलशन वेदी, बीएम शर्मा, राहुल शर्मा, मनोज कुमार, मदन सिंह विष्ट, करण चांदना,सुमित आहूजा, अरुण कुमार मित्तल, उमेश सिंघल, उमेश त्यागी, अशोक आर्य, मदन लाल जैन,रविंद्र सिंह,चरण सिंह,महेंद्र सैनी, आरपी शर्मा, प्रदीप ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



## नशा-जुआ युवाओं व समाज के लिए बड़ा खतरा: एसपी देहात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** किसान मजदूर समिति के पदाधिकारी ने भगवानपुर के शिक्षण संस्थान में नशे के प्रति जागरूकता व रक्तदान शिविर में 120 यूनिट रक्तदान हुआ।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एस.पी.देहात शेखर चन्द्र सुयाल ने कहा कि नशा और जुआ दोनों ही समाज के लिए बहुत बड़े खतरे हैं। ये दोनों चीजें न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर रही हैं बल्कि समाज की सामूहिक सेहत और सुरक्षा को भी खतरे में डाल रही हैं तथा रक्तदान एक पुण्य कार्य है जिससे लोगों के जीवन बचाने में सहायता मिलती है तथा रक्तदान एवं नशा, जुआ मुक्त समाज की स्थापना हेतु गोष्ठी कार्यक्रम करके संगठन द्वारा समाज के लाभ के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। एसपी देहात ने कहा कि नशा व जुआ के कारण समाज में अपराध बढ़ रहे हैं तथा समाज व परिवारों की आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती है, नशा व जुआ नाश की जड़ है जिसके इतिहास में कई उदाहरण हैं तथा सभी धर्मों में नशा व जुआ निषेधित है। इसके लिए सरकार को कल्याणकारी नितियां बनानी चाहिए जैसे शिक्षा और जागरूकता, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भगवानपुरसूर्यभूषण नेगी ने भीरक्तदान देने वाले रक्त वीरों की हौसलाप जाए करते हुए कहा किसमिति का यह है जनहित में अच्छा काम है ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए वहीं कोतवाल ने नशे के प्रति भी लोगों को जागरूक रहने व पुलिस का सहयोग करने की अपील की। संगठन का पांचवा रक्तदान शिविर भी राष्ट्रीय रक्तदान प्रभारी योगेंद्र सैनी के नेतृत्व में मदर टेरेसा ब्लड बैंक रुड़की की संचालिका डॉक्टर नीलिमा एवं उनकी टीम के माध्यम से संपन्न हुआस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महक सिंह सैनी एडवोकेट व प्रवक्ता अरुण कुमार सैनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी गई एवं आशा व्यक्त की गई कि संगठन के साथ मिलकर भारी जनसमर्थन के साथ भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम भी इसी प्रकार सफल होंगे।




## कलियर पुलिस ने पकड़ा एक नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोहलपुर रोड से 4.22 ग्राम स्मेक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मूकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। पिरान कलियर थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम को एसआई वीरेंद्र सिंह नेगी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे।इसी बीच मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि सोहलपुर रोड पर एक व्यक्ति स्मेक बेचने की फिराक में खड़ा है।पुलिस मौके पर पहुंची तो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा।पुलिस ने घेराबंदी कर व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.22 ग्राम स्मेक बरामद हुई ।पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम इखलाक निवासी कलियर बताया। पुलिस ने आरोपी इखलाक निवासी कलियर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मूकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर संविदा बिजली कर्मचारियों की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उतरांचल बिजली कर्मचारी संघ संविदा प्रकोष्ठ की एक बैठक बिजली घर नंबर 6, कॉलोनी स्थित कार्यालय पर मयंक चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन दीपक थापा द्वारा किया गया। बैठक मे प्रदेश महामंत्री द्वारा द्वारा संघटन के चल रहे नियमितीकरण के विषय मे संगठन के साथियो को जानकारी दी गई।

वहीं सरकार द्वारा माननीय न्यायाधिकरण हल्द्वानी, न्यायालय नैनिताल एम सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण नही किया जा रहा है। जिसको लेकर कर्मचारियों में शासन के प्रति गहरी नाराजगी है। बैठक में सचिन चौहान ने कहा गया की इस विषय पर जल्द ही केंद्र कमेटी से वार्ता कर एक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिससे विभाग में कार्यरत साथियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ हो सके एवं कर्मचारियों का भविष्य उज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के समय में इतने कम वेतन में कार्य करना बडा दूरभर हो गया है। लेकिन सरकार इस ओर कोई सकारात्मक कारवाई नही कर रही है। जिससे कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहे हैं। महामंत्री दीपक शांडिल्य ने कहा की यदि सरकार जल्द ही समस्या का समाधान नही करती तो कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बैठक में विकास गुप्ता, मयंक चौहान, निर्भय कुमार, आलोक, दीपक थापा, मुकेश, सर्वेश कुमार एवं कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

## समाज के होनहार व नौकरी पेशाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के मुंडा खेड़ा कला में प्रदेश संगठन मंत्री अमित सैनी के संयोजन में भारतीय राष्ट्रवादी सैनी समाज संगठन के द्वारा एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर राम गोपाल सैनी ने की कार्यक्रम का संचालन संगठन के प्रदेश महासचिव राजीव सैनी ने किया।

इस कार्यक्रम के दौरान विशाल सैनी को सहायक अध्यापक बनने पर सन्नी सैनी को कनिष्ठ अभियंता अस्मिता सैनी को वन दरोगा विपिन सैनी को सहायक अध्यापक शालू सैनीको कनिष्ठ अभियंता सौरभ सैनी को डॉक्टर विशेष सैनीको सहायक कृषि अधिकारी प्रियंका सैनी को सहायक अध्यापक बनने पर अजय सैनी को डॉक्टर बनने पर शिवांशी सैनी को वैज्ञानिक बनने पर अमित सैनी को सहायक कृषि अधिकारीहर्ष सैनी को उत्तराखंड पुलिस और रवि सैनी को डॉक्टर बनने पर संगठन के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया संगठन के द्वारा शिवकुमार सैनी को लक्सर विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया और रवि सैनी को जिला महासचिव हरिद्वार की जिम्मेदारी दी गई संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण सैनी ने इस अवसर पर समाज के सभी प्रतिभावान भाई बहनों को शुभकामनाएं और बधाई दी और उनका संगठन के सिद्धांत और उद्देश्य की जानकारी दी । इस अवसर पर अरुण सैनी राजीव सैनी दीपचंद सैनी अश्वनी सैनी आदेश सैनी संजय सैनी गजसिंह सैनी बालेश सैनी प्रवीण सैनी दिनेश सैनी शुभम सैनी शिवकुमार सैनी अतर सिंह सैनी बाबूराम सैनी विजयपाल सैनी चतर सैनी जयचंद सैनी अशोक कुमार सैनी दीपचंद सैनी मौजूद रहे।




## तमंचा कारतूस सहित फायर झोंकने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा सरे आम फायर कर लोगों में दहशत पैदा करने वाले को गिरफ्तार किया है

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथान ने बताया 11 जनवरी को अर्जुन पुत्र मामचंद निवासी अकोढा खुर्द ने अपने भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की नीयत से फायर करने की घटना के संबंध में पत्र दिया था जिसमें संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया था घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा संज्ञान लेते हुए मुकदमा उपरोक्त मैं अभियुक्त की तुरंत गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा दो को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था अब फरार अभियुक्त के घर दबिश दी गई अब घटना में शामिल मुख्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से अवैध तमंचा जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ उसका नाम विशाल उर्फ विशु पुत्र मुकेश निवासी मुंडा खेड़ा खुर्द कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान कांस्टेबल ध्वजवीर सिंह किशोर नेगी रवि कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

# सम्पादकीय

सोमवार, 24 फरवरी 2025

## ट्रम्प की बयानबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद जल्दबाजी में दिखाई दे रहे है। 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद उनके ताबड़तोड़ फैसले उनकी हड़बड़ी की पुष्टि भी करते है। ताजा मामले में उन्होंने भारत ने वोटर ट्रन आउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने की बात कहकर अमेरिका ही नहीं भारत की राजनीति को भी गरमा दिया है यह बात उन्होंने कई बार दोहराई, लेकिन शनिवार को उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर सन्सनी फैला दी, यू तो भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी (उसैद) से सहायता प्राप्त सात प्रोजेक्ट चल रहे है इनकों 840 करोड़ रुपये मिले है दिलचस्प बात यह है इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर फंड नहीं मिल रहा है। यह खुलासा विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में हुआ है। एक अमेरिका का बड़ा अखबार वॉशिंगटन पोस्ट भी इस समय यह कहता हुआ दिखाई दे रहा है। 2008 के बाद से भारत को उसैद से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को लेकर वर्तमान में किस तरह की सोच रख रहे है। एक तरफ से भारत को मित्र श्रेणी में रखने की बात कहते है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रिय दोस्त बताते है तो वही वह कुछ फैसलों को लेकर भारत को संशय में डालते दिखाई देते है। अप्रवासी के मामले में भी हम देख रहे है। जैसा बरताव उनके साथ किया जा रहा है ऐसी उम्मीद तो कम से कम मित्र देश से नहीं होती। जहां तक दोस्ती निभाने की बात है वह डोनाल्ड ट्रम्प को भारत से सिखने की जरूरत है। भारत ने साफ किया है कि अप्रवासी के मामले में भारत अमेरिका की पूरी मदद करेगा क्यूंकि यह भारत की नीति से भी मेल खाता है, लेकिन लगता है ट्रम्प के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। तभी तो वह भारत का नाम बार-बार लेकर भारत से आयतित उत्पादों पर 100 प्रतिशत टेरिफ लगाने की बात कर रहे है। इतना ही नहीं वह इस बात की भी शिकायत बार-बार करते दिखाई देते है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टेरिफ लगाता है। अब उसैद द्वारा भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 122 करोड़ रुपये का दावा कर उन्होंने भारत के लोकतंत्र को प्रभावित करने की कोशिश की है। क्यूंकि वह अपने बयानों से कोई सबूत नहीं दे पा रहे है ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्यूंकि यह हमारी विश्व में साख का सवाल है। ट्रम्प के आरोपों से साफ पता चलता है कि अमेरिकी प्रशासन हमारे आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने बयान में बांग्लादेश का भी जिक्र किया है और कहा है कि बांग्लादेश को भी अमेरिका की और से 250 करोड़ रुपये दिए गए है उन्होंने यह भी कहा कि यह पैसा वहा राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए लिया गया है। वैसे सच्चाई यह भी है कि दुनिया की बड़ी मजबूत ताकतें दूसरे देशों में राजनीतिक व आर्थिक रूप से हस्तक्षेप करती है और उसके लिए सभी तरीके अपनाती है उसमें नैतिक-अनैतिक कुछ नहीं होता अपना हित ही सर्वोपरी होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति भी इससे इतर नहीं है, बल्कि वह सत्ता में ही यह नारा देकर आए है कि वह अमेरिका को दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। इसी रास्ते पर वह चलते भी दिखाई दे रहे है। हर देश को हक है कि वह अपने हितों को सर्वोपरी रखे, लेकिन एक शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह शौभा नहीं देता कि वह हर देश के साथ जैसे को तैसा शैली में बात करे, लेकिन ट्रम्प यह करते दिखाई दे रहे इसी शैली में बात करते दिखाई दे रहे है जहां तक बात भारत की है विपक्ष ले ट्रम्प के बयानों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस तो इस पूर मामले में सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की बात कह रही है, जो कि सही भी है।

## 'आप' सरकार ने खाली खजाना छोड़ा



भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा, आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा, यह तीन दिनों का सत्र है, तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों, जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी, सदन का पहला सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार-बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णत: खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किए जाएंगे, पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं।

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# कैसे बढ़े राष्ट्रीय उत्पादकता?



**विनीत नारायण**

**एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार दावा कर चुके हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। वहीं अमे. रिका अभी भी पहले नंबर पर है, जिसकी अर्थव्यवस्था की साइज 26.7 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर चीन है और इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 19.24 ट्रिलियन डॉलर है। तीसरे नंबर पर जापान 4.39 ट्रिलियन डॉलर के साथ मौजूद है।

एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। यदि भारत 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने की यदि क्षमता रखता है तो उसके संकेत तभी मिलने शुरू होंगे जब हमारे देश की उत्पादकता में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय उत्पादकता की जब भी बात होती है तो आम आदमी समझता है कि यह मामला उद्योग, कृषि, व्यापार व जनसेवाओं से जुडा है। हर व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मानता है। दूसरी तरफ जापान जैसा भी देश है, जिसने अपने इतने छोटे आकार के बावजूद आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में दुनिया को मात कर दिया है। सूनामी के बाद हुई तबाही को देखकर दुनिया को लगता था कि जापान अब कई वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगा। पर देशभक्त जापानियों ने न सिर्फ बाहरी मदद लेने से मना कर दिया, बल्कि कुछ महीनों में ही देश फिर उठ खड़ा हो गया। वहां के मजदूर अगर अपने मालिक की नीतियों से नाखुश होते हैं तो



काम-चोरी, निकम्मापन या हड़ताल नहीं करते। अपनी नाराजगी का प्रदर्शन, औसत से भी ज्यादा उत्पादन करके करते हैं। मसलन जूता फैक्ट्री के मजदूरों ने तय किया कि वे हड़ताल करेंगे, पर इसके लिए बैनर लगाकर धरने पर नहीं बैठे। पहले की तरह लगन से काम करते रहे। फर्क इतना था कि वे एक जोड़ी जूता बनाने की बजाए एक ही पैर का जूता बनाते चले गए।

इससे उत्पादन भी नहीं रूका और मालिक तक उनकी नाराजगी भी पहुंच गई। जबकि हमारे देश में हर नागरिक समझता है कि कामचोरी और निकम्मापन उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। दफ्तर में आए हो तो समय बर्बाद करो। कारखाने में हो तो बात-बात पर काम बन्द कर दो। सरकारी विभागों में हो तो तनख्वाह को पेंशन मान लो। मतलब यह कि काम करने के प्रति लगन का सर्वथा अभाव है। इसीलिए हमारे यहां समस्याओं का अंबार लगता जा रहा है। एक छोटा सा उदाहरण अपने इर्द-गिर्द की सफाई का ही ले लीजिए। अगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम पर न आयें तो एक ही दिन में शहर नर्क बन जाता है। हमें शहर की छोड़ अपने घर के सामने की भी सफाई की चिन्ता नहीं होती। बिजली और पानी का अगर पैसा न देना हो तो उसे खुले दिल से बर्बाद किया जाता है। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तो दूर उसे बर्बाद करने या चुराने में हमें महारथ है। इसलिए सार्वजनिक स्थलों पर लगे खम्बे, बैंच, कूड़ेदान, बल्ब आदि लगते ही गायब हो जाते हैं। सीमान्त प्रांतों में तस्करी करना हो या अपने गांव-कस्बे, शहर में कालाबाजारी, अवैध धन कमाने में हमें फक्र महसूस होता है। पर सार्वजनिक जीवन में हम केवल सरकार को भ्रष्ट बताते हैं। अपने गिरेबां में नहीं झांकते। देश की उत्पादकता बढ़ती है उसके हर नागरिक की कार्यकुशलता से। पर अफसोस की बात यह है कि हम भारतीय होने का गर्व तो करते हैं, पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों से निगाहें चुराते हैं। जितने अधिकार हमें प्रिय हैं, उतने ही कर्तव्य भी प्रिय होने चाहियें। वैसे उत्पादकता का अर्थ केवल वस्तुओं और सेवा का उत्पादन ही नहीं, बल्कि उस आर्थिक, सामाजिक व्यवस्था से है, जिसमें हर नागरिक अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से कर ले और उसके मन में संतोष और हर्ष का भाव हो। पुरानी कहावत है कि इस दुनिया में सबके लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। पर लालची व्यक्ति के लिए पूरी दुनिया का साम्राज्य भी उसे संतोष नहीं दे सकता। व्यक्ति की उत्पादकता बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि हर इंसान को जीने का तरीका सिखाया जाये। कम भौतिक संसाधनों में भी हमारे नागरिक सुखी और स्वस्थ हो सकते हैं। जबकि अरबों रुपये खर्च करके मिली सुविधाओं के बावजूद हमारे महानगरों के नागरिक हमेशा तनाव, असुरक्षा और अवसाद में डूबे रहते हैं। वे दौड़ते हैं उस दौड़ में, जिसमें कभी जीत नहीं पायेंगे। वैसे भी इस देश की सनातन संस्कृति सादा जीवन और उच्च विचार की रही है। लोगों की मांग पूरी करने के लिए आज भी देश में संसाधनों की कमी नहीं है। पर किसी की हवस पूरी करने के लिए कभी पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हो सकते। इसलिए रूहानियत या आध्यात्म का, व्यक्ति के तन, मन और जीवन से गहरा नाता है। देश में अन्धविश्वास या बाजारीकरण की जगह अगर आधयात्मिक मूल्यों की स्थापना होगी तो हम सुखी भी होंगे और सम्पन्न भी। संत कबीर कह गए हैं 'मन लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पाऊं राम भजन में वो सुख नाहिं अमीरी में'। बाजार की शक्तियां, भारत की इस निहित आधयात्मिक चेतना को नष्ट करने पर तुली हैं। काल्पनिक मांग का सृजन किया जा रहा है। लुभावने विज्ञापन दिखाकर लोगों को जबरदस्ती बाजार की तरफ खींचा जा रहा है। कहा ये जाता है कि मांग बढ़ेगी तो उत्पादन बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेगा तो आर्थिक सम्पन्नता आएगी। पर हो रहा है उल्टा। जितने लोग हैं, उन्हें पश्चिमी देशों जैसी आर्थिक प्रगति करवाने लायक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं और ना ही वैसी प्रगति की जरूरत है। इसलिए अपेक्षा और उपलब्धि में खाई बढ़ती जा रही है।



# गाजा: तबाही के साये में शोध कार्य

**बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है, गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं**

युद्ध, तबाही और अनिश्चितता के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक अपने शोध कार्य जारी रख रहे हैं। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शोध न केवल विनाश के दस्तावेजीकरण और पुनर्निर्माण प्रयासों में मदद करता है, बल्कि मानवीय संकटों के समाधान के लिए भी आवश्यक है। 19 जनवरी को हमास और इस्राइल के बीच अस्थाई संघर्ष विराम से वैज्ञानिकों को स्थिति का आकलन करने का अवसर मिला है।

न्यूरोसाइंटिस्ट खमीस एलसी, जो वर्तमान में घायलों का इलाज कर रहे हैं, युद्ध के प्रभावों को दर्ज करने और प्रकाशित करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इसी तरह, जलवाहित रोगों के विशेषज्ञ सामर अबूजर सुधार व पुनर्निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद, विज्ञान और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के चलते वैज्ञानिकों ने अपना काम जारी रखा है।

युद्ध के कारण गाजा की 22 लाख आबादी में से 90 प्रतिशत बेघर हो गई है। भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो नष्ट हो गई हैं या अत्यधिक सीमित रह गई हैं। बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है। गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं।

गाजा में पानी की स्थिति भी गंभीर है। यहां 97 प्रतिशत पानी भूजल स्रोतों से आता है, जो अत्यधिक असुरक्षित हैं और इनके दूषित होने का खतरा भी है। युद्ध से पहले भी महज 10 प्रतिशत लोगों को साफ पानी मिलता था, लेकिन अब मात्र 4 प्रतिशत लोगों को ही मिल रहा है। टूटी-फूटी सीवेज लाइन के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे डायरिया और हेपेटाइटिस जैसी जलवाहित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

युद्ध के कारण गाजा के 21 उच्च शिक्षण संस्थानों में से 15 बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुके हैं। अस्पतालों की स्थिति भी गंभीर है-लगभग आधे पूरी तरह बंद हैं, जबकि बाकी सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं। कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 11,000 मरीजों को न तो इलाज मिल रहा है और न ही उनके पास विदेश में उपचार का कोई अवसर है। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि सबसे पहले आवास, सीवेज मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करना जरूरी है।

ऑनलाइन-लर्निंग विशेषज्ञ आया अलमशहरावी अस्थाई शिविर और घरों के पुनर्निर्माण के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील कर रही हैं। वे खुद एक बमबारी में बचीं, जिसमें उनके अपार्टमेंट में 30 लोगों की जान चली गई, और अब वे एक शरणार्थी शिविर में रह रही हैं।

भारी विनाश के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक समुदाय का संकल्प अटूट है। वे इस संकट का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं और भविष्य के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साबित करता है कि युद्ध के कठिन समय में भी ज्ञान और शोध को आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**स्रोत फीसर्च**



# आखिर उर्दू से इतनी नफरत क्यों!



**तनवीर जाफरी**

अपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हां हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्राय: हिंदी में ही लिखता पढ़ता हूं। परन्तु शेरो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है, इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात (अमृत) पीकर आई है तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों, राज नेताओं, बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।





मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूंकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिए लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रूपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्तां, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है। इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुए उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुए यह कहा कि-ये अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा। योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है ? क्या उर्दू पढ़कर लोग 'कठमुल्ला' बन जाते हैं ?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर, दया नारायण निगम, जगत मोहन लाल 'रवां', नौबत राय 'नजर', मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क', नाथ मदन सहाय, पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार', राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख्तर, राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद', कृष्ण बिहारी नूर, संजय मिश्रा शौक, राम प्रकाश 'बेखुद', खुशबीर सिंह 'शाद', मनीष शुक्ल, आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर, रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खान, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रघुपति सहाय फिराक, आनंद नारायण 'मुल्ला', ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिए उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओं से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गए हैं। जैसे फैजाबाद, मुगलसराय, इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं।

**( यह लेखक के निजी विचार है )**

# रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से सेहत को मिलते हैं गजब फायदे


हमारे शरीर के पानी बेहद जरूरी होता है। अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से कई बीमारियों से बचाव हो जाता है। पानी के सेवन से स्किन और बाल भी स्वस्थ रहते हैं। यदि आप पानी को सही समय या सही तरीके से पीते हैं, तो आपको कई फायदे मिलेंगे। आइए जानते हैं रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से क्या होता है?

## रोजाना खाली पेट गर्म पानी पीने के फायदे...

- **बेहतर पाचन**
  एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्म पानी पीने से पाचन में सुधार होता है। सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से आपके पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और गट को साफ करता है। गर्म पानी पीने खाना जल्दी से पचता है, जिससे पेट में एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्या से राहत मिलती है। गर्म पानी के सेवन से एंजाइम एक्टिव होते हैं, खाने को पचाने में सहायता करते हैं।
- **टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकाले**
  रोजाना गर्म पानी पीने से शरीर से टॉक्सिक पदार्थों और गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है। वहीं, यह शरीर में जमें टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं, जो ब्लड में सुधार करता है और स्किन को निखरता है।
- **ब्लड फ्लों में सुधार**
  गर्म पानी पीने से शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार बना रहता है। रोज खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर के अलग-अलग अगों तक ब्लड के फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है, इससे शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पौषक तत्व पहुंचते हैं। इससे आपके शरीर में काफी एनर्जी बढ़ती है और आप दिनभर एक्टिव रहते हैं।
- **कंजेशन से राहत**
  खाली पेट गर्म पानी पीने से कंजेशन की समस्या दूर होने लगती है। गर्म पानी पीने से आपके गले और नाक की सूजन कम होती है, इससे आपको काफी आराम मिलता है। इसके अलावा यह म्यूकस को पतला करता है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।










## बिहार के मुख्यमंत्रियों की लिस्ट

- मोहम्मद यूनुस — मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी
- कृष्ण सिंह — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- कृष्ण सिंह — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- दीप नारायण सिंह — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- बिनोदानंद झा — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- कृष्ण वल्लभ सहाय — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- जगन्नाथ मिश्र — भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- कर्पूरी ठाकुर — जनता पार्टी
- रामसुंदर दास — जनता पार्टी
- लालू प्रसाद यादव — जनता दल
- राबड़ी देवी — जनता दल
- नीतीश कुमार — समता पार्टी
- राबड़ी देवी — राष्ट्रीय जनता दल
- नीतीश कुमार — जनता दल (यूनाइटेड)
- जीतन राम मांझी — जनता दल (यूनाइटेड)
- नीतीश कुमार — जनता दल (यूनाइटेड)

# चुनाव से पहले मोदी का मास्टरस्ट्रोक!

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं ऐसे में मोदी कुछ बड़ा कर सकते हैं। मोदी की नजर कहीं ना कहीं नीतीश को पूरी तरह से अपने काबु करने की होगी, क्योंकि नीतीश कुमार कई बार पाला बदल चुके हैं ऐसे में कहीं ना कहीं मोदी के लिए चुनौती है कि NDA को कुछ भी करके मजबूत रखा जाए।

बिहार को 11 साल में क्या मिला?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, प्रति वर्ष 20 करोड़ रोजगार, बिहार को विशेष पैकेज, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, महंगाई पर नियंत्रण जैसे वादे अभी तक अधूरे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि भागलपुर, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर से हवाई जहाज उड़ाने का वादा अब तक क्यों पूरा नहीं हुआ? बिहार में उद्योग लगाने का वादा भी क्यों पूरा नहीं हुआ?

### इन जिलों को सीधा साधेगी भाजपा

किसान सभी जातियों के होते हैं जो अन्न उपजाते हैं। यह इलाका भी कृषि बाहुल्य ही रहा है और यहां कृषि विश्वविद्यालय भी है। भागलपुर के ढाई लाख से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेते हैं। वहीं आसपास के भी जिलों से किसान आएंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूर्वी बिहार-कोसी- सीमांचल के 13 जिलों-भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार और खगड़िया के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर इस किसान सभा का असर पड़ेगा।



## बागेश्वर धाम भी करेगा बिहार में मदद




बिहार दौरे से पहले पीएम बाग्वेश्वर धाम पहुंचे ऐसे में बिहार चुनाव से पहले यहां जाना कहीं ना कहीं भगवा दौर का फायदा लेना हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह छतरपुर पहुंच चुके हैं, जहां उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने यहां बनने जा रहे बालाजी सरकार कैंसर इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया।

## मोदी-नीतीश की वार्ता पर नजर

**दिल्ली की जीत के तुरंत बाद पीएम मोदी व सीएम नीतीश के बीच मुलाकात के कई बिंदु हो सकते हैं। बिहार चुनाव इनकी प्राथमिकता में होगा, अनुमानत: जो सवाल व हालात बिहार की राजनीत के हैं, वह इस मुलाकात के आधार तो बनने जा रहे हैं और मुलाकात के ये बिंदु हैं-**

1. वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की दशा और दिशा पर हो सकती है चर्चा
2. जातीय जनगणना एक बड़ा मुद्दा हो सकता है
3. बिहार चुनाव और चुनावी चेहरा पर खुल कर होगी बात
4. बिहार चुनाव के लिए सीटों की हिस्सेदारी और दलों के हित को देखते सीटों को चिन्हित करने पर हुई बात
5. दावेदारी ठोक रहे साथी दलों के बारे में भी बात करेंगे और सार्वजनिक मंच पर बोलने से बचने के लिए भी बात हुई
6. उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को साधने के लिए भी नए सिरे से बात हो सकती है। जदयू नेतृत्व ने उत्तर बिहार को लेकर पहले से ही काम करना शुरू कर दिया है।
7. बिहार के लिए चुनावी घोषणा से संदर्भ में भी बातचीत हो सकती है।

## मांझी बने पहेली, नाराजगी के बाद अब पीएम मोदी के प्रति समर्पण

जीतनराम मांझी की इमेज बेबाक राजनेता की है। वह बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब पहले नाराजगी और फिर अब पूर्ण समर्पण जताने के बाद यह चर्चा छिड़ गई है कि क्या यह मांझी के बेबाक बोल हैं या रणनीति? इसे चार पॉइंट में समझा जा सकता है।

### बिहार चुनाव से पहले बार्गेनिंग

पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी केंद्र में मंत्री हैं लेकिन उनका और उनकी पार्टी की पॉलिटिक्स बिहार केंद्रित ही रही है।

मांझी की पार्टी विधानसभा चुनाव में 40 सीटों के लिए दावेदारी कर रही है, लेकिन नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की मौजूदगी के कारण इतनी सीटें मिल पाना मुश्किल ही माना जा रहा है। ऐसे में मांझी के हालिया तेवरों को अधिक से अधिक सीटें पाने के लिए प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### चिराग पासवान का बढ़ता प्रभाव

जीतनराम मांझी के तेवरों के पीछे एक वजह चिराग पासवान का गठबंधन में बढ़ता प्रभाव भी बताया जा रहा है। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी, दोनों ही दलित पॉलिटिक्स का चेहरा हैं। बिहार की सियासत में जातीय फैक्टर भी भूमिका निभाते हैं व मांझी मुसहर जाति से आते हैं जो महादलित कैटेगरी में आती है व चिराग की पासवान जाति दलित वर्ग में।

### मांझी पर भारी एलजेपीआर

जीतनराम मांझी की पार्टी पर चिराग की एलजेपीआर भारी पड़ती रही है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (लोकतांत्रिक) को चुनाव लड़ने के लिए केवल एक सीट मिली थी, सीट जहां से खुद जीतनराम मांझी सांसद हैं। वहीं, चिराग की पार्टी के हिस्से पांच सीटें आई थीं। इसके अलावा बिहार से सटे झारखंड में भी मांझी की पार्टी खाली हाथ रह गई थी, जबकि चिराग की पार्टी वहां भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए एक सीट लेने में सफल रही थी। दिल्ली में भी चिराग की पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### मांझी की बेटे को स्थापित करने की चाह

जीतनराम मांझी की कोशिश अपने बेटे संतोष सुमन को बिहार की पॉलिटिक्स में स्थापित करने की है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती दलित पॉलिटिक्स की पिच पर उनके लिए चिराग पासवान और उनकी पार्टी ही है।

यह भी एक वजह हो सकती है कि मांझी कई मौकों पर चिराग से उलट लाइन पर खड़े नजर आए हैं। कोटा के भीतर कोटा को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी मांझी ने स्वागत किया था, समर्थन किया था जबकि चिराग इसके विरोध में उतर आए थे।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

## प्रशांत किशोर भी दिखा रहे दम

चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने ऐलान किया है कि जनसुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। पीके ने पटना के बापू भवन में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया और साफ कहा कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। जनसुराज पद यात्रा के जरिए बिहार को मथने के बाद पीके 2 अक्टूबर को जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने का आधिकारिक ऐलान करने वाले हैं। जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने के ऐलान से पहले प्रशांत किशोर ने बिहार चुनाव को लेकर अपना प्लान साफ कर दिया है। ऐसे में अब बात इसे लेकर भी हो रही है कि सूबे की हर सीट पर उम्मीदवार उतारने जा रहे पीके का बिहार प्लान सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन में किसे और कहां-कहां चोट करेगा?



झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0-9756686426